राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





03 भ्रष्टाचार का भाईचारा वाला गठबंधन... | सर्वे में बड़ा दावा-आगामी आम चुनाव... 12

वर्ष : 11 | अंक : 318 | पटना, मंगलवार, 02 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 29°C

न्यूनतम तापमान 20°C

**बाजार**

सोना 70,665

चांदी 78,900

सेंसेक्स 74,014

निफ्टी 22,462

# ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से किया इनकार

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जिसके बाद ज्ञानवापी में व्यास जी के तहखाने में पूजा जारी रहेगी। वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी के व्यास जी के तहखाने में पूजा अर्चना करने की अनुमति प्रदान की थी। इसके खिलाफ अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हालांकि हाईकोर्ट ने जिला अदालत के फैसले पर रोक से इनकार कर दिया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने भी हाईकोर्ट के फैसले पर रोक से इनकार कर मस्जिद कमेटी को बड़ा झटका दिया है। सोमवार को अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए कि 17 जनवरी और 31 जनवरी के आदेशों के बाद भी मुस्लिम वर्ग द्वारा ज्ञानवापी में



नमाज अता की जा रही है। वहीं हिंदू पुजारी द्वारा भी तहखाने में पूजा की जा रही है। ऐसे में यथास्थिति को बनाए रखना सही है। सुप्रीम कोर्ट ने अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की अपील पर हिंदू पक्ष को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। दरअसल बीती 31 जनवरी को वाराणसी की अदालत ने अपने एक आदेश में हिंदू श्रद्धालुओं को ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा अर्चना करने की अनुमति दी थी। वाराणसी की अदालत के इस फैसले के खिलाफ अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी द्वारा हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। हालांकि हाईकोर्ट ने कमेटी की याचिका खारिज कर दी और जिला अदालत के फैसले को बरकरार रखा। अब हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। जिला अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा नामित एक पुजारी द्वारा व्यास जी के तहखाने में पूजा अर्चना की जाएगी। जिला अदालत में याचिका दायर करने वाले पुजारी ने बताया कि उनके दादा व्यास जी दिसंबर 1993 तक तहखाने में पूजा अर्चना करते थे। हालांकि बाद में इस पर रोक लगा दी गई। जिला अदालत के आदेश के खिलाफ मस्जिद कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद कमेटी को पहले हाईकोर्ट जाने को कहा। अब मसाजिद कमेटी को हाईकोर्ट से निराशा मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट से भी झटका लगा है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुर्मु, मोदी ने उत्कल दिवस पर ओडिशा के लोगों को दी बधाई

नई दिल्ली/भुवनेश्वर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को उत्कल दिवस पर राज्य के लोगों को बधाई दी। सुश्री मुर्मू ने एक्स हैंडल पर कहा, उत्कल दिवस पर लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं। ओडिशा अपनी विशाल प्राकृतिक संपदा और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। यहां के लोगों ने ओडिशा और देश के विकास में महान योगदान दिया है। उन्होंने आगे कहा, ओडिशा ने सदियों से कई शख्सियतें दी हैं, जिनमें आधुनिक भारत के कई निमार्ता भी शामिल हैं। भगवान जगन्नाथ राज्य और यहां के लोगों को अधिक सफलता और समृद्धि का आशीर्वाद दें। श्री मोदी ने एक्स पर कहा, सभी को उत्कल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। यह दिन हमें ओडिशा और इसके गतिशील लोगों की समृद्ध संस्कृति और विरासत की याद दिलाता है। राज्य ने राष्ट्रीय प्रगति में समृद्ध योगदान दिया है। ओडिशा के लोगों की सफलता और समृद्धि के लिए प्रार्थना करता हूं।

### कांग्रेस ने चुनावी बॉण्ड संबंधी बयान को लेकर भाजपा पर साधा निशाना

नई दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चुनावी बॉण्ड योजना पर की गई ताजा टिप्पणी को लेकर सोमवार को उन पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि बॉण्ड से जुड़े जो आंकड़े सामने आए हैं उनसे भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार के घोर भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि योजना को इस तरह से तैयार किया गया था कि इसका पता ही नहीं चल सके कि राजनीतिक दलों के पास धन कहां से आया और इसका इस्तेमाल कैसे किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को इस सुझाव को खारिज कर दिया कि चुनावी बॉण्ड के मुद्दे से उनकी सरकार को झटका लगा है। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रणाली शत प्रतिशत सही नहीं है और किसी भी कमी को सुधारा जा सकता है। तमिल चैनल थांती टीवी के साथ एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि जो लोग इस मामले पर जश्न मना रहे हैं, उन्हें पछताना पड़ेगा।

### पीएम मोदी 4 अप्रैल को जमुई में चुनावी सभा करेंगे : चिराग

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने अपने आवास पटना में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जमुई आए थे। उस वक्त की सबसे बड़ी चुनावी सभाओं में एक सभा जमुई की भी थी। इस बार भी 4 अप्रैल को जमुई में बड़ी चुनावी सभा होगी। मेरे लिए यह गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री बिहार में चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत मेरी कर्मभूमि जमुई से कर रहे हैं तथा प्रधानमंत्री जी 4 अप्रैल को जमुई लोकसभा के एनडीए प्रत्याशी अरुण भारती के लिए विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। लोजपा (रामविलास) के सभी कार्यकर्ताओं में इसको लेकर काफी उत्साह हैं। बिहार की सभी 40 की 40 सीटें एनडीए जीतेगी और देश में 400 पार का लक्ष्य भी एनडीए हासिल करेगी। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने दिया।

**आरबीआई के 90 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोलें पीएम**

# भारत को अगले 10 साल में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत : मोदी

प्रात : किरण

मुंबई/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत को अगले 10 वर्षों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है, ताकि राष्ट्र वैश्विक कारकों से ज्यादा प्रभावित न हो। रिजर्व बैंक के 90 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम प्रधानमंत्री ने कहा कि जून में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सत्ता में आने पर हर किसी के लिए ढेर सारे काम सृजित होंगे। उन्होंने कहा, हमें भारत की आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ानी होगी।

मोदी ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र फायदे में आ गया है और पिछले दशक में उनकी सरकार और आरबीआई द्वारा किए गए प्रयासों के कारण ऋण वृद्धि बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां, जो 2018 में लगभग 11.25 प्रतिशत थीं, सितंबर, 2023 तक घटकर तीन प्रतिशत से कम पर आ गईं।

मोदी ने कहा कि ट्विन बैलेंस शीट (बैंकों और कंपनियों के बही-खाते के स्तर पर समस्या) की समस्या अब अतीत की बात हो गई है और बैंक अब ऋण में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आरबीआई ने इन सभी उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में नियम-आधारित अनुशासन और राजकोषीय रूप से विवेकपूर्ण नीतियों को लागू करने में आरबीआई की उपलब्धि की सराहना की और बैंकों को सरकार के समर्थन का आश्वासन दिया। मोदी ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के कदम उठाने के लिए आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ऐसे समय में नए रिकॉर्ड बना रही है, जब दुनिया के कई देश अब भी महामारी के आर्थिक झटके से उबरने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दुनियाभर में रुपये को अधिक सुलभ और स्वीकार्य बनाने के प्रयासों पर जोर दिया। इस अवसर पर आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के साथ महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैंस, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वित्त राज्यमंत्री भागवत किशनराव कराड और पंकज चौधरी उपस्थित थे।



### प्रधानमंत्री ने 90 रुपये का जारी किया सिक्का

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को आरबीआई के 90 साल पूरे होने पर 90 रुपये का सिक्का जारी किया है। यह 40 ग्राम शुद्ध चांदी से बना है। एक सिक्का खरीदने के लिए करीब 5200 से 5500 रुपये खर्च करने पड़ेंगे। 90 रुपये के चांदी के सिक्के पर एक तरफ बैंक का लोगो अंकित है और दूसरी तरफ 90 रुपये लिखा हुआ है। सिक्के के दाईं ओर हिंदी में और बाईं ओर अंग्रेजी में भारत लिखा हुआ है। इस 90 रुपये के सिक्के का वजन 40 ग्राम होगा। यह सिक्का 99.9 प्रतिशत शुद्ध चांदी से बना है। इससे पहले 1985 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की स्वर्ण जयंती और 2010 में आरबीआई प्लेटिनम जयंती पर भी सिक्के जारी किए जा चुके हैं। इस नब्बे रुपये के सिक्के को अंकित मूल्य से अधिक कीमत पर बेचा जाएगा। इस सिक्के की कीमत 5200 से 5500 रुपये होने की उम्मीद है। देशभर के बैंक कर्मचारी और सिक्का संग्रहकर्ता इस सिक्के को लेकर काफी उत्साह दिखा रहे हैं। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने 19 मार्च 2024 को इस सिक्के को जारी करने के लिए गजट नोटिफिकेशन जारी किया था।

**राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत में हुई सुनवाई**

# शराब नीति केस: सीएम केजरीवाल को 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली शराब नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को यहां की एक विशेष अदालत में पेश किया जहां से उन्हें 15 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया। श्री केजरीवाल पहले नेता हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री के पद पर रहते गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसी की हिरासत में भेजा गया और अब जेल भजने का आदेश पारित किया गया। अदालत के समक्ष ईडी का पक्ष अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने रखा।

उन्होंने केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि पूछताछ के दौरान वह जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। ईडी ने कड़ी सुरक्षा के बीच श्री केजरीवाल को पेश किया। पेशी से पहले एक मीडियाकर्मी के सवाल के संक्षिप्त जबाव में उन्होंने (श्री केजरीवाल) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर इशारा करते हुए कहा, ह्यये जो कर (ईडी की कार्रवाई) रहे हैं, देश के लिए अच्छा नहीं कर रहे हैं। श्री केजरीवाल को 21 मार्च को केंद्रीय जांच एजेंसी ने गिरफ्तार किया था। अगले दिन 22 मार्च को उन्हें विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में पूछताछ के लिए भेजने का आदेश पारित किया गया। अदालत ने ईडी के दूसरी बार 28 मार्च को अनुरोध करने पर एक अप्रैल तक आम आदमी पार्टी ने नेता केजरीवाल की हिरासत अवधि बढ़ाई थी। विशेष अदालत के समक्ष 22 मार्च को ईडी ने मुख्यमंत्री को कथित शराब नीति 2021-2022 घोटाले (जो बाद में रद्द कर दी गई थी) का मुख्य साजिशकर्ता और सरगना होने का आरोप लगाया था।

तब मुख्यमंत्री के अधिवक्ताओं ने ईडी के इन आरोपों को खारिज करते हुए कड़ी आपत्ति जताई थी। श्री केजरीवाल की गिरफ्तारी से पहले भारत राष्ट्र समिति की नेता और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता को ईडी ने 15 मार्च को गिरफ्तार किया था, जो न्यायिक हिरासत में दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद हैं। इन दोनों प्रमुख नेताओं से पहले ईडी ने पिछले एक साल के दौरान आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के अलावा राज्यसभा सांसद संजय सिंह को इसी मामले में गिरफ्तार किया था। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 17 अगस्त 2022 को वर्ष 2021-22 की उत्पाद शुल्क नीति (शराब नीति) बनाने और उसके कार्यान्वयन में की गई कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज किया था। इसी आधार पर ईडी ने 22 अगस्त 2022 को मामला दर्ज किया था। ईडी का दावा है कि श्री केजरीवाल और श्री सिसौदिया सहित अन्य ने अवैध कमाई के लिए साजिश रची थी।



# आयकर विभाग का नियम भाजपा पर लागू क्यों नहीं होता : कांग्रेस

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने पार्टी को आयकर विभाग की ओर से 3500 करोड़ रुपये से अधिक के जुमार्ने का नोटिस मिलने का हवाला देते हुए सोमवार को दावा किया कि नियमों के उल्लंघन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई जबकि उस पर 4,600 करोड़ रुपये का जुमार्ना बनता है। उन्होंने यह सवाल किया कि जो नियम कांग्रेस पर लागू किया जा रहा है वही नियम भाजपा पर क्यों लागू नहीं होता? प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, कांग्रेस पर 3,567 करोड़ का जुमार्ना क्यों? कांग्रेस पर आरोप है कि 1994-95 में, फिर 2014-15 और 2016-17 में पार्टी के खाते में नेताओं-कार्यकर्ताओं ने कुछ पैसे जमा कराए थे जिसकी एक-एक जानकारी पहले ही आयकर विभाग को साझा की जा चुकी थी। मगर सरकार कांग्रेस पर जानकारी न देने का मनमाना आरोप थोप रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को सजा मिली तथा उसके खाते से आयकर विभाग ने 135 करोड़ रुपये निकाल लिए, 3567 करोड़ का जुमार्ने का नोटिस दिया।



**चुनाव रण में उतरने से पहले लालू परिवार ने लिया बाबा हरिहरनाथ का आशीर्वाद**

# मीसा भारती व रोहिणी के साथ हरिहरनाथ मंदिर पहुंचे लालू प्रसाद, की पूजा अर्चना

प्रात : किरण

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद सोमवार को अपने परिवार के साथ प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हरिहरनाथ मंदिर पहुंचे और भगवान विष्णु और महादेव की पूजा अर्चना की। लालू के साथ उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती और रोहिणी आचार्य भी साथ थी। रोहिणी के सारण से चुनाव लड़ने की चर्चा है। ऐसे में माना जा रहा है कि चुनाव रण में उतरने से पहले लालू परिवार ने बाबा हरिहरनाथ का आशीर्वाद लिया। लालू परिवार को देखते ही राजद समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। चर्चा है कि इस चुनाव में मीसा भारती एक बार फिर पाटलिपुत्र से चुनाव मैदान में लड़ेंगी जबकि लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य सारण से चुनावी रण में उतर सकती हैं। इस दौरान लालू परिवार ने मीडिया से दूरी बनाए रखी। हालांकि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता यहां पहुंचे थे। जहां लोगों ने लालू यादव और रोहिणी आचार्य के लिए जमकर नारेबाजी की। वहीं मंदिर के अंदर पूरे विधि-विधान से लालू फैमिली ने पूजा-अर्चना की।



# रक्षा निर्यात पहली बार 21 हजार करोड़ रुपये के पार : राजनाथ

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत का रक्षा निर्यात पहली बार 21 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया है, जो एक रिकॉर्ड है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, सभी को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारतीय रक्षा निर्यात अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच गया है और स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार 21000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात बढ़कर 21,083 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 32.5 प्रतिशत की शानदार वृद्धि है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत रक्षा मंत्रालय ने भारत के रक्षा विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। निजी क्षेत्र और डीपीएसयू सहित हमारे रक्षा उद्योगों ने हाल के वर्षों में सराहनीय प्रदर्शन दर्ज किया है। रक्षा निर्यात में नया मील का पत्थर पार करने पर सभी हितधारकों को बधाई।



# भाजपा की घोषणापत्र समिति की हुई पहली बैठक

● घोषणा पत्र : नमो ऐप पर लगभग 1.70 लाख सुझाव मिले

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी की सोमवार को चुनाव घोषणापत्र समिति की पहली बैठक हुई जिसके केंद्र में सरकार के विकसित भारत का एजेंडा और उसकी रूपरेखा रही। आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रमुख वादों पर चर्चा करने के लिए आठ केंद्रीय मंत्रियों और तीन मुख्यमंत्रियों ने पार्टी के अन्य नेताओं के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने की। बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पार्टी को अपनी मिस्ड कॉल सेवा के माध्यम से 3.75 लाख से अधिक सुझाव मिले हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐप (नमो) पर लगभग 1.70 लाख सुझाव मिले हैं। उन्होंने कहा, बैठक में 2047 तक विकसित भारत के खाके पर चर्चा की गई। हमारे घोषणापत्र में लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी प्रधानमंत्री में उनके भरोसे और उनसे उनकी अपेक्षाओं को दशार्ती है। भाजपा नेताओं ने कहा कि लोगों से प्राप्त सभी सुझावों को विभिन्न श्रेणियों में बांटा जाएगा और फिर समिति की अगली बैठक उनपर विचार विमर्श करके छांटा जाएगा। मोदी द्वारा गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए अपनी सरकार की प्राथमिकताओं को लगातार रेखांकित किए जाने के साथ सत्तारूढ़ पार्टी उनसे जुड़े मुद्दों को प्रमुखता दे सकती है। समिति के सह-संयोजक गोयल ने कहा कि देश के 3,500 विधानसभा क्षेत्रों में 916 वीडियो वैन भी चलाई गईं, जो लोगों तक पहुंची और घोषणापत्र के लिए उनके विचार मांगे। भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए शनिवार को 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति गठित की थी। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को संयोजक तथा गोयल को सह-संयोजक बनाया गया है। समिति में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर के अलावा पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और कुछ पूर्व उपमुख्यमंत्री भी शामिल हैं।




**राहत** | **सुप्रीम कोर्ट में आयकर विभाग ने कहा- मौजूदा परिस्थितियों में तुरंत नहीं की जाएगी कोई कार्रवाई**

# चुनाव के मद्देनजर कर नोटिस को लेकर कांग्रेस पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा आयकर विभाग

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। आयकर विभाग ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि वह करीब 3,500 करोड़ रुपये के कर मांग नोटिस के संबंध में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने आयकर विभाग का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का यह बयान दर्ज किया कि मामले पर अंतिम फैसला आने तक मौजूदा परिस्थितियों में तुरंत कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। पीठ ने कहा, इस आवेदन पर सुनवाई की शुरूआत में, प्रतिवादी विभाग की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि इसमें कोई विवाद नहीं है कि मार्च 2024 के महीने में कई तारीखों पर अपीलकर्ता के खिलाफ लगभग 3,500 करोड़ रुपये की मांग की गई है। उसने कहा, आगे (एसजी तुषार मेहता द्वारा) दलील दी गई कि इन अपीलों में जो मुद्दे सामने आए हैं, उन पर अभी फैसला सुनाया जाना बाकी है, लेकिन अब की स्थितियों को ध्यान में रखते हुए, विभाग इस मामले को तूल नहीं देना चाहता है क्योंकि प्रतिवादी विभाग द्वारा लगभग 3500 करोड़ रुपये की उपरोक्त मांग के संबंध में कोई भी कठोर कदम नहीं उठाया जाएगा। पीठ ने अलग-अलग कर मांग नोटिस पर कांग्रेस की याचिका पर सुनवाई को 24 जुलाई के लिए स्थगित कर दिया। कांग्रेस की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने इस रुख की सराहना करते हुए कहा कि अलग-अलग वर्ष के लिए सारे मांग नोटिस फरवरी और मार्च में जारी किए गए जो कुल 3500 करोड़ रुपये के थे। उन्होंने कहा, मैं बहुत कम ही निशब्द रहता हूं। लेकिन मेरे जानकारी मित्र के हस्तक्षेप से मैं निशब्द रह गया हूं। कृपया इसे जुलाई में लें। शुरूआत में, मेहता ने कहा, याचिकाकर्ता एक राजनीतिक दल है। 2016 के फैसले के आधार पर, जिसे चुनौती दी गई है, हमने 1700 करोड़ रुपये की मांग उठाई है।



देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### फतुहा निवासी धर्मेन्द्र को मिला मानद उपाधि



फतुहा। स्थानीय दरियापुर निवासी धर्मेंद्र कुमार ने फिर फतुहा का नाम रोशन किया है। धर्मेन्द्र कुमार को कम्प्युटर विज्ञान में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की मानद उपाधि प्रदान की गयी है। यह उपाधि उन्हें मगध विश्वविद्यालय बोधगया के द्वारा हाल ही में दी गयी है। उनका विषय स्मार्ट फार्मिंग के तहत आई ओ टी टेक्नोलॉजी पर आधारित था। डॉ शिल्पा बनर्जी के देखरेख में उन्होने अपना शोध कार्य पुरा किया। बताते चले कि सामाजिक क्षेत्र में बेहतर व उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर कुछ वर्ष पहले राष्ट्रपति के हाथों वह सम्मानित भी हो चुके हैं। बाद में राज्यपाल के हाथों भी सम्मानित हो चुके हैं। फतुहा के तमाम जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने धर्मेंद्र कुमार को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य का कामना किया है।

### घर में लगी आग से लाखों का हुआ नुकसान

फतुहा। थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव में सोमवार को दोपहर एक घर में आग लग गयी। घर झोपड़ी व करकटनुमा था। देखते ही देखते आग की लपटें इतनी तेज हो गयी कि घर वालों से लेकर ग्रामीणों की बीच अफरा तफरी मच गयी। आनन-फानन में ग्रामीणों ने मोटर चलाकर आग पर किसी तरह काबू पाया लेकिन तबतक घर के अंदर रखे बाइक समेत लाखों रुपये की घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने का कारण स्पष्ट तो नही हो सका लेकिन शॉर्ट सर्किट से आग लगने का कारण बताया जा रहा है। आग कामता प्रसाद के घर में लगी है। उन्होने बताया कि इस घटना से करीब उन्हें तीन लाख रुपए की क्षति हुई है। इस घटना से पीड़ित सदमे में हैं।

### ट्रेन के जनरल बोगी से बीयर बरामद

दानापुर खगौल रेल थाना के अंतर्गत विशेष चेकिंग के दौरान दानापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक ए पर खड़ी ट्रेन नंबर 12295 संघमित्रा एक्सप्रेस के पिछला जनरल बोगी रेल पुलिस ने एक लावारिस पिट्ठू बैग बरामद किया। उसमें से पुलिस ने 500 एमएल का 12 पीस बियर बरामद किया। जिस पर फॉर सेल इन उत्तर प्रदेश अंकित था। इस संबंध में रेल थाना धारा 30 ए बिहार मध्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2018 के तहत अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया।

### एक बच्ची के साथ दुष्कर्म

दानापुर। थाना के अंतर्गत तकियापर इलाके में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म करने की बात सामने आई है। कारवाई में जूटी पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बताया जाता है कि तीन साल की बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी। तभी पड़ोसी युवक रवि कुमार आया और बाजार से कुछ खाने का सामना दिलाने की बात करते हुए ले गया। थोड़ी देर के बाद घर के बाहर लाकर छोड़ दिया। जब बच्ची को परेशान देखकर मां ने पूछताछ की तो बात खुली। मां ने फौरन पुलिस को खबर दी। सूचना पाकर हरकत में आई पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। एएसपी दीक्षा ने बताया कि छोटी बच्ची से दुष्कर्म करने की बात सामने आई है। आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया गया है। पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### पार्षद ने किया मैट्रिक टॉपर का सम्मान

पटना सिटी (प्राकि)। वार्ड 60 की पार्षद शोभा देवी व पूर्व पार्षद बलराम चौधरी ने मोगलपुरा छोटी बाजार मुहल्ला के रौशन कॉलोनी निवासी फरहान अख्तर के घर पर जाकर दशम बोर्ड के टॉपर को सम्मानित किया। एमएए हाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटना सिटी से मैट्रिक की परीक्षा में शामिल फरहान मैट्रिक की परीक्षा में पटना जिला में 477 अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस दौरान टॉपर को प्रतीक चिह्न व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

### कोर्ट परिसर में बह रहे नाला के पानी को किया ठीक

पटना सिटी (प्राकि)। पटना सिटी व्यवहार न्यायालय परिसर के पूरब और उत्तर कोने में बाहर के नाला से गंदा पानी परिसर में आ रहा था। हालांकि पटना सिटी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा के द्वारा इसकी शिकायत महापौर सीता साहू के प्रतिनिधि शिशिर कुमार और वार्ड 53 की पार्षद किरण मेहता से की गई थी। शनिवार को भी अपराह्न में नाला की सफाई करने के बाद पानी का कोर्ट परिसर में आना बंद हो गया था, मगर रविवार एवं सोमवार को फिर वही स्थिति पैदा हो गई। इसके बाद फिर से अजीमाबाद अंचल के मुख्य सफाई निरीक्षक राजीव कुमार एवं वार्ड 53 की पार्षद के प्रतिनिधि सिद्धार्थ भारद्वाज को सूचित किया गया।

# नालंदा मेडिकल कॉलेज की स्थापना दिवस के पूर्व मेगा हेल्थ आरोग्यम

## स्वास्थ्य के बारे में किया जागरूक, देहदान व अंगदान को नुक्कड़ नाटक से बताया





पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

नालंदा मेडिकल कॉलेज के स्थापना दिवस के एक दिन पूर्व सोमवार को एनएमसीएच के ऑडिटोरियम और उसके बाहर परिसर में स्वास्थ्य को लेकर मरीज, मेडिकल व पीजी छात्रों, नर्सिंग स्टाफ और सभी कर्मियों को जागरूक किया गया। इस दौरान करीब दर्जनाधिक विभागों के द्वारा काउंटर लगा कर गतिविधियों को बताया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नालंदा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉप्रो उषा कुमारी, डॉप्रो राजीव रंजन सिंह, डॉप्रो राजीव रंजन दास, अधीक्षक डॉप्रो अलका सिंह, डॉप्रो रश्मि प्रसाद, डॉप्रो गुरमुख प्रसाद, डॉप्रो दीप्ति राय, डॉप्रो बीपी जायसवाल और डॉप्रो मोतीलाल दास ने दीप जलाकर और फीता काट कर किया। इस दौरान अतिथि वक्ताओं ने कहा कि नालंदा मेडिकल कॉलेज और नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के चिकित्सक शिक्षक, डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, पारा मेडिकल स्टाफ, तकनीशियन और कर्मियों की बदौलत लगातार ऊंचाइयों को छू रहा है। यही कारण है कि बिहार सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग का ध्यान भी लगातार इस मेडिकल कॉलेज और अस्पताल पर टिका है। यहां लगातार मरीजों की संख्या बढ़ रही है, तो इलाज की गुणवत्ता और दवा की उपलब्धता भी सुनिश्चित हो रही है। यहां एमबीबीएस और पीजी करने वाले छात्र भी विभिन्न क्षेत्रों में जाकर परचम लहरा रहे हैं। इस दौरान मेगा हेल्थ आरोग्यम के इस शिविर में एनाटॉमी विभाग की ओर से शरीर दान और भ्रूण के विकसित पर, एनेस्थीसिया के द्वारा बीएलस एवं सीपीआर, शिशु रोग विभाग के द्वारा बेबी हेल्दी शो, ऑब्स एंड गाइनी से एएनसी एवं सहनिरोधन, पीएसएम की ओर से पोषण और प्रतिरक्षण, आर्थो की ओर से बीएमडी की जांच, मेडिसिन के द्वारा मधुमेह निवारण, फिजियोलॉजी की ओर से रक्तचाप व एसपीओ2, पैथोलॉजी की ओर से खून जांच व ब्लड शुगर, ईएनटी की ओर से सुनने की क्षमता का आकलन, रेडियोथैरेपी की ओर से कैंसर जागरूकता, माइक्रोबायोलॉजी की ओर से कोविड एवं टीबी, दधीचि अंगदान देह दान व नेत्रदान पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति और सर्जरी विभाग के द्वारा न्यूनतम इन्वेसिव सर्जरी पर बताते हुए जागरूक किया गया। आयोजन में उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार, डॉप्रो अजय कुमार सिन्हा, डॉप्रो संजय कुमार, डॉप्रो राजेश कुमार, डॉप्रो बिजॉय कुमार, डॉप्रो रंजीत सिंह, डॉप्रो आरके अजय, डॉप्रो आरआर तिवारी, डॉप्रो बिनोद कुमार सिंह,

डॉप्रो बीपी जायसवाल, डॉप्रो अनिता कुमारी, डॉप्रो पूनम सिंह, डॉप्रो सतीश कुमार, डॉ जेबा आलम, डॉ ज्योति प्रिया, डॉ राजीव कुमार, डॉ सुमित चौधरी, डॉ प्रज्ञा प्रियदर्शनी, डॉ रवि, डॉ रश्मि, डॉ अविनाश, डॉ पल्लवी, डॉ आदर्श आदि शामिल थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉप्रो मोतीलाल दास ने किया।

## बेबी हेल्दी शो के विजयी बच्चों को को किया गया पुरस्कृत



प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के शिशु रोग विभाग के द्वारा बेबी हेल्दी शो का आयोजन अस्पताल के ऑडिटोरियम में सोमवार को किया गया। इसमें तीन आयु वर्ग में बच्चों को बांटा गया था। इसमें पहले ग्रुप में शून्य से एक साल, दूसरा एक से तीन साल और तीसरा तीन से पांच साल आयु वर्ग निर्धारित था। डॉप्रो बीपी जायसवाल ने बताया कि प्रतिभागियों की संख्या अधिक थी, मगर इसमें जूरी की टीम ने सभी बच्चों के जांचोपरांत अपना फैसला सुनाया। इसमें शून्य से एक साल के आयु वर्ग में मुन्नी कुमारी विपिन कुमार झा के 6 माह का कृष्ण कमल, सात माह का अमृता व धर्मेंद्र का बच्चा आद्रिक, जूही व दीपू का बच्चा अदुईक, तीसरा किस्मत खातून व मो इरफान का पुत्र मोह मुस्ताक रहा। इसी प्रकार एक से तीन आयु वर्ग में ढाई साल का डुग्गु, 1.8 साल का कृषा भारद्वाज, 1.4 माह की किट्टू तीसरा स्थान 2 साल का आयांश रहा। तीन से पांच आयु वर्ग में प्रथम स्थान ट्वेहा सिंह, सेकंड गीता शर्मा, पुष्मंगली और थर्ड आराध्या सिंह रहीं। इन सबों को अधीक्षक डॉप्रो अलका सिंह, डॉप्रो बीपी जायसवाल, डॉ अतहर आदि के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## सोमवार को 2891 मरीज पहुंचे एनएमसीएच इलाज कराने



प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। एनएमसीएच में सोमवार को इलाज कराने मरीजों की खासी भीड़ जुटी। इस कारण से रजिस्ट्रेशन काउंटर पर पर्चा बनवाने के लिए अफरा-तफरी की स्थिति देखी गई। मरीजों की लंबी लाइन लगी थी। इस संबंध में अधीक्षक डॉप्रो अलका सिंह एवं उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार ने बताया कि सप्ताह का पहला दिन होने के कारण चिकित्सीय सलाह लेने आने वाले मरीजों की संख्या खासी अधिक रही। नया 2458 और पुराना 433 मरीज रहे। इसमें 64 मरीजों को इलाज के लिए भर्ती किया गया। कुल 2891 मरीज का पर्चा बनाया गया। इसमें सबसे अधिक मेडिसिन विभाग में 599, स्कीन वीडी में 411, आर्थो में 227, आंख विभाग में 172, ईएनटी में 167, शिशु रोग में 147, गाइनी में 139, सर्जरी में 138 और पीएमआर में 108 मरीज थे। अन्य विभागों में मरीजों की संख्या दो अंक में रही।

## मानस के मनन से मिलती है आत्मिक सुख व शांति : बालक जी महाराज

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



अयोध्या से पधारे मानस मर्मज्ञ आचार्य बालक जी महाराज ने सोमवार को यहां कहा कि श्री राम चरित मानस के अध्ययन और मनन से आत्मिक सुख और शांति मिलती है। श्री छोटी पटनदेवी गली स्थित साधन धाम में श्री राम चरित मानस नवाह पारायण महायज्ञ के तीसरे दिन अपने प्रवचन में उन्होंने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्श जीवन चरित्र का जैसा सांगोपांग वर्णन व चित्रण गोस्वामी तुलसीदास ने किया है, वैसा अन्यत्र देखने व सुनने को नहीं मिलता। इसलिए राम भक्तों को कम से कम इसका श्रवण अवश्य करना चाहिए। जीवन के शुद्धिकरण के लिए भी यह परम आवश्यक है।

उन्होंने श्रीराम के विवाह की सोदाहरण चर्चा कर श्रोताओं को भावुक कर दिया। इससे पूर्व आचार्य द्वारा यजमान पंकज शुक्ल द्वारा पंच देवता पूजन कराया गया। अयोध्या निवासी पंडित हरि प्रसाद द्विवेदी ने नवाह यज्ञ के बाल कांड का पाठ किया। इस अवसर पर श्री राजकुमार तिवारी, सुरेश अरोड़ा, पंकज शुक्ल, अनंत अरोड़ा, मुकेश चतुर्वेदी, पवन मिश्र, गौतम बिजपुरिया, एडवोकेट सरज कपूर, अजय तिवारी, आशु शुक्ल आदि आयोजन की सफलता में सक्रिय रहे।

## बसियौरा मेला में हुआ रात्रि जागरण व भजन

पटना सिटी। अगमकुआं स्थित शीतला माता मंदिर में सोमवार को माली समाज की ओर से रात्रि में भजन का आयोजन किया गया। इसमें संयोजक अभिषेक कुमार फंटूस, मनोज मालाकार, मुकेश राजवीर, संजीत कुमार, कोमल कुमारी आदि की देखरेख में भजन कीर्तन और जागरण का आयोजन हुआ। इसके बाद भगवती शीतला माता का अलौकिक श्रृंगार के साथ मंगलवार को तड़के पूजन किया जाएगा। आयोजित रात्रि जागरण में गायक छोटू छलिया, खुशबू शर्मा, एकता मालन, नेहा सिंह निष्ठा, छोटा जॉनी लीवर, बासुकीनाथ, धीरज सिंह, शमरेश चौबे, अजय स्टार आदि कलाकारों ने अपनी गायकी और आर्यन महाकाल की ओर से झांकी मंडली ने भक्तों को विभोर कर दिया। अगमकुआं शीतला माता मंदिर के पुजारी जयप्रकाश, अमरनाथ बबलू, मनोज श्रीमाली उर्फ छोटू पुजारी, पंकज पुजारी व सुनील पुजारी ने बताया कि मंदिर में बसियौरा मेला में पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालु नर-नारियों की भीड़ उमड़ी थी।

## हजरत अली की शहादत पर निकाला गया मातमी जुलूस

प्रात : किरण संवाददाता



हजरत अली की शहादत पर शिया समुदाय की ओर से सोमवार को मातमी जुलूस निकाला गया। बावली इमामबाड़ा में सुबह की नमाज के बाद सैयद मुजफ्फर रजा की तकरीर हुई। इसके बाद मातमी जुलूस निकाला गया। यह जुलूस अशोक राजपथ के मुख्य मार्ग से होते हुए गुजरी बाजार स्थित बड़ी हवेली पहुंचा। यहां पर मजलिस हुआ। जुलूस में शामिल लोग सीनाजनी करते चल रहे थे। इसके बाद शाम को काठ के पुल स्थित डॉ सैयद सफदर अली खान इमामबाड़ा से अलम व ताबूत के साथ जुलूस निकाला गया। यह नवढाल, मोगलपुरा, दोरूखी होते चोआ लाल लेन स्थित याहिया मंजिल पहुंचा। यहां सैयद कैसर मेंहदी ने मर्सिया और सैयद इकबाल हुसैन अजीमाबादी ने पेशखानी की। जिंदाने शान में मजलिस हुई। आयोजित मजलिस में सैयद गुलजार जाफरी कर्बला अजमेरी की तकरीर हुई। जुलूस में अंजुमन के सदस्यों ने नौहाखानी की। आयोजन में संयोजक डॉ सिकंदर अली खां, प्रो अकबर अली, चमडोरिया दरगाह के सचिव शाह जौहर इमाम जौनी, सरबर इमाम, सैयद हसन अली, तनवीरूल हसन तन्नू, आबिद इमाम, दिलावर हुसैन, सैयद जियारत हुसैन उर्फ पन्ना, अलीवर इमाम सहित बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग शामिल थे। रामजानी चौराहा में यायावर साहेब के इमामबाड़ा में मजलिस हुई। चमडोरिया दरगाह के सचिव शाह जौहर इमाम जौनी, सरबर इमाम व डॉ सिकंदर अली ने बताया कि पहले इमाम हजरत अली पर 19वें रमजान में हमला हुआ था और 21वें रमाजन में शहादत कुफा के मस्जिद में हुई थी।

## खिलखिलाहट : मुस्कान की किरण संस्था ने गरीबों का रखा ख्याल

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। समाजिक संस्था "खिलखिलाहट : मुस्कान की किरण" के अध्यक्ष प्रदीप कुमार से हुई वार्ता के क्रम में उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा गरीबों का हमेशा ख्याल रखा जाता है। गरीबों के बच्चियों की शादी के समय संस्था की ओर से खाद्य सामग्री यथा चावल, आंटा, सब्जी, मसाला, नमक, लड़की के लिए वस्त्र आदि दी जाती है।

मीठापुर गौड़िया मठ के पास के स्लम एरिया के बच्चों और उनके अभिवावकों के बीच होली के उपलक्ष्य में होली सामग्री और दशहरा (दुर्गा पूजा) के समय पूजन सामग्री और छठ महापर्व पर छठ पूजा सामग्री का वितरण किया जाता है।

अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि "खिलखिलाहट : मुस्कान की किरण" का उद्देश्य है कि यदि एक बच्चा या एक परिवार के चेहरे पर मुस्कान अगर आता है तो हमारी उद्देश्य की कड़ी में सफलता की एक कड़ी जुड़ती है।

उन्होंने बताया कि समय समय पर "खिलखिलाहट : मुस्कान की किरण" संस्था की ओर से कवि सम्मेलन, विकलांग स्कूल एवम नेत्रहीन विद्यालयों में भी समय समय पर कैम्प लगाकर सहयोग करती है।

अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि हमारी संस्था अभी होली के अवसर पर मीठापुर गौड़िया मठ के पास के स्लम एरिया के बच्चों और उनके अभिवावकों के बीच होली सामग्रियों का वितरण किया था। वितरण सामग्रियों में पिचकारी, रंग और अबीर, गुलाल के पैकेट, चॉकलेट, लड्डू, गुझिया (पेड़किया), तथा साबुन की टिकिया और शेम्पू के पाउच का शामिल था। उनलोगों के बीच पिचकारी, रंग अबीर, चॉकलेट, मिठाई मिलने से बच्चों के चेहरे पर एक अद्भुत मुस्कान आ गयी थी और मिठाई, अबीर, गुलाल, साबुन और शेम्पू पाकर उनके अभिभावक भी प्रसन्न हुए थे। संस्था के सदस्यों ने भी एक अद्भुत खुशी का अनुभव किया।

मुस्कान की किरण" संस्था के कार्यक्रम में सक्रीय रूप से संस्था की संयोजिका डॉ निशा परासर, जिला अध्यक्ष डॉ भावना मिश्रा और कार्यक्रम संयोजक अंजनी कुमार सिन्हा शामिल रहते हैं।

## निजी अस्पतालों को भी मलेरिया समेत 33 रोगों की देनी होगी दैनिक रिपोर्ट

### आईएचआईपी पोर्टल पर नये संक्रामक रोग के रूप में मलेरिया भी जुड़ा

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। राज्य के सभी सरकारी व गैर सरकारी रजिस्टर्ड अस्पतालों से अब प्रतिदिन मलेरिया समेत 33 बीमारियों की रीयल टाइम रिपोर्ट उपलब्ध होगी। यह रिपोर्ट आईएचआईपी (इंटीग्रेटेड हेल्थ इंफॉरमेशन प्लेटफॉर्म) पोर्टल पर प्रतिदिन देनी होगी। रिपोर्ट को संबंधित जिला और राज्य से लेकर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय तक के अधिकारी तुरत देखकर बीमारियों की रोकथाम के लिए त्वरित कार्रवाई कर सकेंगे। इससे बीमारियों की पहचान करना और उसकी रोकथाम का उपाय करना और आसान हो जाएगा। इस पोर्टल पर मलेरिया को पहली बार जोड़ा गया है।

उल्लेखनीय है कि अभी तक मलेरिया बीमारी के अलावा 33 अन्य संक्रामक बीमारियों की रिपोर्ट महीने में एक बार केवल सरकारी अस्पतालों से ली जाती थी। लेकिन अब राज्य के सभी रजिस्टर्ड निजी अस्पतालों से भी प्रतिदिन रीयल टाइम रिपोर्ट उपलब्ध होगी।

इस संबंध में आरएचओ कार्यालय में हुई उच्चस्तरीय बैठक में अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी-मलेरिया डॉ अशोक कुमार व रीजनल हेल्थ आफिस (आरएचओ) के सीनियर रीजनल निदेशक डॉ कैलाश कुमार के बीच विस्तार से चर्चा हुई है। डॉ अशोक कुमार ने कहा कि राज्य के सभी जिलों से ससमय और सही आंकड़े के साथ ठीक रिपोर्ट आनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने जिले के सभी जिला सर्विलांस पदाधिकारी (डीएसओ) को समन्वय के साथ काम करने की आवश्यकता बतायी। स्वास्थ्य विभाग ने आईएचआईपी यानी इंटिग्रेटेड हेल्थ इंफॉर्मेशन प्लेटफॉर्म पोर्टल पर जनवरी 2022 में काम करना शुरू किया था जो अब सुचारू रूप से चलने लगा है। एक जुलाई 2022 से राज्य के सरकारी अस्पतालों से 33 संक्रामक बीमारी के साथ कोरोना, सर्पदंश और कुत्ता काटने संबंधी घटनाओं की जानकारी दैनिक रूप से स्वास्थ्य विभाग को मिलने लगी थी। पर ये सिर्फ सरकारी अस्पतालों के आंकडें होते थे। जुलाई 2022 से पहले यह काम आईडीएसपी (इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम) पोर्टल पर हो रहा था। इस पोर्टल पर सिर्फ 18 बीमारियों की साप्ताहिक जानकारी मिलती थी।

डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि बीमारियों की ससमय रोकथाम के लिए इंट्रीग्रेटेड हेल्थ इंफॉर्मेशन प्लेटफार्म पोर्टल की शुरूआत की गई है। अब इसका दायरा बढाया गया है और रजिस्टर्ड गैर सरकारी अस्पतालों को भी इसमें जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए उप स्वास्थ्य केन्द्रों के एएनएम, फार्मासिस्ट और लैब टेक्नीशियन को टैब उपलब्ध कराया गया है। टैब के सफल संचालन के लिए सभी को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। अब एएनएम अपने-अपने उप स्वास्थ्य केन्द्र ग्रामीण एवं शहरी इलाके से बीमारियों का आंकड़ा सीधे आईएचआईपी पोर्टल पर अपलोड करेंगी। इसके बाद जिला, राज्य से लेकर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय बीमारियों की रोकथाम के लिए त्वरित कार्रवाई शुरू कर देगी। इस पोर्टल पर 33 संक्रामक बीमारियों के अलावा कोरोना, सर्प दंश और कुत्ता काटने को लेकर सबसे पहले प्राथमिकी तौर पर एएनएम, फर्मासिस्ट और लैब टेक्नीशियन इस पोर्टल पर मरीजों का बिंदुवार ब्यौरा देंगे। इसके बाद बीमारी की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग की आईडीएसपी सेल इसकी पूरी निगरानी करेगा।

## शराब तस्करों के खिलाफ दर्ज हुआ एफआईआर

पटना सिटी (प्राकि)। शराब बेचने का विरोध करने पर जनता को डराने, धमकाने, घरों पर पथराव और फायरिंग करने वाले शराब तस्करों के खिलाफ आलमगंज थाना की पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार आलमगंज थाना क्षेत्र के गंगा नगर के लोगों ने इस संबंध में पुलिस को सामूहिक रूप से आवेदन दिया था। पुलिस ने बताया कि दर्ज प्राथमिकी में धंधेबाज मिरचईया टोला निवासी राजू और उसका सहयोगी अज्जू को मुख्य आरोपी बनाया गया है। पुलिस को धंधे में शामिल अन्य की भी तलाश है। पुलिस को दिए आवेदन में बताया गया है कि अवैध शराब के धंधे का विरोध करने पर बीते 26 मार्च को 20-25 की संख्या में बदमाश किस्म के लोग मुहल्ले में आकर हंगामा करते हुए कुछ घरों पर रोड़बाजी और फायरिंग किए थे। फिर धमकाते हुए भाग निकले थे। इस प्रकार की घटना अनेक बार हो चुकी है। शराब के धंधेबाज धमकाते हुए कहता है कि संबंधित थाना उन सबों का कुछ भी बिगाड़ सकता है, क्योंकि थाना में पैसा देता हूं। जनता ने आलमगंज थाना की पुलिस को आवेदन देकर त्वरित कार्रवाई किए जाने की मांग की।

## शॉट सर्किट से लगी आग दो एटीएम व दुकान जलकर राख

दानापुर। नगर के अंतर्गत सगुना मोड़ पर स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आसपास मौजूद लोग आग बुझा पाते देखते ही देखते बगल के एक और बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम एवं एटीएम के ऊपर प्रथम तल पर मौजूद दो दुकान भी चपेट में आ गया। अगलगी की सूचना पाकर पहुंची अग्निशमन की टीम ने काफी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार एचडीएफसी बैंक के एटीएम में बिजली की शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग की लपट इतनी तेज थी कि थोड़ी देर में पुरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया। बिल्डिंग में मौजूद एचडीएफसी बैंक एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम जलकर राख हो गये। वहीं एटीएम के ऊपर प्रथम पर मौजूद दो दुकानों को भी आग अपनी चेपट में ले लिया। दुकानदार अविनाश शर्मा ने बताया कि इंटेरियर का दुकान है। दुकान में कीमती लैपटॉप व डीस्प्ले जलकर राख हो गये। इस आगलगी में करीब 4 से 5 लाख रुपए क्षति हुई है। दुकान मालिक विक्की साईवर कैफे व फोटो स्टेट की दुकान चलाते आगलगी के बाद वह दुकान का शटर गिरा जान बचाकर भाग आए।

### अनुमंडल पदाधिकारी प्रदीप सिंह के द्वारा नाला उड़ाही का निरीक्षण किया गया

दानापुर। नगर के अंतर्गत अनुमण्डल पदाधिकारी प्रदीप सिंह द्वारा सोमवार को नगर कार्यपालक पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, नगर प्रबंधक व सफाई निरीक्षक के साथ नगर परिषद, दानापुर के द्वारा किये जा रहे नाला उड़ाही का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पाया गया कि नगर परिषद, दानापुर द्वारा सगुना मोड से रूपसपुर नहर तक बेली रोड के दोनों तरफ नाला उड़ाही तेजी से की जा रही है। पटना मेट्रो के द्वारा किये जा रहे कार्य से कुछेक स्थानों पर पानी निकासी में अवरूद्ध हो रहा है, जिसके लिये पटना मेट्रो को आवश्यक निर्देश दिया गया। वहीं पिलर नं. 242 के पास स्लुईस गेट का भी निरीक्षण किया गया। एसडीएम द्वारा दीघा जल संसाधन विभाग को स्लुईस गेट की शीघ्र मरम्म्प्रति हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। इसके अलावा बुडको द्वारा किये जा रहे सम्प हाउस के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया।

## अगमकुआं आरओबी व सुदर्शन पथ में जाम से लोग बेहाल

प्रात : किरण संवाददाता



पटना सिटी (प्राकि)। पर्वो का समय जैसे-जैसे दस्तक दे रहा है, बाजार में लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। यही कारण रहा कि सोमवार को पूरे दिन अगमकुआं आरओबी से लेकर सुदर्शन पथ में वाहनों का जाम देखा गया। दरअसल अगमकुआं आरओबी पर चार फ्लैंक पहाड़ी, पुरानी बाईपास, एनएमसीएच रोड और तुलसी मंडी की ओर गिरता है। ऊपर में एक-एक तरफ से वाहनों को छोड़े जाने से अन्य छोर पर वाहनों का दबाव बढ़ने और ओवरटेक किए जाने से जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। वहीं आरओबी के पूर्वी फ्लैंक से उतरने के बाद तुलसी मंडी से लेकर मेहंदीगंज रेल गुमटी के बीच रास्ता के बेहद संकरा होने और वाहनों का दबाव रहने से जाम की स्थिति बनती रहती है। पूरे दिन लोग वाहनों के दबाव और जाम से बिहाल दिखे।

## पंजाब से आयी संगत चला रही लंगर

प्रात : किरण संवाददाता



पटना सिटी (प्राकि)। पंजाब के रोपड़ से करीब ढाई सौ सिख संगतों का जत्था बाबा गुरचरण सिंह के नेतृत्व में तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में आया है। यह जत्था तख्त साहिब में लंगर की सेवा दे रहा है।

जत्था में चंडीगढ़ की बीबी अमरजीत कौर, रोपड़ से प्रीतम सिंह, गुरमुख सिंह, जत्थेदार गुरमत सिंह, जत्थेदार जीवन सिंह, जत्थेदार अवतार सिंह आदि संगत शामिल है। संगत शबद कीर्तन करते हुए कंगन घाट गुरुद्वारा, गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत, गुरु के बाग गुरुद्वारा, गुरुद्वारा सोनार टोली और गायघाट स्थित बड़ी संगत गुरुद्वारा में हाजिरी लगाने के लिए पहुंच रही है। बाबा गुरचरण सिंह ने बताया कि मंगलवार तक लंगर की सेवा दी जाएगी। यह आयोजन संत बाबा करतार सिंह, संत बाबा महेंद्र सिंह, संत बाबा अजीत सिंह हंसाली साहेब वाले एवं संत बाबा गुरचरण सिंह करतार वृद्ध आश्रम की याद में किया जा रहा है।

### छः वर्षीय बच्ची के साथ अश्लील हरकत के आरोप में एक गिरफ्तार

फतुहा। मामला नदी थाना क्षेत्र सबलपुर का है। जहां एक वृद्ध द्वारा अपने ही किराएदार के छह वर्षीय पुत्री के साथ अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी होते ही नदी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची लेकिन आरोपी फरार मिला। लेकिन पुलिस ने घटना की छानबीन करते हुए कुछ ही देर बाद आरोपी वृद्ध को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी सबलपुर इलाके का ही राम चन्द्र यादव है जो वृद्ध अवस्था में ही अपने नाम का बट्टा लगा गया। इस मामले में पीड़ित बच्ची के पिता के बयान पर वृद्ध के खिलाफ नदी थाने में केस भी दर्ज किया गया है।

## पालीगंज में छात्र- छात्राओं ने लहराया परचम



पालीगंज प्रखंड क्षेत्र के सिगोड़ी थाना क्षेत्र स्थित पालीगंज के (चंढोस) गांव के चंढोस मोड के पास सोमवार को जी पी क्लासेस में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने दशवीं कक्षा में अच्छे अंक से उत्तीर्ण हुए पालीगंज प्रखंड का नाम रौशन किया है। परीक्षा परिणाम आते ही छात्रों में खुशी देखी गई ग्रामीण इलाकों के छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत से सफलता प्राप्त कर प्रखंड का नाम रोशन किया है। छात्रों ने सफलता का श्रेय बच्चों ने माता पिता के साथ जी पी क्लासेस के संस्थान का भी नाम रौशन किया बिगत 7 वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने वाले जी पी क्लासेस के 185 में 105 छात्रों ने मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से सफलता हासिल किया है। सोमवार को जी पी क्लासेस के संस्थान सह संस्थापक ने एक कार्यक्रम कर सफल छात्रों को मिठाई खिला एवं शुभकामनाएं दी। सफलता हासिल करने वाले बच्चों में गुलशन कुमार 469, रौशन कुमार 463, सुबोध कुमार 465, प्रिंस कुमार 462, धीरज कुमार 452, कृष्णकांत भारत 451, अंकित कुमार 450, पंकज कुमार 446, सचिन कुमार 445, आकाश कुमार 440, अंकित कुमार 441, मुस्कान कुमारी 438, दीपांजलि कुमारी 430, आलोक कुमार 437, सहित अन्य छात्र लोग मौजूद थे।

# भ्रष्टाचार का भाईचारा वाला गठबंधन है इंडी गठबंधन : विजय

## डिप्टी सीएम बोलें- पीएम ने 10 वर्ष मां भारती के संतानों के उत्थान के लिए काम किया

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्ष मां भारती के संतानों के उत्थान और कल्याण के लिए मनोयोग से काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने ठहरी हुई विरासत को आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सही अर्थों में इंडी गठबंधन भ्रष्टाचार का भाईचारा वाला गठबंधन है। भाजपा मीडिया सेंटर में सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री सिन्हा ने कहा कि एक दिन पहले हम सभी ने रामलीला मैदान में भ्रष्टाचार के भाईचारा का डेली शोप देखा। सभी लोग अपने भ्रष्टाचार को सही साबित करने में जुटे थे। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि भ्रष्टाचार हटाओ, मगर इंडी गठबंधन के नेता कहते हैं भ्रष्टाचारी को लाओ। उन्होंने कहा कि गठबंधन के नेता प्रधानमंत्री मोदी पर चाहे कितने भी हमले कर लें, प्रधानमंत्री मोदी रुकने वाले नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी के लिए देश की 140 करोड़ जनता उनका परिवार है, और मोदी जी अपने परिवार को भ्रष्टाचारियों से बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। जिसने देश को लूटा है, उसे लौटाना ही पड़ेगा, ये मोदी की गारंटी है। उन्होंने गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली में तो इलु-इलू कर रही है, लेकिन पंजाब में हम आपके हैं कौन हो रहा है। पश्चिम बंगाल में ममता ने साथ में लड़ने से इनकार कर दिया। उन्होंने आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिस पार्टी के नेता कहते थे कि मैं कट्टर ईमानदार हूं, वे कट्टर बेईमान तो बन ही गए, साथ ही कट्टर भ्रष्टाचारियों और कट्टर घोटालेबाजों के भी साथ जाकर खड़े हो गए। जिस पार्टी के नेता कहते थे कि मैं तो आम आदमी हूं, यो आज कोर्ट में कह रहे हैं कि मुझे रिमांड में क्यों लिया, मैं तो मुख्यमंत्री हूं। जो अन्ना के शरण में थे, वे लालू, हेमंत सोरेन और राहुल गाँधी की शरण में आ गए हैं। उन्होंने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस पार्टी के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव मुख्यमंत्री रहते हुए घोटाले में दोषी साबित होने वाले देश के पहले मुख्यमंत्री हैं, वे आज भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने की बात कह रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने सवाल करते हुए कहा कि कांग्रेस बताये कि इनकम टैक्स ने जो नोटिस दिया है, वह सही है या गलत? आपने टैक्स चोरी की या नहीं? कांग्रेस बताये कि उसने समय पर इनकम टैक्स फाइल क्यों नहीं की? आय को कम करके क्यों बताया? रोहिणी आचार्य के सारण से चुनाव लड़ने के संबंध में पूछे जाने पर उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने तंज कसते हुए कहा कि लालू प्रसाद सारण की बेटी ऐश्वर्या के साथ कब न्याय करेंगे। आज उन्हें रोहिणी की चिंता है, लेकिन अपनी बहू ऐश्वर्या को अपने सियासी हित के लिए छोड़ दिया। सारण की जनता उसका बदला इस चुनाव में जरूर लेगी। प्रेसवार्ता मे प्रदेश मीडिया संयोजक दानिश इकबाल, प्रवक्ता कुंतल कृष्ण, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू, मीडिया पैनलिस्ट नीरज कुमार उपस्थित रहे।

# विपक्ष को लोकतंत्र से कोई लेना देना नहीं : नित्यानंद

- केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री ने इंडिया गठबंधन पर साधा निशाना

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आखिर लोकतंत्र की हत्या करने वाले लोग कैसे लोकतंत्र को बचाने की बात कर सकते हैं? इन लोगों को लोकतंत्र का मतलब तक नहीं पता है। ये लोग संविधान का मतलब तक नहीं समझते। उन्होंने कहा, यह सब परिवारवादी लोग हैं। ये कई तरह के भ्रष्टाचार के मामलों में संलिप्त रहे हैं और अब यह लोग सिर्फ और सिर्फ अपने सियासी हित को ध्यान में रखते हुए लोकतंत्र बचाने की बात कर रहे हैं, लेकिन सही मायने में इन लोगों को ना ही लोकतंत्र से कोई लेना-देना है और ना ही जनता के हित से कोई सरोकार है। नित्यानंद राय ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग जनता को बेबकूफ समझते हैं, लेकिन जनता सब समझती है। सही मायने में देखें तो लोकतंत्र के पुजारी कोई और नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं, जिनके नेतृत्व में विकास की गंगा बह रही है। लोकतंत्र के मूल मंत्र को किसी और ने नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही स्थापित किया है, लेकिन कुछ लोग महज अपने सियासी फायदे के लिए लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाने पर आमादा हो चुके हैं, लेकिन इन लोगों को इससे कोई फायदा होने वाला नहीं है। वहीं, नित्यानंद राय ने आगे मोदी की गारंटी का उल्लेख करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब है कि इस देश से 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाया गया। कमजोर तबके के लोगों को मुफ्त उपचार की सुविधा मिल पा रही है। इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से आयुष्मान योजना की शुरुआत की गई। उन्होंने आगे कहा, मोदी की गारंटी रोजगार देने की गारंटी है। मोदी की गारंटी सीमा की सुरक्षा की गारंटी है। देश में शांति व्यवस्था की गारंटी है। इंडी गठबंधन के लोगों की गारंटी लोकतंत्री की हत्या करने की गारंटी है। मोदी की गारंटी गरीबों को घर देने की गारंटी है। मोदी की गारंटी हर घर गांव-गांव बिजली पहुंचाने की गारंटी है।

# नमो-नीतीश के राज में आधी आबादी को हुआ उनकी ताकत का एहसास: राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि देश का राजनीतिक इतिहास गवाह है कि परिवारवादी दलों ने कभी भी महिलाओं को वोट बैंक से आगे नहीं बढने दिया। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार जैसे नेताओं ने सत्ता संभालने के पहले दिन से ही महिलाओं का विकास और सशक्तिकरण को अपनी प्राथमिकताओं में शुमार रखा है। दोनों नेताओं ने कई क्रांतिकारी योजनाएं शुरू की जिससे पहली बार देश की आधी आबादी को अपनी ताकत का एहसास हुआ। श्री रंजन ने कहा कि यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कामों का परिणाम ही है कि जिस बिहार में महिलाएं घर से बाहर नहीं निकलती थी, वहां आज वह पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। बिहार सरकार ने उनकी शिक्षा से लेकर नौकरियों तक के लिए व्यापक प्रबंध किये हैं, जिसके कारण आज स्कूल-कॉलेजों में लड़कियों की संख्या जहां लड़कों के बराबर हो गयी है, वहीं सरकारी दफ्तरों में वह पुरुषों को टक्कर दे रही हैं। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि नीतीश सरकार में ही बिहार देश का पहला राज्य बना जहां महिलाओं को सरकारी नौकरी में सशक्त हिस्सेदारी दिलाने के लिए 35 फीसदी का आरक्षण दिया गया। वहीं शिक्षा विभाग की नौकरियों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत तक आरक्षण का प्रावधान किया गया। इसी तरह सरकारी दफ्तरों में पोस्टिंग में भी महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। इन्हीं वजहों से आज बिहार में देश के किसी भी राज्य से ज्यादा महिलाएं पुलिस विभाग में काम कर रही हैं.। उन्होंने कहा कि इसी तरह महिलाओं को सशक्त और सामर्थ्यवान करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की पहल से देश में उज्जवला योजना, नल-जल योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, फ्री सिलाई मशीन योजना, मातृत्व वंदना योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना जैसी कई योजनाओं की शुरूआत हुई जिससे आज बड़ी संख्या में महिलाओं को लाभ मिल रहा है। यहां तक की उनकी पहल से ही पहली बार देश को महिला आदिवासी राष्ट्रपति मिली है।

# पलायन रोकने के लिए करूंगा काम : तारिक

- पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने टिकट मिलने पर आलाकमान को जताया आभार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



कटिहार सीट पर जारी ऊहापोह की स्थिति पर विराम लगाते हुए कांग्रेस ने तारिक अनवर को फिर से अपना प्रत्याशी बनाया है। बेशक, इस बार कांग्रेस ने इस सीट से प्रत्याशी उतारने में विलंब किया, लेकिन आखिरी में दांव तारिक अनवर पर ही लगाना मुनासिब समझा। वहीं, प्रत्याशी बनाए जाने के बाद तारिक अनवर कटिहार पहुंचे जहां रेलवे स्टेशन पर कांग्रेस और महागठबंधन के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। बताया जा रहा है कि राजद का एक बड़ा तबका उनसे खफा है, लेकिन तारिक ने मीडिया से बातचीत के दौरान दो टूक कह दिया कि वो जल्द ही इस नाराजगी को खत्म कर देंगे। वहीं, कांग्रेस की ओर से कटिहार से प्रत्याशी बनाए जाने के बाद तारिक अनवर से जब सवाल किया गया कि इस बार अगर वो चुनाव जीतने में सफल रहते हैं, तो उनकी क्या प्राथमिकता रहेगी? इस पर उन्होंने कहा, कटिहार पिछड़ा इलाका है। ऐसे में अगर मुझे इस बार यहां से जनता का आशीर्वाद मिलता है, तो मैं यहां के विकास के लिए काम करूंगा। इससे पहले जब-जब मैं इस सीट से सांसद बना, तो मैं यहां के लिए कुछ ना कुछ किया। कई ऐसी योजनाएं लेकर आया, जिससे यहां के लोगों को फायदा पहुंच सके। उन्होंने कहा, हमारी कोशिश रहेगी कि यहां कल कारखाने स्थापित हों, ताकि लोगों को रोजगार मिले और उनका पलायन रूक सके। वहीं, जब उनसे यह पूछा गया कि राजद आपसे नाराज है, तो इस पर उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर मैं राजद की नाराजगी को दूर करने का काम करूंगा। इसके अलावा उनसे जब पूछा गया कि इस बार यहां से आपको टिकट देने में विलंब किया गया, इसे आप कैसे देखते हैं। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा ही कटिहार की जनता की सेवा में तत्पर रहा हूं। हारने के बावजूद भी मैं कटिहार की जनता की खिदमत में रहा हूं और रहूंगा।

# जन सुराज की सोंच को लोगों तक पहुंचाएं : पीके

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जन सुराज के संस्थापक और पदयात्रा अभियान के प्रणेता प्रशांत किशोर ने कार्यकताओं से घर - घर जाकर लोगों से संपर्क करने तथा जन सुराज की सोंच से अवगत कराने की अपील की है। सोमवार को पटना में संगठन के पदाधिकारियों की बैठक में उन्होंने उक्त निर्देश दिए। प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार की जनता भाजपा,राजद, जदयू और कांग्रेस सभी से त्रस्त है। इन दलों की सरकारों ने बिहार के विकास की कभी चिन्ता नहीं की। शिक्षा व्यवस्था चौपट है और पढ़ाई व रोजी-रोटी के लिए पलायन यहां की सबसे बड़ी समस्या है। बिहार में न तो कल कारखाने लगाए गए और ना ही रोजगार के संसाधन उपलब्ध कराया गया। अलबत्ता यहां उक्त सरकारों ने बिहारियों को दूसरे प्रदेशों में मजदूरी करने और अपमानित होने के लिए छोड़ दिया है। प्रशांत किशोर ने बिहार के सभी जन सुराजी साथियों को प्रत्येक घरों में पहुंच कर लोगों को जन सुराज के मकसद से अवगत कराने और उन्हें जन सुराज के उद्देश्यों को समझाने, अधिकाधिक लोगों को जन सुराज का संस्थापक सदस्य बनाने और बिहार के नव निर्माण में सभी बिहारियों को भागीदार बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए जागरूक करने की अपील की। ज्ञात हो कि प्रत्येक जिले में अलग-अलग कैंप खोले जा रहे हैं जहां उस क्षेत्र के पदयात्री कैंप में रहकर निकटवर्ती गांवों में जा रहे हैं और घर - घर दस्तक दे कर जनसंपर्क कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों ने सभी दलों का शासन और उनका काम देख लिया है। बिहारियों को एक नया राजनीतिक विकल्प की तलाश है जिसकी पूर्ति जन सुराज से ही संभव है। उक्त जानकारी आज यहां जारी एक बयान में जन सुराज के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने दी। श्री ठाकुर ने कहा कि जन सुराज का कैंप एक तरह से कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर है जहां जन सुराजी पदयात्रियों को जन संपर्क करने और जनप्रतिनिधि बनने के गुरु सिखाया जाता है।

# कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता असित तिवारी ने छोड़ी पार्टी



पटना। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद बिहार कांग्रेस को लगातार झटका लग रहा है। रविवार को पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा ने पार्टी छोडी, तो सोमवार को पार्टी के प्रवक्ता असित नाथ तिवारी ने पार्टी से त्यागपत्र दे दिया। तिवारी ने प्रदेश अध्यक्ष को लिखे एक पत्र में कहा है कि वे सिर्फ पार्टी के प्रवक्ता पद से नहीं, बल्कि पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका इस्तीफा व्यक्तिगत कारणों से है। पार्टी के किसी नेता या कार्यकर्ता से उनको कोई शिकायत नहीं है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने इस बाबत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखा है। गौरतलब है कि बिहार में कांग्रेस महागठबंधन में शामिल है और लोकसभा चुनाव मे उसके कोटे मे नौ सीटें आईं हैं।

# सत्संग परिवार ने जरुरतमंदों के बीच बांटे राहत सामग्री

पटना। नारायण रेकी सत्संग परिवार के पटना हेड अरविन्द कुमार ने जरूरतमंद रिक्शावालों, ठेलावालों, सब्जीवालों के बीच करीब 300 नई टी शर्ट का वितरण किया। टी शर्ट पाकर सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे। यह वितरण अंटा घाट के पास बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पास किया गया। मौके पर नारायण रेकी के पटना हेड अरविन्द कुमार ने कहा कि गर्मी के मौसम में लोगोंको हलके वस्त्र पहनने में आसानी होती है। कुमार ने कहा कि नारायण रेकी का उद्देश्य है मानवता की सेवा और लोगों की भलाई करना। कुमार ने बताया कि नारायण रेकी सत्संग परिवार की संस्थापिका राज दीदी का कहना है कि नर सेवा हीं नारायण सेवा है। भगवान ने हमें मानव में जन्म दिया है तो हम अधिक से अधिक लोगों की सेवा करें। मौके पर बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व उपाध्यक्ष मुकेश जैन ने कहा कि नारायण रेकी सत्संग परिवार की यह बहुत हीं अच्छी पहल पटना हेड अरविन्द कुमार द्वारा की गई है। इस तरह का कार्य भविष्य में भी उनके द्वारा किय जाएगा। मौके पर एम पी जैन ने बताया की आज के टी शर्ट वितरण में सत्संग परिवार की पिंकी सिंह, शशि शेखर, संजीव कुमार सहित सुगादेवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित राज अकेला, प्रभु आहार के अध्यक्ष राकेश कुमार सहित अन्य लगे हुए थे।

# प्रदर्शन कर रहे अतिथि शिक्षकों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज

## नौकरी जाने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे अतिथि शिक्षक



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजधानी में नौकरी जाने के विरोध में प्रर्दशन कर रहे अतिथि शिक्षकों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इसमें कई शिक्षक चोटिल हो गए। अतिथि शिक्षकों का आरोप है कि इन लोगों की सेवा बिहार सरकार ने 31 मार्च को समाप्त कर दी। इस कारण उनका रोजगार छिन गया। सोमवार दोपहर शांतिपूर्ण तरीके से मुख्यमंत्री आवास के सामने प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन आचार संहिता की बात कहकर पुलिसकर्मियों ने बेरहमी से पिटाई की। अतिथि शिक्षकों का आरोप है कि हमलोग पुलिस से गुहार लगाते रहे लेकिन वह हमलोगों को बेरहमी से पीटते रहे। अतिथि शिक्षकों ने कहा कि हमलोगों की संख्या 4257 है। जब प्रदेश में शिक्षकों की कमी थी तो उन लोगों से सेवा ली गई और बिहार का शैक्षणिक स्तर सुधरा तो उन्हें परमानेंट करने के बदले एक झटके में नौकरी से हटा दिया गया। दरअसल, अतिथि शिक्षकों ने सीएम हाउस का घेराव किया। वहीं पुलिस ने अतिथि शिक्षकों को सीबीआई कार्यालय के सामने ही रोक दिया। इसी क्रम में पुलिस ने अतिथि शिक्षकों पर लाठीचार्ज भी किया। गौरतलब हो कि, शिक्षा विभाग के आदेश के अनुसार आज यानी 1 अप्रैल से करीब 4257 अतिथि शिक्षक बेरोजगार हो गए हैं। बीते दिन शिक्षा विभाग ने उच्च माध्यमिक स्कूलों में कार्यरत हजारों शिक्षकों को नौकरी से हटाने के लिए पत्र जारी कर दिया था। शिक्षा विभाग ने उच्च माध्यमिक विद्यालयों में विभागीय संकल्प संख्या 51 दिनांक 25.01.2018 का हवाला देते हुए शिक्षकों से सेवा ना लेने का आदेश दे दिया है। शिक्षा विभाग ने बीते दिन पत्र जारी कर कहा था कि 1 अप्रैल से किसी भी परिस्थिति में अतिथि शिक्षकों से सेवा नहीं ली जाएगी। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारियों को अतिथि शिक्षकों के सेवा में नहीं होने का प्रमाण पत्र भी शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराना होगा।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत असली धारकों को वापस किये जा रहे मोबाइल



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

ऑपरेशन मुस्कान के अठावें चरण में अबतक 1 करोड़ 65 लाख के मोबाइल को उनके असली धारकों को वापस किया जा चुका है। दरअसल, सोमवार को पटना सेंट्रल एसपी चंद्र प्रकाश ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत 22 लाख 60 हजार के मोबाइल को उनके असल धारकों को बुलाकर वापस किया जा रहा है। ऐसे में अपने गुम और चोरी हुए मोबाइलों को पुनः मिलने की आस छोड़ चुके लोगों ने मोबाइल वापस पाते ही पटना पुलिस का धन्यवाद किया है। वही सेंट्रल एसपी ने कहा कि इस मामले में कार्रवाई करते हुए पटना पुलिस ने कुल 23 लोगों को मोबाइल चोरी मामले में सलाखों के पीछे भेजा है। सेंट्रल एसपी चंद्र प्रकाश ने बताया कि लगातार ऐसी मुहिम हम चला रहे हैं और ऑपरेशन मुस्कान के तहत लोगों के गुम हुए चोरी हुए, खोए हुए मोबाइलों को उनको वापस कर रहे हैं। जिससे पटना पुलिस के प्रति लोगों में काफी विश्वास देखने को मिल रहा है। वहीं एसपी चंद्र प्रकाश ने कहा कि मॉर्निंग वॉक और इवनिंग वॉक के द्वारा राजधानी में हर पार्क के बाहर सिविल ड्रेस में पुलिस के जवानों को नियुक्त किया गया है। जिसके कारण मोबाइल स्नेचिंग की घटनाओं में काफी कमी देखने को मिल रही है। सेंट्रल एसपी चंद्रप्रकाश ने यह भी बताया कि राजधानी के सुनसान सड़क पर पेट्रोलिंग बढ़ाई जा रही है जिसके कारण स्नैचिंग की घटनाओं में रोकने में मदद मिलेगी।

# मनरेगा मजदूरों को मिले 600 रुपये मजदूरी : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम की मजदूरी में मात्र 17 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। यह बढ़ोतरी उंट के मुंह में जीरा के बराबर है। केंद्र सरकार मनरेगा मजदूरों को प्रत्येक दिन कम से कम 600 रुपये मजदूरी करे, और साल में दो सौ दिन कार्य की गारंटी करें। भाकपा राज्य सचिव ने बयान जारी कर कहा कि केंद्र सरकार ने एक अप्रैल 2024 से मनरेगा तहत श्रमिकों को 245 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी देने का फैसला लिया है। बढ़ी हुई यह दर लागू हो गई है जबकि वितिय वर्ष 2023-24 में बिहार मे मनरेगा मजदूरों को प्रतिदिन की मजदूरी 228 रुपये थी। इस तरह मात्र 17 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने कहा कि महंगाई आमान छू रहा है। इसके वाबजूद सम्मान जनक बढ़ोतरी नहीं की गई है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के समर्थन से 2004 में बनी केंद्र सरकार ने मनरेगा लागू किया था। इसका उद्वेश्य ग्रामीण मजदूरों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराना और पलायन को रोकना था, लेकिन केंद्र की मौजूदा भाजपा सरकार मनरेगा को बंद करने पर तुली हुई है और मजदूरी में सम्मान जनक बढ़ोतरी नहीं कर रही है।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी केंद्र सरकार से मनरेगा की मजदूरी 600 रुपये प्रतिदिन करने और साल में 200 दिन कार्य उपलब्ध कराने की मांग करती है।

# अतिथि शिक्षकों पर लाठीचार्ज घोर निंदनीय : अरुण

- सरकार अतिथि शिक्षकों की सेवा अविलंब बहाल करे

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने अतिथि शिक्षकों पर पटना पुलिस प्रशासन द्वारा जबरन बर्बरतापूर्ण तरीके से दौरा-दौरा कर लाठीचार्ज कर पिटाई किए जाने की घोर निंदा करते हुए कहा कि बिहार में भाजपा की सरकार आते ही अतिथि शिक्षकों हो या नियोजित शिक्षक हो प्रदेश के सभी शिक्षकों के साथ जुल्म और बर्बरता शुरू हो गयी है। श्री यादव ने कहा कि अतिथि शिक्षकों के साथ इस तरह की पुलिसिया जुल्म दशार्ता है कि जदयू-भाजपा सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर लोकतंत्र की हत्या करने पर उतारू है। सरकार लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से विरोध करने का अधिकार पुलिसिया लाठी-डंडे के सहारे छीनना चाहती है। श्री यादव ने कहा कि 6 सालों से बिहार के उच्च माध्यमिक विद्यालय में पढ़ा रहे चार हजार से अधिक अतिथि शिक्षकों का सेवा समाप्त करने का फैसला बिहार सरकार का घोर निंदनीय है। नौकरी मुहैया करने के बदले बिहार की सरकार नौकरी खाने में लगी हुई है। बिहार सरकार अतिथि शिक्षकों की अविलंब सेवा बहाल करे।

# 4 अप्रैल को पप्पू यादव करेंगे नामांकन

पटना। बिहार के पूर्णिया में लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर पप्पू यादव और राजद सुप्रीमो लालू यादव के बीच खींचतान खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इस लोकसभा सीट को लेकर पप्पू यादव अकेले मोर्चा खोले हुए हैं। पप्पू यादव महागठबंधन की मीटिंग में भी शामिल होने नहीं पहुंच रहे हैं। हालांकि, वो यहां से कांग्रेस के सिंबल पर चुनाव लड़ने पर अड़े हुए हैं। इसको लेकर उन्होंने नामांकन दर्ज करवाने का डेट भी जारी किया था, जिसमें अब बदलाव कर दिया गया है। इसके साथ ही अब पप्पू यादव ने एक बार फिर ट्वीट कर लालू यादव से बड़ी मांग की है। पप्पू यादव ने ट्वीट करते हुए लिखा है कि - देश भर में फैले पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र के साथी मेरे जन नामांकन में शामिल होना चाहते हैं, उनकी सुविधा के लिए पूर्णिया की महान जनता द्वारा प्रस्तावित नामांकन तिथि 2 अप्रैल की जगह 4 अप्रैल हो गया है। आप सब इसमें शामिल हो और आशीष दें! इसके साथ ही अब बिल्कुल साफ हो गया है कि पप्पू यादव किसी भी हाल में इस लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में होंगे और उनका टक्कर बीमा भारती से हो सकता है।

## लोस चुनाव : टिकट बंटवारे में एनडीए गठबंधन का सोशल इंजिनियरिंग

# पहला चरण:दोनों सुरक्षित सीट पर राजग ने विजयी प्रत्याशी बदले

पटना, प्रात : किरण







लोकसभा चुनाव को लेकर एनडीए व इंडिया गठबंधन में टिकट बंटवारे में सोशल इंजिनियरिंग का सहारा लिया है। प्रथम चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव में चार सीटों में से दो सुरक्षित सीट गया (सु) और जमुई (सु) सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक ने अपने विजयी प्रत्याशी बदल दिये हैं। बिहार में लोकसभा की 40 सीटों में से हाजीपुर, समस्तीपुर जमुई, गोपालगंज, सासाराम और गया सुरक्षित सीट है। बिहार में प्रथम चरण में चार सीट गया (सु), औरंगाबाद, नवादा और जमुई (सु.) के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को होगा। इनमें दो (सु) सीट गया और जमुई पर राजग ने अपने विजयी प्रत्याशी बदल दिये हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में राजग में शामिल जनता दल यूनाईटेड प्रत्याशी विजय कुमार मांझी ने हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के उम्मीदवार महागठबंधन के प्रत्याशी जीतन राम मांझी को पराजित किया था। वर्ष 2024 के चुनाव में जीतन राम मांझी महागठंधन छोड़कर राजग गठबंधन में शामिल हो गये हैं। राजग के घटक दलों के बीच सीटों के तालमेल में गया (सु) सीट इस बार पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी (हम) को दे दी गई है। इस तरह से वर्ष 2019 में जदयू के टिकट पर विजयी विजय कुमार मांझी इस बार के चुनावी संग्राम से बाहर हैं। गया (सु) सीट पर हम प्रत्याशी जीतन राम मांझी चुनाल खुद लड़ रहे हैं वहीं इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडी गठबंधन) में शामिल (राजद) प्रत्याशी और बोधगया के विधायक कुमार सर्वजीत चुनावी रणभूमि में ताल ठोक रहे हैं। गया (सु) इस बार के लोकसभा चुनाव में एकमात्र सीट है, जहां दो विधायक जीतन राम मांझी और कुमार सर्वजीत के बीच मुकाबला होगा। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में जमुई (सु) सीट पर राजग में शामिल लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के टिकट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के पुत्र चिराग पासवान पासवान ने राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (रालोसपा) उम्मीदवार और पूर्व सांसद भूदेव चौधरी को पराजित किया था। इस बार के चुनाव में राजग के घटक दल लोजपा-रामविलास से चिराग पासवान ने जमुई (सु) सीट से अपने जीजा अरुण भारती को उम्मीदवार बनाया है। चिराग पासवान ने हाजीपुर (सु) लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। वहीं, इस बार के लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन में शामिल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने जमुई (सु) सीट से अर्चना रविदास को उम्मीदवार बनाया है।अर्चना रविदास मुंगेर के राजद नेता मुकेश यादव की पत्नी हैं और उनका मायका जमुई क्षेत्र में है। अर्चना रविदास पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं।

# केजरीवाल को फंसाने का आरोप सियासी शगूफा: मोदी

पटना। पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा है कि शराब घोटाले में गिरफ्तार अरविंद केजरीवाल को अदालत से कोई राहत नहीं मिलना और 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज देना साबित करता है कि उन्हें फंसाने के राजनीतिक आरोप में कोई दम नहीं है। सुशील मोदी ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री और तीन अन्य दागी मंत्रियों के खिलाफ ईडी के पास घोटालों के इतने पुष्ट प्रमाण हैं कि इनमें से किसी को देश की किसी अदालत से राहत नहीं मिली। केजरीवाल सरकार के मंत्री मनीष सिसोदिया, सत्येन्द्र जैन और संजय सिंह भी जेल में हैं। किसी को जमानत क्यों नहीं मिली? उन्होंने कहा कि पूरी दिल्ली सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है और उसके तार आतंकी संगठनों से जुड़ रहे हैं। भ्रष्टाचार में डूबे ऐसे लोगों के समर्थन में रैली करने वाले दल जनता को गुमराह करने के लिए लोकतंत्र पर खतरा बता रहे हैं।

# पीएम मोदी आज सभी बूथ अध्यक्ष सहित लाखों कार्यकर्ताओं से करेंगे सीधा संवाद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को धार देने के लिए आज बिहार के सभी बूथ कमिटी, अध्यक्ष, सभी पन्ना प्रमुखों से सीधा संवाद करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज यानि मंगलवार को प्रदेश के सभी बूथ कमिटी, बूथ अध्यक्ष, सभी पन्ना प्रमुखों और लाखों कार्यकताओं से सीधा संवाद करेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव की तैयारियों को जानना और उसे गति देना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अपने संवाद में कार्यकताओं में उत्साह का संचार करेंगे तथा उनका मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा इस चुनाव मे प्रदेश की सभी 40 सीटों पर एनडीए के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री से सीधे संवाद को लेकर भाजपा कार्यकताओं मे अभी से ही उत्साह है और ये सभी उस पल का इन्तजार कर रहे हैं जब प्रधानमंत्री उनसे संवाद करेंगे। श्री चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री इस संवाद मे नमो एप्प, नमो टीवी तथा प्रधानमंत्री जी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल नरेन्द्र मोदी से हजारों लोगों से जुड़ेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### पति पर अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप

मुजफ्फरपुर जिले के औराई थाना क्षेत्र के एक गांव में दहेज की मांग को लेकर एक महिला की आपत्तिजनक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने पति पर आरोप लगाया है कि उसने दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी अश्लील तस्वीरें वायरल कीं। पीड़िता ने बताया कि उसके पति ने 2022 में वाट्सएप पर तलाक का संदेश भेजा था और बाद में उसे साथ रखने के लिए 10 लाख रुपए की मांग की। इस मामले में महिला ने महिला थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई और पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मुकदमा भी किया। इसी महीने 4 मार्च को, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय के कोर्ट ने पति की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी। पीड़िता ने इस घटना से आहत होकर कहा कि इस घटना के बाद से उसका घर से निकलना दूभर हो गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी पति की तलाश जारी है।

### दहेज हत्या मामले में पति समेत 3 गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर ।जिले के नगर थाना क्षेत्र के पंकज मार्केट मोहल्ला में 28 वर्षीय आरती कुमारी की दहेज हत्या के मामले में पुलिस ने उसके पति धिरुदीप साह, ससुर दीप नारायण साह और देवर दिवेश साह को गिरफ्तार कर लिया है। आरती के पिता सिकंदरपुर अनुपम कॉलोनी निवासी नीरज कुमार गुप्ता के आवेदन पर दहेज हत्या की एफआईआर दर्ज की गई है। शनिवार को देर शाम में तीनों को नगर थाने की पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, लेकिन तकनीकि कारणों से तीनों को फिर से रविवार को कोर्ट पेश किया जाएगा। बता दें कि शुक्रवार को पंकज मार्केट मोहल्ला में आरती की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई थी। उसके गले पर फंदे का काला निशान था। नीरज ने आरोप लगाया है कि दहेज के लिए आरती को प्रताड़ित किया जा रहा था। ससुराल वालों ने उसके फंदे से लटका कर हत्या कर दी है। नीरज ने पति, ससुर, देवर, सास, ननद, नंदोई, चचेरा देवर और गोतनी को नामजद करते हुए एफआईआर दर्ज कराई है।

### जदयू नेता के दरवाजे पर से 10 बोरा गेंहू लेकर भाग गए चोर

बोचहा।थाना क्षेत्र के आदिगोपालपुर गांव से रविवार की देर रात चोरों ने जदयू नेता प्रमोद मिश्र के दरवाजे पर रखे हुए 10 बोरा गेंहू लेकर रफूचक्कर हो गए। सुबह दरवाजे पर गेंहू नहीं देख परिवार के लोग दंग रह गए। वही एक चापाकल के हेड भी खोल लिया। इसके अलावा आसपास घरों के दरवाजे पर से पानी मोटर खोलने के लिए चोरों ने काफी प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। जदयू नेता प्रमोद मिश्र के बड़े भाई विनोद मिश्र ने बताया कि रविवार को दिनभर मशीन से गेंहू की दौनी की गई थी और दरवाजे पर ही बोरे में गेंहू रखकर छोड़ दिया गया था। लेकिन सुबह गेंहू से भरा बोरा गायब मिला। दरवाजे पर चार पहिया वाहन के चक्के के निशान पाया गया और मुजफ्फरपुर की ओर करीब एक किलोमीटर दूरी तक सड़क पर गेंहू गिरा हुआ मिला है। इससे आशंका जताई जा रही है चार पहिया मालवाहक वाहन के साथ आया चोर ने घटना का अंजाम दिया है।

### चैत्र नवरात्रा के अवसर पर होगी भागवत कथा का आयोजन

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड के सिंघिया बुजुर्ग मां काली पूजा समिति के द्वारा चैत्र नवरात्रा के अवसर पर सिंघिया घाट पेठिया गाछी में भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। यह कथा 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक संध्या 6:00 से रात्रि के 10:00 बजे तक होगी। कथावाचक वृंदावन धाम के हरिदास जी महाराज हैं। उक्त बात की जानकारी सिंघिया बुजुर्ग स्थित मा काली मंदिर परिसर में कार्यक्रम आयोजन हेतु बैठक के माध्यम से कमेटी के अध्यक्ष रामयतन प्रसाद ने दी। मौके पर उपाध्यक्ष डॉ राम प्रमोद सिंह, सचिव वरुण यादव, संजय कुमार, अशोक कुमार, वशिष्ठ नारायण सिंह, रामेश्वर महतो आदि मौजूद थे।

### शहीद बजरंगी सदा का 30 वीं शहादत दिवस मनाया

अलौली खगड़िया। सामाजिक संगठन फरकिया मिशन देश बचाओ अभियान के तत्वावधान में शहीद बजरंगी सदा का 30 वीं शहादत दिवस हथवन महादलित टोला में मनाया गया। इस अवसर पर शहीद के स्मारक पर माल्यार्पण पुष्पांजलि समर्पित कर तथा 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई तथा शहीद बजरंगी सदा अमर रहे, शहीदों तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे, नारों को बुलंद किया गया। शोक सभा कार्यक्रम में शिक्षित बनने, संगठित होने, संघर्ष करने, शराब निर्माण व सेवन पर रोक लगाने, बच्चों को स्कूल में नामांकन करने का संकल्प लिया।

# मतदानकर्मियों के प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर की भूमिका महत्वपूर्ण : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



हाजीपुर।जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा ने आज समाहरणालय सभा कक्ष में मतदानकर्मियों के मास्टर ट्रेनरों को संबोधित करते हुए कहा कि पीठासीन पदाधिकारियों और मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर की भूमिका महत्वपूर्ण है। मास्टर ट्रेनर ठीक से ट्रेनिंग लें, ताकि ठीक से ट्रेनिंग दें सकें। आज समाहरणालय सभा कक्ष में प्रशिक्षण कोषांग द्वारा प्रशिक्षण देने हेतु चयनित 105 मास्टर ट्रेनरों के लिए प्रशिक्षण सत्र रखा गया था। जिला पदाधिकारी ने कहा कि मास्टर ट्रेनर ईवीएम और वीवीपैट की पूरी जानकारी रखें। इवीएम के बैलेट यूनिट और कंट्रोल यूनिट को ठीक से जानें। उन्होनें अधिकारियों को निदेश दिया कि 03 अप्रैल 2024 को मास्टर ट्रेनरों की भी परीक्षा ली जाये, ताकि पता चल सके कि वे मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण हेतु समुचित जानकारी प्राप्त कर सकें हैं या नहीं। विदित हो कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए पीठासीन पदाधिकारियों एवं मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम 04 अप्रैल से 13 अप्रैल तक चलाया जायेगा। प्रशिक्षण स्थल के रूप में राय वीरेन्द्र सिंह महाविद्यालय, कुतुबपुर कोठी, हाजीपुर, रामबालक राय कॉलेज, हाजीपुर और श्री मुल्कजादा सिंह इन्टर स्कूल, दिग्धी को चिन्हित किया गया।

# विद्युत पोल टूट जाने से प्रखंड क्षेत्र के कई गांव में विद्युत आपूर्ति हुआ बाधित

प्रात : किरण संवाददाता



राजापाकर ।राजापाकर टाउन फीडर में अचानक तीन विद्युत पोल पर एक बड़ा पेड़ गिर जाने से कई गांव के विद्युत आपूर्ति बाधित है। पावर सब स्टेशन राजापाकर के कनीय विद्युत अभियंता विक्रम कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है की पोल पर पेड़ गिर जाने से पावर सबस्टेशन क्षेत्र के बैकुंठपुर पनसला चौक गौसपुर बरियारपुर बखरी बराई फरीदपुर और पोखरैरा गांव का विद्युत आपूर्ति बाधित हो गया है। मंगलवार तक नया पोल गाड़ कर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दिया जाएगा।इस असुविधा के लिए खेत जताया हैं। साथ ही कनीय विद्युत अभियंता राजापाकर ने यह भी बताया है कि 33 के वी राजापाकर फीडर का मेंटेनेंस कार्य मंगलवार को प्रातः 9:00 बजे से 12:00 बजे दिन तक किया जाएगा।इसलिए राजापाकर सब स्टेशन से जुड़े सभी फीडर से उपभोक्ताओं का विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने अपील किया है कि सभी आवश्यक कार्य जैसे पानी का भंडारण 9:00 बजे प्रातः तक अवश्य कर लिया जाए।

# मतदाता जागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं जीविका दीदिया:डीएम



प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा ने आज जीविका दीदियों के साथ आयोजित जिला स्तरीय बैठक में मतदाता जागरूकता के लिए पूरे जिला में एक महीना से चलाये जा रहे स्वीप गतिविधियों का लोगो जारी किया। लोगो में वैशाली के विश्व शांति स्तूप के साथ-साथ वैशाली जिला अंतर्गत आने वाले सभी संसदीय लोकसभा संसदीय क्षेत्र के मतदान की तिथियों भी अंकित है। लोगो में लिखा है कोई भी मतदाता पीछे नहीं छूटे। जिला पदाधिकारी ने कहा कि विकास कार्यों में दीदियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वे इस बार जिला के मतदाताओं को बेहतर ढंग से जागरूक करते हुए मतदान प्रतिशत का लक्ष्य 70% (प्रतिशत) से उपर ले जाने में सहयोग करें। उन्होनें कहा कि वैशाली जिला में करीब 4.5 लाख जीविका के सदस्य है और वे कम से कम 5 (पाँच) सदस्यों को मोटिवेट करते है तो करीब 22 लाख मतदाताओं को वे वोट के लिए प्रेरित कर सकते है। उन्होनें कहा कि वे बिल्कुल निष्पक्ष होकर लोगों को वोट के लिए प्रेरित करें। गांव पंचायत के लोगों को बताएं कि वोटर पर्ची न रहने पर भी अन्य पहचान पत्र के सहारे भी वोट डाल सकते हैं। उन्होनें डोर-टू-डोर अभियान को तेज करने को कहा। जिला पदाधिकारी ने सभा में उपस्थित कुछ जीविका दीदियों से कम मतदान के कारणों के बारे में जाना और उनसे फिडबैक लिया। जीविका दीदियों ने शपथ लिया कि वे इस बार मिलकर मतदान प्रतिशत 70 पार ले जायेंगे। बैठक में अपर समाहर्ता, डीडीसी, वरीय प्रभारी पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह एसडीएम, महुआ, निदेशक, इक्ळअ, डीपीआरओ, डीपीएम (जीविका), डीपीओ (आईसीडीएस) सहित कई पदाधिकारी एवं करीब 300 जीविका दीदियों एवं उनके प्रखण्ड समन्वयक मौजूद थे।

# पुलिस बल ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली लोक सभा चुनाव को लेकर जिला पदाधिकारी के आदेश पर सुक्की कमला साईफन पुल की पूर्वी छोड़ पर सोमवार को एस. एस. टी. टीम द्वारा 34 बाबूबरही विधान सभा क्षेत्र में चेक पोस्ट स्थापित कर स्टाटिक मजिस्ट्रेट गणेश प्रसाद दीपक ,पुलिस पदाधिकारी एएसआई व्यास देव कुमर एव पुलिस बल के साथ सघन वाहन चेकिंग किया गया. वाहन चैकिंग के दौरान दो पहिया वाहन,चार चक्का वाहन एव भारी वाहन को रोक कर हेलमेट ऑनर बुक ड्राईवरी लाइसेंसडिक्की एव शरीर को चेकिंग किया गया. पुलिस पदाधिकारी एएसआई व्यास देव कुमर ने कहा कि 1 से 7 मई तक चेक पोस्ट पर सभी प्रकार की वाहन अपने वाहन को रोककर चेकिंग कराने की दिशा निर्देश दिया गया है.उन्होंने सभी वाइक ऑनर से अपील किया है. घर से वाइक सड़क पर ले जाने क्रम में वाहन की सभी कागजात एव हेलमेट रहना अनिवार्य है.यदि कोई भी वाहन चालक नियम का पालन नही करता है तो पकड़े जाने पर जुमार्ना राशि भरना पड़ेगा.वही एस स्टेटिक्स मजिस्ट्रेट गणेश प्रसाद दीपक ने कहा कि चयनित चेक पोस्ट पर 24 घंटे वाहन की जांच की जाएगी. उन्होंने कहा कि प्रथम दिन वाहन जाँच में सभी वाइक ऑनर की कागजात वैध पाया गया।

# पीएचडी सत्र 2022 और 2023 की प्रवेश परीक्षा संयुक्त रूप से कराने की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। यूजीसी का पीएचडी को लेकर नई नियमावली आने के बाद एआईएसएफ का प्रतिनिधि मंडल सोमवार को बिहार विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो० टी के डे से मिलकर पैट 2022 2023 की प्रवेश परीक्षा को संयुक्त रूप से करने की माँग की है। एआईएसएफ के जिलाध्यक्ष कॉमरेड महिपाल ओझा ने परीक्षा नियंत्रक से कहा कि विश्वविद्यालय का सत्र विलंभ होने की वजह से पीएचडी का सत्र अबतक पटरी पर नही आ सका है वही यूजीसी के नए आदेशानुसार अब विश्वविद्यालय पीएचडी की प्रवेश परीक्षा नही ले पाएगी दूसरी तरफ अबतक 2022 और 2023 कि परीक्षा लंबित है जिसकी वजह से हजारों छात्रों का भविष्य अधर में फंसा हुआ है एक तरफ कुलपति शोध को बढ़ावा देने की बात कहकर अन्य विश्वविद्यालयों से एमओयू कर रहे हैं दूसरी तरफ वो परीक्षा तक नही ले पा रहे हैं। जिला सचिव कंचन विद्रोही ने कहा कि विश्वविद्यालय कई बार परीक्षा की तिथि घोषित कर चुका है परंतु किसी न किसी कारण से उसे टाल दिया जाता रहा है। वही राज्य परिषद सदस्य अभिषेक कुशवाहा ने कहा कि विश्वविद्यालय जल्द से जल्द पोर्टल खोलकर नए आवेदकों को आवेदन करने का मौका दे कई छात्र पिछले छः महीने से पोर्टल खुलने का इंतजार कर रहे है परंतु विश्वविद्यालय अबतक इस विषय की तरफ कोई ध्यान नही दे रहा है इसको लेकर छात्रो में रोष व्याप्त है और एआईएसएफ जल्द इस मुद्दे को लेकर सड़क पर संघर्ष करेगी।

# 24 घंटे में तीन डिग्री बढ़ा तापमान

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। तापमान की रफ्तार लगातार तेज हो रही है। पिछले बीते 24 घंटे में अधिकतम तापमान में तीन डिग्री की वृद्धि हुई। रविवार को अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 0.1 डिग्री कम रहा। वहीं सोमवार को अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचगया, जो सामान्य से 2.5 डिग्री अधिक बताया गया है। सुबह से तेज धूप निकली जो दिन भर बरकरार रही। मौसम पूवार्नुमान में अगले तीन दिनों तक अधिकतम तापमान में लगातार वृद्धि होगी। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा डाक्टर. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के अनुसार, अधिकतम तापमान मान 36.3 डिग्री पर पहुंचा। पछिया हवा 25.2 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। सापेक्ष आर्द्रता सुबह सात बजे 65 प्रतिशत तथा दोपहर दो बजे 28 प्रतिशत पर पहुंची। वरीय मौसम विज्ञानों डा. ए सत्तार ने कहा कि अगले 48 घंटे में अधिकतम तापमान में वृद्धि होगी। उत्तर बिहार के अधिकांश जिलों में आमतौर पर मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। इस अवधि में तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। इस वजह से अधिकतम तापमान 35 से 37 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान में भी वृद्धि होगी और यह 20 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने की संभावना है।

# नरकटिया चौड़ से मिली छात्रा की लाश, मैट्रिक रिजल्ट निकलने के बाद घर से थी गायब

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता



विभूतिपुर थाना क्षेत्र के आलमपुर कोदरिया स्थित नरकटिया चौर में जेसीबी से खोदे गढ्ढे से सोमवार की दोपहर पुलिस ने एक छात्रा की शव बरामद की है। लाश मिलने की सूचना मिलते ही मृतका छात्रा की मां सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार को छात्रा घास लेने का बहाना बनाकर घर से निकली थी। परंतु शाम तक वह घर वापस नहीं आई। रात्रि में परिजन काफी खोजबीन करते रहे फिर भी उसका कुछ अता-पता नहीं चला। सोमवार को करीब ढाई बजे एक किसान चौर से लौट रहे थे तो उस छात्रा की गड्ढे में उपलाती लाश देखा। इसके बाद इसकी सूचना परिजन सहित गांव में कानों कान फैल गई। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस पहुंचकर लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रविवार को मैट्रिक का रिजल्ट निकला था। जिसमें वह उत्तीर्ण तो हो गई थी परंतु मनमाफिक स्थान प्राप्त नहीं हो सका था। इस कारण वह सदमे में थी। वैसे घटना किस प्रकार हुई इसका खुलासा तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।वही इस संबंध में थाना अध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने बताया कि प्रथम दृष्टया पानी में डूबने से छात्रा की मौत प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# दसवीं बोर्ड परीक्षा में कुल 40 छात्र में से 30 छात्र प्रथम स्थान प्राप्त कर कोचिंग का मान बढ़ाया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड़ क्षेत्र के भकुआ पंचायत के कसमा मरार गांव स्थित सरस्वती ज्ञान निकेतन कोचीन सेंटर से दसवीं बोर्ड परीक्षा में कुल 40 छात्र में से 30 छात्र प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रखंड़ क्षेत्र में कोचिंग सेंटर का मान सम्मान बढ़ाया है. वही तो सरस्वती ज्ञान निकेतन कोचिंग सेंटर के छात्र राकेश ठाकुर जो मटुक राउत रामप्रसाद उच्च विद्यालय भटचौरा के छात्र है.वे दसवीं बोर्ड की परीक्षा में 469 अंक , 93.8 प्रतिशत अंक लाकर पिता दिनेश ठाकुर, माता सुनीता देवी का नाम रौशन किया है. छात्र राकेश ठाकुर ने कहा कि पटना में उच्च संस्थान में आगे की पढ़ाई पूरी करके डॉक्टर बनना चाहता हूँ. डॉक्टर बनकर गांव ,समाज की सेवा करना चाहता हूँ. वही सरस्वती ज्ञान निकेतन कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर सुकदेव राउत एव प्राचार्य रीता पाल ने कहा कि कोचिंग सेंटर के नियमित छात्र ऋषि कुमार 445 अंक, विपुल कुमार 442 अंक,सुधांशु कुमार 432 अंक, चंदन कुमार 418 अंक, कमलेश राम 410 अंक लाया है. सरस्वती कोचिंग सेंटर के प्रिंसपल रीता पाल ने कहा कि 400 से ज्यादा अंक पाने वाले छात्र एव उससे कम अंक पाने वाले छात्र को कोचिंग संस्थान द्वारा सम्मानित किया जाएगा. इस मौके पर कोचिंग सेंटर के शिक्षक संजय कुमार सिंह,शिक्षिका प्रतिभा कुमारी,शिक्षक सुरेश राउत,पवन कुमार पाल, जगजीवन पासवान,मुकेश पाल ने सभी छात्रों को बधाई दी.

# आरएसके उच्च विद्यालय बिरनामा तुला का टॉपर बना आशुतोष कुमार



उजियारपुर, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षा 2024 में उजियारपुर प्रखंड अंतर्गत आरएसके उच्च विद्यालय विरनामा तुला के छात्र-छात्राओं ने शामिल होकर शत प्रतिशत सफलता हासिल की है। जिसमें आशुतोष कुमार 448 अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बना। वहीं नीतीश कुमार 437, मुस्कान कुमारी 422, नीतीश कुमार 412, काजल कुमारी 406, खुशी कुमारी 399, पूजा कुमारी 395, रौनक कुमार 377, दीप रानी 376, चुलबुली कुमारी 369, महेश कुमार 367, दिव्या रानी 346, सिमरन कुमारी 345, मनीष कुमार 342, रिमझिम कुमारी 322, पूजा कुमारी 319, ऋषिकेश कुमार 309, नेहा कुमारी 300, अभय कुमार 300 अंक एवं रंजीत कुमार 300 अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर माता-पिता, समाज एवं विद्यालय की मान बढ़ाया है। वहीं अन्य सभी छात्र-छात्राएं भी अच्छे अंकों के साथ द्वितीय एवं कुछ छात्र-छात्राएं तृतीय श्रेणी से भी उत्तीर्ण होकर सफलता हासिल की है। सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को दी है। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि अन्य वर्षो से अधिक छात्राओं ने इस वर्ष प्रथम श्रेणी से सफलता हासिल की है। अगले वर्ष शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं को प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने के लिए विद्यालय में सभी छात्र-छात्राओं को अनुशासित वातावरण में समुचित शिक्षा दी जा रही है। साथ ही उन्होंने सफल हुए सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक अमोद कुमार, रंजीत कुमार, सुरेंद्र कुमार सुमन एवं सफलता हासिल करने वाले छात्र-छात्राएं के अलावे वर्ग नवम के सैकड़ो की संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# मैट्रिक की परीक्षा नवम स्थान हासिल करने वाली स्मृति को एआईएसएफ ने किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

महुआ मैट्रिक परीक्षा में 480 अंक लाकर पूरे बिहार में 9वां स्थान हासिल करने वाली स्मृति कुमारी से छात्र नेता प्रकाश प्रियदर्शी ने घर पहुंचकर बधाई दिया । बिहार बोर्ड द्वारा पिछले दिनों दसवीं की रिजल्ट जारी हुई जिसमें महुआ प्रखंड के रसूलपुर मुबारक पंचायत की रहने वाली स्मृति कुमारी ने पूरे बिहार में नवमा स्थान प्राप्त की है ।ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन के जिला अध्यक्ष प्रकाश प्रियदर्शी ने स्मृति कुमारी को उसके पैतृक गांव में मिलकर शहीदे आजम भगत सिंह की फोटो भेंट की और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया । छात्र नेता ने कहा की स्मृति संभवतः यह कारनामा करने वाली इस क्षेत्र की पहली लड़की है ।इसने अपने परिवार, शिक्षकों के साथ-साथ पूरे क्षेत्र के लोगों को गौरवान्वित किया है ।गरीब वंचित आर्थिक रूप से कमजोर परिवार होने के बावजूद अपने मेहनत से इसने इस मुकाम को हासिल किया है ।स्मृति आगे चलकर भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती है,जिससे देश और समाज की सेवा कर सके। आगे चलकर स्मृति अपने लक्ष्य को प्राप्त करें अपने साथ क्षेत्र का नाम रोशन करें इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं । इस मौके पर मुकेश यादव, प्रमोद कुमार, सविंदर कुमार समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित थे ।

# 9 से 17 अप्रैल के बीच होगी पंचमुखी हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव व राम कथा

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड के चकहवीब पंचायत स्थित चकहबीब चौक पर 9 से 17 अप्रैल के बीच श्री श्री 1008 पंचमुखी हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव व राम कथा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें वृंदावन धाम के कथा वाचिका प्रोफेसर पंडित पूजा द्विवेदी राम कथा का वाचन करेगी। वहीं रात्रि में रासलीला का भी आयोजन किया जाएगा। इस प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में मुख्य यजमान के रूप में राजू सिंह, जगदीश झा, दिलीप झा रहेंगे। उक्त बात की जानकारी कमेटी के अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया शशिकांत झा ने दी है। मौके पर अनिल चौधरी, हेमंत चौधरी, अनिल पासवान, विश्वनाथ झा, रामचंद्र सिंह, वीर बहादुर सिंह, शंभू प्रसाद राय, जनार्दन, रणजीत सिंह, बबलू सिंह, विकास झा, अरविंद झा आदि मौजूद थे।

# जिस बच्चे को हाथ में कलम कॉपी चाहिए उसे बच्चों से कर रहे हैं बाल श्रमिक मजदूरी का काम

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा एक तरफ राज्य सरकार बच्चों की शिक्षा पर विकास हो इसके लिए तरह-तरह की योजनाएं लागू कर रही है। वहीं दूसरी तरफ दरभंगा जिला में बच्चों के बैठने एवम किताब के लिए स्कूलों में जो संयुक्त बेंच फर्नीचर आदि सप्लाई हो रही है। आप जानते हैं इस का निर्माण कौन कर रहा है जानकर आश्चर्य होगा। जो बच्चों को हाथों में कलम कॉपी चाहिए उस बच्चों को इस बेंच निर्माण के एजेंसी के यहां बाल श्रमिक के रूप में मजदूरी कर अपने भविष्य का खिलवाड़ करते हैं इन बच्चों के भविष्य के खिलवाड़ में सबसे बड़ा हाथ फर्नीचर एजेंसी संवेदक के साथ-साथ दरभगा के लेबर विभाग भीबहुत हद तक दोषी है। बताया गया है कि इन बच्चों से फर्नीचर एजेंसी के मालिक के द्वारा प्रत्येक दिन ढाई सौ रुपए मात्र श्रमिक मजदूरी दी जाती है। यही एक मामला सदर प्रखंड अंतर्गत धोई गांव के एक फर्नीचर निमार्ता एजेंसी के यहां देखने को मिला जहां लगभग एक दर्जन से अधिक बच्चे जिनकी उम्र 8 से लेकर10 वर्ष तक होगी वह बच्चे फर्नीचर निमार्ता एजेंसी के यहां काम करते देखा जा सकता है। इससे एक तरफ फर्नीचर एजेंसी के संवेदक द्वारा मजदूरी के नाम पर भयंकर शोषण तो कर ही रहे हैं साथ ही बच्चे की भविष्य के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं इस संदर्भ मेंउप श्रम अधीक्षक राकेश रंजन से पूछे जाने पर बताया कि इसके लिए धावा दल टीम को गठित कर कार्रवाई की जाएगी

# सभी सरकारी विद्यालयों का दिन में दो बार होगा औचक निरीक्षण

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड में प्राथमिक से लेकर उच्च माध्यमिक स्तर के सभी विद्यालयों का दिन में दो बार औचक निरीक्षण किया जाएगा। उक्त बात की जानकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के नाम पत्र निर्गत कर दी है। जिसमें बताया गया है कि जुलाई 2023 में सभी प्राथमिक मध्य एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के निरीक्षण हेतु निर्देश दिया गया था। पुनः बैठक में प्रखंड के सभी विद्यालयों के दिन में दो बार सुबह 9:00 से 12 एवं 2:00 बजे से 5:00 के बीच औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। विद्यालय का निरीक्षण विभागीय विहित प्रपत्र में किया जाएगा एवं संबंधित भरे हुए निरीक्षण प्रपत्र को प्रखंड संसाधन केंद्र में संध्या 5:00 बजे से पहले जमा करना होगा। साथ ही निरीक्षण की तिथि या उसके अगले तिथि को की शिक्षा को पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे। सभी निरीक्षण पदाधिकारी एवं कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि निरीक्षण रोस्टर में अगर 10 विद्यालय आवंटित किया गया है तो प्रतिदिन कम से कम 10 विद्यालय का निरीक्षण अचूक रूप से किया जाए।

# पखवाड़ा प्रतियोगिता के समापन पर समारोह आयोजित कर छात्रों को किया गया सम्मानित



विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड के सिंघिया घाट स्थित यूनिक चिल्ड्रेंस एकेडमी के 31 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता पखवाड़ा का सोमवार को समारोह पूर्वक समापन किया गया। समारोह की अध्यक्षता व संचालन विद्यालय के निदेशक सह प्राचार्य अर्जुन कुमार कर रहे थे। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शहीद संजीत स्मृति क्लब संचालक अमरजीत कुमार, सदस्य प्रमोद कुमार, मनोरंजन प्रसाद मिश्र, चंदन कुमार, नवनीत कुमार, नीरज कुमार सिंह उपस्थित हुए। समारोह के माध्यम से पूरे पखवाड़ा में आयोजित विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत होने वाले छात्र-छात्राओं में पीयूष कुमार, सावन कुमार, अनुकल्प राज, पीयूष कुमार, ऋषभ, करण राज, अदिश राज, विजय, सुजीत, सिंटू, आदित्य राज, शिवम, नव्या, लाडली, कृतिक, अंबिका सोनी, सुरुचि, दिलखुश, वैष्णवी, सुष्मिता, रिया, सपना, दीपाली, सत्यम मिश्रा, अनन्या प्रिया, अनुप्रिया आदि शामिल थे।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, मंगलवार, 02 अप्रैल, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### मिशन दक्ष के बच्चों के रिजल्ट की होगी समीक्षा

जमुई/गिद्धौरः- मिशन दक्ष के लिए चयनित बच्चों के रिजल्ट की समीक्षा होगी। वार्षिक परीक्षा में कम ग्रेड में आए ऐसे बच्चों के लिए 1 अप्रैल से 14 तक विशेष दक्ष कक्षा चलेगी। 15 मई को इन बच्चों की फिर से परीक्षा होगी। प्राथमिक शिक्षा निदेशक मिथिलेश मिश्रा ने इसको लेकर निर्देश दिया है। बता दें कि 1 दिसंबर 2023 से कमजोर छात्रों के लिए मिशन दक्ष प्रारंभ किया गया था।इसके तहत कक्षा 3 से कक्षा-8 तक के वैसे छात्र जो हिंदी अंग्रेजी एवं गणित के बुनियादी कौशल में बहुत कमजोर है,को चिन्हित कर विद्यालय के ही शिक्षकों द्वारा प्रत्येक दिन विद्यालय में छोटे-छोटे समूह में अलग से पढ़ाया जा रहा था।मिशन दक्ष के तहत अध्ययनरत नामांकित छात्रों की नियमित दक्ष कक्षाओं का संचालन 18 मार्च तक किया गया है।20 मार्च तक विभिन्न कक्षाओं के लिए वार्षिक परीक्षाएं ली गयी है।नियमित वार्षिक परीक्षा के परिणामों में दक्ष कक्षाओं के लिए चयनित बच्चों के प्रदर्शन और उपलब्धि की विशेष समीक्षा की जाएगी।मिशन दक्ष के लिए चयनित बच्चे जो वार्षिक मूल्यांकन में अनुत्तीर्ण होंगे एवं जिनके अधिगम प्रतिफल में अपेक्षित सुधार नहीं होगा, उनके लिए 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक नियमित कक्षाओं के बाद विशेष दक्ष कक्षाएं पूर्ववत संचालित की जाएगी।

# पुलिसिया कार्रवाई पर उदासीनता का आरोप लगा आक्रोशितों ने शव के साथ किया एसएच जाम

### आक्रोशित लोग बदमाशों की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की कर रहे थे मांग



- मुरलीगंज-बिहारीगंज एसएच 91 रोड को रजनी पंचायत अंतर्गत सबूरी चौक के पास किया जाम
- जिला से पहुंचे एसडीएम और एएसपी के संतोषजनक आश्वासन पर चार घंटे बाद हटा जाम
- सुबह आठ बजे से मुख्य मार्ग जाम रहने के कारण आवागमन में लोगों को हुई परेशानी

प्रात : किरण, संवाददाता

मुरलीगंज मधेपुरा बीते 15 मार्च को दिन दहारे लूट की घटना में अज्ञात बदमाशो की गोली से घायल युवक की 16 दिन बाद हुए मौत और अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होने से आक्रोशित लोगों ने सोमवार की सुबह करीब आठ बजे से एसएच 91 रोड को घंटो जाम कर प्रदर्शन किया। पीड़ित परिवार के साथ सैकड़ो ग्रामीण मृतक लंबू मुखिया के शव को लेकर मुरलीगंज-बिहारीगंज एसएच 91 मुख्य मार्ग को रजनी पंचायत अंतर्गत सबूरी चौक के पास बांस बल्ला लगा कर जाम कर दिया। इस दौरान सड़क जाम रहने से स्कूली छात्र, शिक्षक, आवश्यक कार्य से आने जाने वाले लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हुई। सड़क जाम स्थल के दोनो तरफ बड़े व छोटे वाहनों की लंबी लाइन लग गई। सूचना पर सीओ, थानाध्यक्ष सदलबल के साथ पहुंचे। आक्रोशित लोगों को समझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन लोग वरीय पदाधीकारी को जाम स्थल पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान स्थानीय पुलिस प्रशासन के विरुद्ध आक्रोशित लोगों ने जमकर विरोध किया। घटना में पुलिस द्वारा कार्रवाई के नाम पर उदासीनता बरतने का आरोप लगा रहे थे। कहा कि 16 दिन बाद गोली लगने से घायल लंबू मुखिया की मौत हो गई। लेकिन पुलिस उनसे बयान भी नही लिया। हम ग्रामीण लोग चंदा से पैसा जमा कर इलाज करवा रहे थे। इस बीच जिला से पहुंचे एसडीएम संतोष कुमार और एएसपी प्रवेंद्र भारती के संतोषजनक आश्वासन पर लगभग चार घंटे बाद सड़क जाम हटाया। कहा जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी की जाएगी। पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद के लिए प्रयास किया जाएगा। क्षेत्र में पुलिस गस्त बढ़ाई जाएगी। ज्ञात हो कि बीते 15 मार्च को मुरलीगंज थाना क्षेत्र के कोलहायपट्टी प्रतापनगर रोड में दिन दहारे अज्ञात बदमाशो ने बाइक लूट के दौरान रजनी प्रताप नगर निवासी लंबू मुखिया (38) वर्ष को गोली मार कर बाइक लेकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल सीएचसी पहुचाया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजनों ने सहरसा के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। लेकिन 16 दिन बाद बीते रविवार को पीड़ित लंबू मुखिया की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि जब लंबू मुखिया कुछ बताने लायक हुए तब स्थानीय पुलिस इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं किये। साथ हीं गंभीर रूप से घायल लंबू मुखिया का कोई फर्द बयान भी नहीं लिया। एएसपी प्रवेंद्र भारती ने कहा कि मृतक के पत्नी की फर्द बयान पर मुरलीगंज थाना में कांड अंकित किया जा चुका है। साक्ष्य एकत्रित कर कार्रवाई की जा रही है। अपराधी को जल्द गिरफ्तार किया जायेगा।

# पुलिस पदाधिकारी के साथ बीडीओ ने की बैठक



प्रात : किरण, संवाददाता

कुमारखंड,मधेपुरा आगामी लोकसभा आम चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर कुमारखंड पुलिस प्रशासन की तैयारी जोड़ो पर है । लगातार बीडीओ सह एआरओ पुलिस पदाधिकारी और सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। कुमारखंड प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बीडीओ कक्ष में बीडीओ प्रियदर्शी राजेश पायलट कुमारखंड थाना, श्रीनगर थाना, भतनी थाना, बेलारी थाना के पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा थाना क्षेत्र के विभिन्न बूथ पर मतदान के दौरान मतदाता को डराने धमकाने वाले लोगो को चिन्हित कर या जो चुनाव में अनावश्यक खलल डालने वाले व्यक्ति पर 107 की कार्य वाई कर कार्यालय को सूची उपलब्ध कराने की बात कही। सभी बूथ के रूट चार्ट बूथ पर होने वाले अन्य समस्याओं से अवगत करना सुनिश्चित करें ।ताकि समय पर सभी तैयारी पूरी किया जाय। मौके पर बीडीओ प्रियदर्शी राजेश पायलट, कुमारखंड थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर संजीव कुमार, श्रीनगर थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर राघवेंद्र नारायण, भतनी थाना अध्यक्ष सत्य प्रकाश, बेलारी थाना अध्यक्ष राजू कुमार समेत और पदाधिकारी मौजूद थे।

# नगर परिषद की वाहन पड़ाव नीलामी प्रक्रिया सवालों के घेरे में:अंजुम परवेज

प्रात : किरण संवाददाता

महनार। महनार नगर परिषद के द्वारा वाहन पड़ाव की नीलामी किये जाने की प्रक्रिया सवालों के घेरे में आ चुका है। नगर परिषद के द्वारा हर साल वाहन पड़ाव की नीलामी खुली निविदा के द्वारा की जाती है एवं नीलामी लेने वाले ठीकेदार पड़ाव शुल्क की वसूली करते है । मजेदार बात यह है कि बस पड़ाव कहाँ है , यह लोगों को पता ही नही है । वाहन सड़क पर खड़ी होती है और वहीं वह यात्री उतारते चढ़ाते है, यातायात जाम लगाते है एवं पुलिस से डंडा भी कहते है और इस सब के बावजूद पड़ाव शुल्क भी देते है। इशहाकपुर स्थित एक भू खण्ड को बस पड़ाव बताते हुए वहां पर नगर परिषद ने बस पड़ाव का पट्ट भी लगाया था जो पट्ट अब गायब है। इसके अलावा न्यू रोड के रिलायंस टॉवर कैम्पस एवं स्टेशन रोड स्थित मछली मंडी के बगल में स्थित एक भू खण्ड को टेम्पू पड़ाव घोषित किया था परंतु यह तीनों भू खण्ड सिर्फ एक मैदान है। यहां पर सुविधा के नाम पर शेड , पेयजल, प्रकाश की बात तो छोड़िए मूत्रालय तक नही है । धरातल पर ईंट सोलिंग तक नही है जिस कारण बारिश में कीचड़ का ढेर लग जाता है । कुल मिलाकर कोई भी आदमी इसे वाहन पड़ाव नही बल्कि खेल का मैदान ही कहेगा। अभी इस वाहन पड़ाव की निलाकि होने वाली थी किन्तु आचार संहिता लागू होने के कारण इसकी नीलामी नही हो पाई है जिस कारण अब इसका विभागीय वसूली कराने का आदेश दिया गया है परंतु विभागीय वसूली में भी सिर्फ वसूली करने वाले का नाम बदल कर कार्यालय कर्मी को अधिकृत किया गया है परन्तु वसूली करने वाला पुराना चेहरा ही विधमान है। नई बोतल में पुरानी शराब वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। इस सम्बंध में अनुमंडल पदाधिकारी नीरज सिन्हा से जब पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जब वरीय अधिकारी का आदेश आएगा तो वह जांच करेंगे। कुल मिलाकर सवाल यही उठता है कि भौतिक रूप से आपका कही वाहन पड़ाव है ही नही तो आप किस चीज की नीलामी कर वाहन सड़क पर लगवा कर जाम लगवाते है एवं उसी से शुल्क वसूल करते है और ठीकेदार भी पड़ाव के अंदर वसूली नही कर डंडा लेकर बीच एन एच पर वसूली करता है एवं दुर्घटना को आमंत्रण देता है।

# सम्मान समारोह का आयोजन



प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा निवर्तमान उपकुलसचिव (पंजीयन) डॉ. दीनानाथ मेहता के की सेवानिवृत्ति के फलस्वरूप सोमवार को विश्वविद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू प्रो. नवीन कुमार ने कहा कि डॉ. मेहता ने विश्वविद्यालय की समर्पित भाव से सेवा की। कुलानुशासक डॉ. बी. एन. विवेका ने कहा कि डॉ. मेहता हमेशा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से जुड़े रहे।कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर ने कहा कि डॉ. मेहता ने ईमानदारी पूर्वक विश्वविद्यालय की सेवा की। विकास पदाधिकारी प्रो. लालन प्रसाद अद्री ने कहा कि उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में डॉ. मेहता जैसे आदर्श शिक्षक दुर्लभ हो गए हैं। नवनियुक्त उपकुलसचिव (पंजीयन) डॉ. अमरेन्द्र कुमार ने कहा कि वे डॉ. मेहता के शिष्य रहे हैं। वे अपना दायित्व उनके मार्गदर्शन में ईमानदारी पूर्वक निभाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. राजीव कुमार मल्लिक, महाविद्यालय निरीक्षक (विज्ञान) भूपेंद्र प्रसाद सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सिद्धेश्वर काश्यप, सीनेटर डॉ. रंजन कुमार, मो. गफ्फार आलम, प्रवीण कुमार, राजेश कुमार, प्रभात कुमार, मुकेश कुमार, अंजार आलम आदि उपस्थित थे।

# पटना में अतिथि शिक्षकों पर हुआ लाठीचार्ज, सीएम आवास का करने जा रहे थे घेराव

प्रात : किरण, संवाददाता



जमुई पटना में अतिथि शिक्षकों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया है. शिक्षा विभाग के फरमान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के दौरान पुलिस ने शिक्षकों पर लाठीचार्ज किया है। दरअसल 31 मार्च के बाद बिहार के 4257 अतिथि शिक्षकों को सेवा मुक्त कर दिया गया है, लेकिन सरकार ने उनकी चुनावी ड्यूटी लगा दी है।

इसको लेकर अतिथि शिक्षकों में नाराजगी है और उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि जब सरकार ने सेवा मुक्त कर दिया है, तो वह कोई सरकारी काम क्यों करें।अतिथि शिक्षकों को सरकार के द्वारा बर्खास्त कर दिया गया है, जिसके बाद अतिथि शिक्षक आज राजधानी पटना में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले थे, जहां आर्थिक अपराध इकाई और सीबीआई कार्यालय के पास पुलिस ने सभी को रोक दिया। इस दौरान अतिथि शिक्षकों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस ने सभी को वहां से हटा दिया है. बता दें कि 2018 से ही अतिथि शिक्षक प्लस टू के बच्चों को पढ़ा रहे थे। अचानक उन लोगों को बिहार सरकार के द्वारा नोटिस पर बर्खास्त कर दिया गया। जिसके बाद आज सैकड़ों की संख्या में सभी राजधानी पटना में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने पहुंचे थे। इस दौरान पुलिस के द्वारा उन पर लाठी चार्ज किया गया और उन्हें वहां से हटाया गया।

# रामनवमी शोभायात्रा की तैयारी को ले हुई बैठक



प्रात : किरण, संवाददाता

मुरलीगंज मधेपुरा आगामी रामनवमी पर्व के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकालने की तैयारी को लेकर रविवार की देर शाम शहर के श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने बैठक कर चर्चा किया। जिसमें रामनवमी शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया गया। विहिप मधेपुरा के जिला मंत्री रूपेश रंजन ने बताया कि इस बार बड़े ही भव्य व ऐतिहासिक रूप से मुरलीगंज में रामनवमी शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि 500 वर्षो के वनवास के बाद हजारों रामभक्तों के बलिदान के बाद अयोध्या में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचन्द्र जी अपने महल में विराजे हैं। जिसे लेकर सभी रामभक्तों में बेहद हर्ष का माहौल है।

इसीलिए सभी हिन्दू जनमानस की आस्था व भावनाओं को देखते हुए इस वर्ष पूरे जोर शोर से पूरे मधेपुरा जिले में रामनवमी शोभायात्रा निकाली जाएगी। राजू सनातन और अमित बिहारी ने बताया कि इस वर्ष 18 अप्रैल को मुरलीगंज बाजार में शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा 2 बजे दिन में दुर्गा स्थान परिसर से शुरू होकर जयराम पुर चौक , गोशाला चौक , काशीपुर चौक , मस्जिद चौक , हरिद्वार चौक , गोलबाजार , हाट बाजार, मिडल चौक होते हुए पुनः दुर्गा स्थान परिसर में समाप्त की जाएगी । बजरंग दल के शंकर यादव और समर राज ने बताया कि इस बार शोभायात्रा को भव्य बनाने नेपाल से विशेष झाँकी मंगाई जा रही है और पुष्प से सज्जित रथ पर राम लक्ष्मण जानकी जी को बैठाया जायेगा। महाबली हनुमान जी का आधुनिक कॉस्च्यूम भी विशेष आकर्षन का केंद्र रहेगा। सूरज जायसवाल ने बताया कि इस बार शोभायात्रा के समय पूरे नगर में रामभक्तों पर पूरे नगर में पुष्पवर्षा और पीने के लिए शरबत की व्यवस्था की जाएगी, समाप्ति पर सभी रामभक्तों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की जायेगी । मौके पर राजा चौधरी , सूरज , कुंदन , मुरारी , प्रणब भगत , देव , ओम , विकाश , राजू रॉक , नयन , कृष , शिवम सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## देसी शराब के साथ गिरफ्तार, भेजा गया जेल

प्रात : किरण संवाददाता

आलमनगर,मधेपुरा आलमनगर थाना पुलिस द्वारा एक शराब तस्कर को 5 लीटर देशी चुलाय शराब के साथ गिरफ्तार किया। इस बाबत आलमनगर थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर मद्यनिषेध के विरुद्ध छापामारी के दौरान पुलिस पदाधिकारी आशुतोष त्रिपाठी पुलिस बल के साथ जब गनौल गांव पहुंचा तो सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपने घर पर शराब का तस्करी कर रहा है सूचना मिलते ही जब पुलिस वहां पहुंचा तो एक व्यक्ति हाथ में एक गैलन लेकर भागने लगा जिसे पुलिस द्वारा खड़े कर पकड़ा गया पकड़े गए व्यक्ति नक्षत्र ऋषि देव पिता स्वर्गीय टुनाय ऋषि देव गनल वार्ड नंबर 14 निवासी के साथ बरामद गेलन से 5 लीटर देशी चुलाय शराब बरामद किया गया जिस मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# दूसरी जगह नामांकन कराने के लिए छात्रों को डीईओ से लेनी होगी अनुमति

प्रात : किरण, संवाददाता



जमुई/गिद्धौरः- आठवीं की वार्षिक परीक्षा 18 मार्च से प्रारंभ होकर 21 मार्च को समाप्त हुई है। उक्त परीक्षा में सम्मिलित छात्र- छात्राओं के परीक्षाफल के आधार पर आगामी शैक्षणिक सत्र 2024-25 जो एक अप्रैल से प्रारंभ होगी।कक्षा 9 वीं में उनके नामांकन होंगे। राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत में उच्च माध्यमिक विद्यालयों की सुविधा उपलब्ध कराने की नीति के अनुसार वर्तमान में राज्य के सभी पंचायत में उच्च माध्यमिक विद्यालय संचालित है। पंचायतों में यह प्रचार-प्रसार कराया जाए कि उस पंचायत के निवासी आठवीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं द्वारा उनके ही पंचायत में अवस्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में 9 वीं कक्षा में नामांकन कराएं। प्रत्येक पंचायत में अवस्थित उच्च माध्यमिक एवं उस पंचायत में अवस्थित मध्य विद्यालयों के द्वारा अपने पंचायत में यह प्रचार-प्रचार सुनिश्चित किया जाएगा कि उनके ही पंचायत में अवस्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 9 में पर्याप्त शिक्षक एवं अन्य सुविधाओं को विकसित कर दिया गया है।यह भी प्रचारित किया जाए कि अब प्रत्येक उच्च माध्यमिक विद्यालय में विषयवार कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष वर्ग संचालित करने की व्यवस्था की गई है। सुविधाओं की उपलब्धता के अनुरूप हो नामांकन आठवीं की वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों का नामांकन उसी विद्यालय में कक्षा 9 में कराया जाए। वैसे पंचायत,जहां एक मात्र उच्च माध्यमिक विद्यालय उपलब्ध है,के सभी मध्य विद्यालय को उक्त उच्च माध्यमिक विद्यालय से सम्पर्क करते हुए कक्षा आठवीं की वार्षिक परीक्षा में सफल सभी विद्यार्थियों का नामांकन उक्त उच्च माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 9 में कराया जाए। वैसे पंचायत,जहां दो या दो से अधिक उच्च माध्यमिक विद्यालय उपलब्ध है, के सभी मध्य विद्यालयों को इन उच्च विद्यालयों में इस प्रकार सम्पर्क किया जाए कि प्रत्येक उच्च माध्यमिक विद्यालय के नौवीं कक्षा में सुविधाओं की उपलब्धता के अनुरूप विद्यार्थी नामांकित हो सके। टीसी में अंकित होगा विद्यालय का नाम निर्गत स्थानांतरण प्रमाण-पत्र के आधार पर उसी पंचायत के उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा विद्यार्थियों के कक्षा 9 वीं में नामांकन हेतु संबंधित उच्च माध्यमिक विद्यालय का अंकन विद्यालय स्थानांतरण प्रमाण पत्र में किया जाएगा।उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक यह सुनिश्चित हो लेंगे कि किसी दूसरे पंचायत में अवस्थित मध्य विद्यालय के आठवीं उत्तीर्ण का नामांकन उनके यहां नहीं हो रहा है।स्थानांतरण प्रमाण-पत्र के साथ नामांकन हेतु कोई छात्र/छात्रा उपस्थित होता है तो उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा नामांकन तब तक नहीं लिया जाएगा जब तक कि उक्त स्थानांतरण प्रमाण-पत्र को जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित नहीं कर दिया जाए। यदि कोई विद्यार्थी अपने पंचायत से अन्यत्र दूसरे पंचायत में नामांकन लेने के लिए जाना चाहता है तो उन्हें विद्यालय स्थानांतरण प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया जाएगा। विशेष परिस्थिति में कारण दशार्ते हुए विद्यार्थी अथवा उनके अभिभावक द्वारा अनुरोध किया जाता है तो उसे स्थिति में संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित विद्यालय स्थानांतरण प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा।

# मधेपुरा में टॉप 10 की श्रेणी में शामिल 20 हजार का इनामी कुख्यात अपराधी जनार्दन यादव गिरफ्तार

### उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के शेखपुर चमन गांव से गिरफ्तार

- गिरफ्तार अपराधी के पास से एक लोडेड देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस भी हुआ बरामद



प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 3 वर्षो से फरार टॉप 10 की श्रेणी में सामिल 20 हजार का इनामी कुख्यात अपराधी जनार्दन यादव हुआ गिरफ्तार।दरअसल मधेपुरा जिला के टॉप-10 श्रेणी में सामिल 20 हजार के ईनामी मोस्टवांछित कुख्यात अपराधी जनार्दन यादव को पुलिस ने हथियार और गोली के साथ धर दबोचा है। गिरफ्तार अपराधी जनार्दन यादव पर हत्या, लूट, हत्या हेतु अपहरण, फिरौती तथा रंगदारी, जानलेवा हमला, सरकारी कार्यों में बाधा उत्पन्न करने जैसे दो दर्जन से अधिक अपराधिक मामले दर्ज हैं।वहीं इस मामले में जानकारी देते हुए मधेपुरा एसपी संदीप सिंह ने बताया कि बिहार पुलिस मुख्यालय, बिहार पटना एवं पुलिस उप महानिरीक्षक,कोशी रेंज सहरसा के आदेशानुसार आगामी लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के मद्देनजर मधेपुरा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक,मधेपुरा के निर्देशानुसार वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है था।

इसी अभियान के तहत उदाकिशुनगंज एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में मधेपुरा जिला के उदाकिशुनगंज अंतर्गत चकफजुला वार्ड संख्या 4 निवासी टॉप-10 की श्रेणी में सामिल 20 हजार के ईनामी मोस्टवांछित कुख्यात अपराधी जनार्दन यादव को उसके ससुराल शेखपुर चमन से अवैध लोडेड देशी कट्टा,

एक जिंदा गोली एवं एक मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया गया है । एसपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गये अपराधी के विरुद्ध आर्म्स ऐक्ट दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

गिरफ्तार अपराधी का पूर्व से लंबा अपराधिक इतिहास रहा है। इनके विरुद्ध मधेपुरा जिला के विभिन्न थाना में दो दर्जन से अधिक अपराधिक मामला दर्ज है गिरफ्तार अपराधी पिछले तीन वर्षों फरार चल रहे थे इनकी तलाश मधेपुरा पुलिस को लंबे समय से थी।

# मधेपुरा में अचानक लगी आग के चपेट में आया दो मासूम, आग में झुलसने से हुई मौत



प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा में अचानक लगी आग की चपेट में आने से में दो मासूम की जलकर हुई मौत।घटना मधेपुरा सदर प्रखंड के सकरपुरा बेतौना पंचायत के बेतौना वार्ड संख्या 14 की है। जहां बताया जा रहा है कि आज उमेश यादव के घर में अचानक आग लग गई। घटना के समय घर में कोई भी समझदार व्यक्ति नहीं थे, सभी खेत में काम करने चले गए थे, केवल 3 बच्चा आंगन में खेल रहे थे, घर में आग लगने पर दो बच्चा आंगन में ही बने भूषा घर में छिप गया जबकि एक बच्चा वहां से भाग निकला, आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई वहीं आग के चपेट में आने से दो मासूम की मौके वारदात पर मौत हो गई।वहीं घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गई, जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी घटना स्थल पर पहुंचती तब तक एक ही परिवार का 6 घर जलकर राख चुका था।भूषा घर में छिपे दोनों मासूम भी जिंदा जल गए, मृतकों की पहचान उमेश यादव की 5 वर्षीय नातिन स्वेता कुमारी और कपिल देव साह का 7 वर्षीय नाती रिशु कुमार के रूप में हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि चूल्हे के चिंगारी से यह अगलगी की घटना हुई है।बताया जा रहा है कि रिशु कुमार और स्वेता कुमारी एवं एक और बच्चा उमेश यादव के आंगन में खेल रहे थे, इसी दौरान यह घटना हुई इस घटना में एक बाइक, मोटर, होंडा पंपसेट समेत घर में रखे सभी आवश्यक सामग्री जल कर खाक हो गया । घटना की जानकारी मिलने पर सदर अंचलाधिकारी केशिका झा व भराही थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया,वहीं इस दौर बच्चे की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, बताया जा रहा है कि दोनों बच्चा अपने ननिहाल में ही रह रहा था। वहीं घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा छाया हुआ है बहरहाल सीओ केशिका कुमारी ने बताया कि जांच की जा रही है ।

# मारपीट की घटना में दो लोग घायल, इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती

प्रात : किरण, संवाददाता



कुमारखंड मधेपुरा कुमारखंड थाना क्षेत्र के ईसराइन कला ठाकुरबाड़ी परिसर में बैठे ठाकुरबाड़ी के महंत देबू दास और वार्ड नंबर चार निवासी दिनेश प्रसाद सिंह दोनो आपस में बात कर रहे हैं। उसी दौरान इसराइन कला वार्ड नंबर चार निवासी लड्डू कुमार सिंह ठाकुरबाड़ी परिसर पहुंचते ही दिनेश प्रसाद सिंह को बैठा देखकर पीछे से ही सर पर जबर्दस्त रूप से वार कर जख्मी कर दिया । बचाने के लिए जैसे ही महंत देबू दास आए उसे भी लड्डू कुमार सिंह लाठी डंडे से से वार कर जख्मी कर दिया। परिजनों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती कराया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया है। वार्ड नंबर चार निवासी घायल दिनेश प्रसाद सिंह के पुत्र शुभम प्रसाद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया मेरे पिता दिनेश प्रसाद सिंह और महंत देबू दास ठाकुरबाड़ी परिसर में बैठे हुए थे। ठाकुरबाड़ी का जमीन लीज पर लेकर फसल लगाए हुए है। फसल को उसी दौरान वार्ड नंबर चार निवासी लड्डू कुमार सिंह आए और मेरे पिता पर अंधाधुन लाठी से वार कर जख्मी कर दिया। बचाने के लिए जैसे ही महंत देबू दास खड़े हुए उसे पर वार कर जख्मी कर दिया। घटना की सूचना कुमारखंड थाना को दिए ।कुमारखंड थाना पुलिस पदाधिकारी घटना स्थल पर पहुंच कर आरोपी लड्डू कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया मारपीट की घटना में दो लोग घायल है। घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। गिरफ्तार कर आरोपी को जेल भेजने की कार्यवाई की जा रही है।

# विचार मंथन

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
पटना, मंगलवार, 02 अप्रैल, 2024

सम्पादकीय

## ईमानदारी पर सिर्फ हमारी ठेकेदारी

राष्ट्रीय राजनीति में दे दनादन चौके-छक्के मारकर तुरत-फुरत बड़ा स्कोर जुटाती हुई, देश के अनेक राज्यों में अपने मजबूत पांव फैलाती हुई और चारों तरफ मोदी विरोध का डंका बजाती हुई, आम आदमी पार्टी के कट्टर ईमानदार और पार्टी के पितृपुरुष सर्वेसर्वा ईमानी नेता को लेकर भाजपा सरकार के परम पुनीत प्रवर्तन निदेशालय ने अंततः अपना मनचाहा संकल्प पूरा किया और भाई को सलाखों के पीछे पहुंचाकर ही दम लिया। एक तरफ कट्टर ईमानदार सरकारी प्रधान, दूसरी तरफ कट्टर ईमानदार आम पार्टी का ईमानी नेता। दो कट्टर ईमानदारों के बीच जानमारू प्रतिद्वंद्विता के उग्र स्वरूप को देखकर हमारे झल्लन का दिल भर आया और वह अपनी सहानुभूति का टोकरा लेकर फिल्मी तर्ज पर भूतिया वेश में ईमानी नेता को कैद में रखने वाली सलाखों के निकट चला आया। उसने अपनी आवाज में दर्द पिरोया, आंखों को आंसुओं से धोया, फिर बोला-हम अपनी पूरी हमदर्दी लेकर आये हैं और आपके लिए दो-चार ठो सवाल भी लाये हैं। तो भाईजान, आप पहले व्यक्ति हैं जो मुख्यमंत्री के पद को भी अपने साथ जेल में ले आये हैं, इसके लिए आपको बधाई कि आप एक नया विश्व कीर्तिमान बनाए हैं। अब आगे आपकी रणनीति क्या होगी, आप बाहर आएंगे या यहीं रहकर अपना चुनाव अभियान चलाएंगे? अब यहां आपको कैसी अनुभूति हो रही है, कहीं आपकी हिम्मत तो जवाब नहीं दे रही है?ईमानी नेता-तुमने पूछा हिम्मत के बारे में, तो हमारा सीना भले 56 इंच का न हो लेकिन फौलाद का सीना है जो कभी हिम्मत नहीं हारता है, और जो हमें डराने की कोशिश करता है उसे ही डरा डालता है। मौजूदा सत्ता हमसे डर गयी है, उसे लगता है कि हम आ जाएंगे तो उनकी सरकार और उनकी पार्टी को खा जाएंगे। सो उन्होंने षडंत्र का चक्रव्यूह रचवाया है, हमें जेल भिजवाया है। झल्लन-मतलब यह कि जो शराब घोटाला सामने आया है, जिसने इतना उत्पात मचाया है वो आपके हिसाब से हुआ ही नहीं, सब दारू में डूब गये मगर किसी ने दारू को छुआ नहीं?ईमानी नेता-जाहिर है सब खेल हमें परेशान करने के लिए रचाया गया है, हमारे नेताओं पर झूठे आरोप लगाकर जेल में डलवाया गया है। झल्लन-अच्छा, जब आप आरोप लगाते थे, भ्रष्ट और चोर नेताओं की सूची बनाकर मंच से सुनाते थे, उन्हें बार-बार जेल का हकदार बताते थे, तो तब उन पर आप किस आधार पर आरोप लगाते थे, किस बिना पर उन्हें चोर-भ्रष्टाचारी बताते थे?ईमानी नेता-उनके कारनामे तो एजेंसियां उजागर करती थीं, हमें बताती थीं। झल्लन-यानी जब औरों पर एजेंसियां आरोप लगाएं तो वे सही होती हैं पर जब आपको आरोपित ठहराएं तो वे गलत और षडंत्रकारी होती हैं। खैर, अच्छी बात है कि आप अपने सही और न्यायनिष्ठ होने का फैसला स्वयं अपने हक में कर लेते हैं इसलिए किसी भी एजेंसी के सम्मन को दरकिनार कर देते हैं। लेकिन यह बताइए कि जिस कांग्रेस के भ्रष्ट नेताओं की आप सूची जारी किया करते थे और जिस कांग्रेस के नेता कुछ समय पहले तक आपको शराब घोटाले का सूत्रधार बताया करते थे, आपकी गिरफ्तारी की मांग किया करते थे, आप उसी कांग्रेस से हाथ मिला रहे हैं और अपनी जेल मुक्ति के लिए उसी से करुण गुहार लगा रहे हैं। क्या आपका जमीर आपको कोंचता नहीं है, आपसे कुछ पूछता नहीं है?ईमानी नेता-हम कट्टर देशभक्त हैं, देश बचाना चाहते हैं, देश का संविधान बचाना चाहते हैं, अपने देश के लिए हम जमीर की कुबार्नी दे सकते हैं और संविधान बचाने के लिए कांग्रेस तो क्या, भ्रष्ट से भ्रष्ट व्यक्ति का भी साथ ले सकते हैं। झल्लन-तो आप कह रहे हैं कि भ्रष्ट लोगों से हाथ मिलाए बिना आप संविधान नहीं बचा सकते, या कहना चाहते हैं कि बिना उनके आप सत्ताधारी पार्टी को नहीं हरा सकते? या बिना इस भ्रष्ट कुनबे के आगे दंडवत किये आप अपनी महत्वाकांक्षानुसार प्रधानमंत्री पद की दौड़ में आगे नहीं आ सकते?ईमानी नेता-ये सारे आरोप गलत हैं, हम संविधान बचाने आये थे, सो संविधान को हर हाल में बचाएंगे। संविधान बचाने में पूरी ईमानदारी दिखाएंगे और ईमानदारी पर अपनी ठेकेदारी किसी भी सूरत में नहीं हटाएंगे। झल्लन-चलिए ठीक है, न खाता न बही जो आप कहें वही सही। पर ये तो बताइए, जब आप जेल आ रहे थे तो आपके मन में क्या खयाल आ रहे थे? आपने क्यों नहीं सोचा कि परंपरानुसार पद से इस्तीफा दे देते और नैतिकता के पालन का थोड़ा श्रेय ले लेते?ईमानी नेता-सुनो मियां झल्लन, जिस नैतिकता की तुम बात कर रहे हो वह प्रजाति अब विलुप्त है, राजनीति के कब्रगाह में सुप्त है। अब जो हम सोचें, जो हम कहें, जो हम करें वही नैतिक होता है इसके अलावा जो भी कुछ होता है वह अनैतिक होता है। कोई कुछ भी कहे हम किसी के झांसे में नहीं आएंगे, हम जेल में हैं तो जेल से ही प्रचार करेंगे और जेल से ही अपनी सरकार चलाएंगे, और अब अगली बातें अगले इंटरव्यू में बताएंगे।

## गलत सूचनाओं पर रोक

सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को उस अधिसूचना पर रोक लगा दी जिसके तहत पत्र सूचना ब्यूरो के अधीन एक फैक्ट चेकिंग यूनिट (तथ्यों की जांच करने वाली इकाई) की स्थापना की जानी थी। न्यायालय ने कहा कि इस पर तब तक रोक रहेगी जब तक बंबई उच्च न्यायालय सूचना प्रौद्योगिकी नियमों में संशोधनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला नहीं सुना देता। इस बीच गूगल और मेटा जैसी डिजिटल क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां चुनाव के दौरान गलत सूचनाओं के प्रसार का मुकाबला करने के लिए अपनी रणनीतियों को बेहतर बनाने का प्रयास कर रही हैं। वे जांच के लिए नए टूल विकसित करने और तथ्यों की जांच करने वालों (फैक्ट चेकर) को प्रशिक्षण देने के अलावा दोनों अन्य संस्थानों द्वारा संचालित तथ्यों की जांच संबंधी पहलों में भी शामिल होंगी और भारत निर्वाचन आयोग के साथ तालमेल में काम करेंगी। 2019 में सभी बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्मों ने अपने-अपने स्तर पर गलत सूचनाओं को रोकने का प्रयास किया था और उसके मिलेजुले नतीजे सामने आए थे। 2024 में यह अभियान अधिक तालमेल के साथ चलाया जा रहा है। 40 से अधिक बड़े बहुराष्ट्रीय संस्थानों ने म्युनिख सुरक्षा सम्मेलन में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और इस बात पर सहमति जताई कि वे 2024 में वैश्विक स्तर पर मिलकर चुनावों से संबंधित गलत जानकारियों का मुकाबला करेंगे। जोखिम बहुत बढ़ गया है क्योंकि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस अब राजनेताओं से जुड़ी वास्तविक प्रतीत होने वाली दृश्य-श्रव्य सामग्री बना सकता है। इन डिजिटल दिग्गजों को विभिन्न समाचार माध्यमों के साथ तालमेल में काम करना होगा ताकि भ्रामक सूचनाओं को रोका जा सके, मतदाताओं से हस्तक्षेप सीमित हो सके और विभिन्न प्लेटफॉर्म पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। यह महत्त्वपूर्ण है क्योंकि मेटा के पास फेसबुक, व्हाट्सऐप और इंस्टाग्राम का मालिकाना है जबकि गूगल के पास यूट्यूब और अपना सर्च इंजन है। इससे जुड़ी रणनीतियों में स्वतंत्र फैक्ट चेकर और स्थानीय सामग्री रचनाकारों और प्रकाशकों के साथ जुड़ाव, तथ्यों की जांच, जांच के संसाधन और गलत सूचनाओं को लेकर चेतावनी जारी करने के लिए सहयोगी मंच प्रदान करना शामिल है। इरादा ऐसी सामग्री को वायरल होने से रोकना है। मेटा पहले ही गलत सूचनाओं को हटा देता है। इसमें मतदान को प्रभावित करने वाली तथा हिंसा को बढ़ावा देने वाली सामग्री शामिल है। उसका दावा है कि उसके पास 15 भारतीय भाषाओं में स्वतंत्र तथ्य जांचने वालों का नेटवर्क है। उसके पास व्हाट्सऐप हेल्पलाइन है जो संदिग्ध जानकारियों को रिपोर्ट करने या उनकी पुष्टि करने में मदद करता है। गूगल प्रकाशकों के लिए एक साझा भंडार तैयार करेगा ताकि गलत सूचनाओं से निपटा जा सके। कई भाषाओं और स्वरूपों में, जिनमें वीडियो भी शामिल हैं, फैक्ट चेक को साझा किया जाएगा और गूगल के साझेदारों की मदद से उन्हें बढ़ावा दिया जाएगा। दोनों कंपनियां फैक्ट चेकिंग के उन्नत तरीकों को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन करेंगी। इसमें डीप फेक का पता लगाना और गूगल फैक्ट चेक एक्सप्लोरर और मेटा कंटेंट लाइब्रेरी की शुरूआत शामिल है। तथ्यों की जांच करने वाले सामग्री के बारे में कह सकते हैं कि उनसे छेड़छाड़ की गई है। ऐसी सामग्री को छांटकर बाहर कर दिया जाएगा। फेसबुक का दावा है कि वह गूगल, ओपनएआई, माइक्रोसॉफ्ट, एडोबी और शटरस्टॉक आदि की एआई की मदद से तैयार सामग्री का पता लगाने के लिए उपाय विकसित कर रही है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप और थ्रेड पर अक्सर इन माध्यमों की सामग्री ही प्रकाशित की जाती है। जरूरत इस बात की भी है कि मेटा पर विज्ञापन देने वाले यह बताएं कि कब वे एआई की मदद से सामग्री तैयार कर रहे हैं। यह सामग्री राजनीतिक या सामाजिक विषयों से जुड़ी हो सकती है। यह उस सामग्री पर रोक लगाता है जिसे फैक्ट चेकर नकारते हैं। वह ऐसे विज्ञापनों को भी रोकता है जो मतदान को हतोत्साहित करते हैं। अगर गलत सूचनाओं के खिलाफ अभियान को प्रभावी बनाना है तो यह आवश्यक होगा कि झूठी सामग्री का तत्काल पता लगाकर उसे हटाया जाए ताकि वह वायरल न हो सके।

# लोकतंत्र की रक्षा की दिशा में एक और पहल

**चुनावी सुधारों पर होने वाली तमाम चचाओं में राजनीति का अपराधीकरण एक अहम मुद्दा रहता है। राजनीति का अपराधीकरण - ह्यअपराधियों का चुनाव प्रक्रिया में भाग लेनाह्न - हमारी निर्वाचन व्यवस्था का एक नाजुक अंग बन गया है। हाल ही में जारी आँकड़ों के अनुसार, संसद के 46 प्रतिशत सदस्य आपराधिक पृष्ठभूमि से हैं। लोकसभा में 542 सांसदों में से 233 (43%) के खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हैं। 233 में से 159 (29%) पर गंभीर अपराध के मामले दर्ज हैं। ऐसे सांसदों में से सबसे अधिक केरल और बिहार से हैं। केरल के इडुक्की लोकसभा के सांसद कुरियाकोस पर सबसे अधिक 204 केस दर्ज हैं। वहीं, राज्यसभा की 233 में से 71 (31%) सांसदों पर आपराधिक केस लंबित हैं।**





रामरतन चूड़ीवाला
लेखक

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए देश के सभी राजनीतिक दलों को यह आदेश दिया है कि जिस प्रत्याशी को भी वह संसद के लिए अपना उम्मीदवार बना रहे हैं उसका सारा आपराधिक रिकार्ड, अगर वह अपराधी है, तो चुनाव आयोग को भेजा जाए और साथ ही यह सारी जानकारी सोशल मीडिया तथा समाचार पत्रों के माध्यम से जनता को दी जाए। यह भी कहा गया है कि यह कारण बताया जाए कि आखिर आपराधिक छवि वाले को टिकट क्यों दिया गया। इस आदेश को लागू करने का सारी जिम्मेवारी चुनाव आयोग को सौंपी गई है और यह भी कहा गया है कि इस आदेश का अगर पालन नहीं किया गया तो राजनीतिक पार्टियों पर सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन का केस बनाया जाएगा।

चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान सर्वोच्च न्यायालय के उस आदेश का सख्ती से अनुपालन कराएगा, जिसमें प्रत्येक उम्मीदवार को अपने विरुद्ध आपराधिक मामलों को अपने शपथपत्र के अतिरिक्त अखबारों एवं न्यूज चैनल के माध्यम से मतदाताओं को अवगत कराने की बात कही गई है। इसके लिए निर्धारित समय सीमा का भी सख्ती से अनुपालन कराया जाएगा। इसे लेकर आयोग द्वारा सभी निवार्ची पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत प्रत्येक उम्मीदवार को उनके खिलाफ आपराधिक मामले (चाहे वे लंबित मामले हों या पूर्व के मामले हों जिनमें वे दोषी ठहराए गए हों) की जानकारी तीन बार अखबारों तथा चैनल के माध्यम से देनी होगी। राजनीतिक दलों को भी अपने उम्मीदवारों के लिए इसका अनुपालन करना होगा। आयोग ने इसका प्रारुप और फान्ट भी तय कर दिया है।

आपराधिक मामलों की जानकारी तीन निर्धारित अवसरों पर देनी होगी, ताकि मतदाताओं को जानने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। उम्मीदवारों को ऐसे मामले की जानकारी नामांकन दाखिल की तिथि के पहले चार दिनों के भीतर, इसके बाद अगले 5वें से 8वें दिनों के बीच तथा अभियान के नौवें दिन से अंतिम दिन तक (मतदान की तिथि से दो दिन पहले तक) न्यूनतम 12 फान्ट आकार में उपयुक्त स्थान पर प्रकाशित करानी होगी। उम्मीदवारों तथा राजनीतिक दलों द्वारा इसका अनुपालन नहीं करने पर निवार्ची पदाधिकारी द्वारा उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। आयोग ने इसकी रिपोर्टिंग के लिए भी प्रारुप सभी निवार्ची पदाधिकारियों को भेज दिया है।

सभी राजनीतिक दलों को अपने उम्मीदवारों के आपराधिक मामलों की जानकारी अपनी वेबसाइट पर भी अनिवार्य रूप से देनी होगी ताकि मतदाता उनकी वेबसाइट पर भी जाकर जानकारी प्राप्त कर सकें तथा उम्मीदवारों के आपराधिक मामलों से अवगत हो सकें।

चुनावी सुधारों पर होने वाली तमाम चचाओं में राजनीति का अपराधीकरण एक अहम मुद्दा रहता है। राजनीति का अपराधीकरण - ह्यअपराधियों का चुनाव प्रक्रिया में भाग लेनाह्न - हमारी निर्वाचन व्यवस्था का एक नाजुक अंग बन गया है। हाल ही में जारी आँकड़ों के अनुसार, संसद के 46 प्रतिशत सदस्य आपराधिक पृष्ठभूमि से हैं। लोकसभा में 542 सांसदों में से 233 (43%) के खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हैं। 233 में से 159 (29%) पर गंभीर अपराध के मामले दर्ज हैं। ऐसे सांसदों में से सबसे अधिक केरल और बिहार से हैं।

केरल के इडुक्की लोकसभा के सांसद कुरियाकोस पर सबसे अधिक 204 केस दर्ज हैं। वहीं, राज्यसभा की 233 में से 71 (31%) सांसदों पर आपराधिक केस लंबित हैं। 71 में से 37 सांसदों पर गंभीर अपराध के मामले, 2 पर हत्या, 4 पर हत्या का प्रयास, 3 पर महिलाओं के खिलाफ अपराध, 1 पर दुष्कर्म का मामला दर्ज है।

106 सांसदों के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों सीबीआई, ईडी और एनआईए के समक्ष मामले लंबित हैं। सीबीआई के पास 121 पूर्व व वर्तमान सांसदों व विधायकों के मामले लंबित हैं। इनमें से 51 मामले सांसदों से संबंधित हैं। इन 51 में से 37 पूर्व सांसद हैं और 5 की मृत्यु हो चुकी है। एनआईए के पास 4 सांसद व विधायकों के खिलाफ जांच लंबित है। इनमें से 2 सांसद है। ईडी के पास 51 सांसदों के खिलाफ जांच लंबित है।

राजनीति का अपराधीकरण भारतीय लोकतंत्र का एक स्याह पक्ष है, जिसके मद्देनजर सर्वोच्च न्यायालय और निर्वाचन आयोग ने कई कदम उठाए हैं, किंतु इस संदर्भ में किये गए सभी नीतिगत प्रयास समस्या को पूर्णतः संबोधित करने में असफल रहे हैं।

वर्ष 1993 में वोहरा समिति की रिपोर्ट और वर्ष 2002 में संविधान के कामकाज की समीक्षा करने के लिये राष्ट्रीय आयोग की रिपोर्ट ने पुष्टि की है कि भारतीय राजनीति में गंभीर आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों की संख्या बढ़ रही है।

वर्तमान में ऐसी स्थिति बन गई है कि राजनीतिक दलों के मध्य इस बात की प्रतिस्पर्द्धा है कि किस दल में कितने उम्मीदवार आपराधिक पृष्ठभूमि के हैं, क्योंकि इससे उनके चुनाव जीतने की संभावना बढ़ जाती है।

अपराधियों का पैसा और बाहुबल राजनीतिक दलों को वोट हासिल करने में मदद करता है। चूँकि भारत की चुनावी राजनीति अधिकांशतः जाति और धर्म जैसे कारकों पर निर्भर करती है, इसलिये उम्मीदवार आपराधिक आरोपों की स्थिति में भी चुनाव जीत जाते हैं।

चुनावी राजनीति कमोबेश राजनीतिक दलों को प्राप्त होने वाली फंडिंग पर निर्भर करती है और चूँकि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों के पास अक्सर धन और संपदा काफी अधिक मात्रा में होता है, इसलिये वे दल के चुनावी अभियान में अधिक-से-अधिक पैसा खर्च करते हैं और उनके राजनीति में प्रवेश करने तथा जीतने की संभावना बढ़ जाती है। भारत की राजनीति में अपराधीकरण को बढ़ावा देने में नागरिक समाज का भी बराबर का योगदान रहा है। अक्सर आम आदमी अपराधियों के धन और बाहुबल से प्रभावित होकर बिना जाँच किये ही उन्हें वोट दे देता है। इसके अलावा भारतीय राजनीति में नैतिकता और मूल्यों के अभाव ने अपराधीकरण की समस्या को और गंभीर बना दिया है। अक्सर राजनीतिक दल अपने निहित स्वार्थों के लिये अपराधीकरण की जाँच करने से कतराती हैं।

सर्वोच्च न्यायालय के इस आदेश को लागू करने का सारी जिम्मेदारी चुनाव आयोग को सौंपी गई है और यह भी कहा गया है कि इस आदेश का अगर पालन नहीं किया गया तो राजनीतिक पार्टियों पर सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन का केस बनाया जाएगा। पिछली संसद में राज्यसभा, लोकसभा दोनों में ही सैकड़ों लोग सभी पार्टियों के अपराध की दुनिया में फंसे हुए बताए गए हैं, जिन पर केस चल रहे हैं। निश्चित ही सर्वोच्च न्यायालय के इस आदेश से राजनीतिक दलों पर भी नकेल कसी जाएगी।

# आम के मंजर में फल आने के बाद वैज्ञानिक प्रबंधन आवश्यक : डॉ एसके सिंह

**इस समय अधिकांश बागों में फल के मटर के दाने के बराबर हो गए है अतः इस समय इमिडाक्लोरप्रीड (17.8 एस.एल.) 1मिली लीटर दवा प्रति दो लीटर पानी में और हैक्साकोनाजोल 1 मीली प्रति लीटर पानी या डाइनोकैप (46 ई0सी0) 1 मिली दवा प्रति 1 लीटर पानी में घोलकर छिड़कने से मधुवा एवं चूर्णिल आसिता की उग्रता में कमी आती है। प्लेनोफिक्स नामक दवा 1 मिली प्रति 3 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करने से फल के गिरने में कमी आती है। इस अवस्था में हल्की सिंचाई शुरू कर देनी चाहिए जिससे बाग की मिट्टी में नमी बनी रहे लेकिन इस बात का ध्यान देना चाहिए कि पेड़ के आस पास जलजमाव न हो। यदि आप का पेड़ 10 वर्ष या 10 वर्ष से ज्यादा है**





प्रोफेसर (डाक्टर) एस के सिंह
लेखक

भारतवर्ष में आम, उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश एवं बिहार में प्रमुखता से इसकी खेती होती है। भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के वर्ष 2020-21 के संख्यिकी के अनुसार भारतवर्ष में 2316.81 हजार हेक्टेयर में आम की खेती होती है, जिससे 20385.99 हजार टन उत्पादन प्राप्त होता है। आम की राष्ट्रीय उत्पादकता 8.80 टन प्रति हेक्टेयर है। बिहार में 160.24 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में इसकी खेती होती है जिससे 1549.97 हजार टन उत्पादन प्राप्त होता है। बिहार में आम की उत्पादकता 9.67 टन प्रति हे. है जो राष्ट्रीय उत्पादकता से थोड़ी ज्यादा है।

आम के बाग में अधिक से अधिक फल लगे एवं टिके इसके लिए आवश्यक है की वैज्ञानिक प्रबंधन किया जाय।

यह बताना आवश्यक है की मंजर में जितना फल लगते है उसका मात्र 5 प्रतिशत से कम फल ही पेड़ पर लगे रहते हैं, शेष फल झड़ जाते है। हमारे बाग में 5 प्रतिशत फल लगे रहे इसके लिए आवश्यक है की बाग का वैज्ञानिक प्रबंधन किया जाय।

इस समय अधिकांश बागों में फल के मटर के दाने के बराबर हो गए है अतः इस समय इमिडाक्लोरप्रीड (17.8 एस.एल.) 1मिली लीटर दवा प्रति दो लीटर पानी में और हैक्साकोनाजोल 1 मीली प्रति लीटर पानी या डाइनोकैप (46 ई0सी0) 1 मिली दवा प्रति 1 लीटर पानी में घोलकर छिड़कने से मधुवा एवं चूर्णिल आसिता की उग्रता में कमी आती है। प्लेनोफिक्स नामक दवा 1 मिली प्रति 3 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करने से फल के गिरने में कमी आती है। इस अवस्था में हल्की सिंचाई शुरू कर देनी चाहिए जिससे बाग की मिट्टी में नमी बनी रहे लेकिन इस बात का ध्यान देना चाहिए कि पेड़ के आस पास जलजमाव न हो। यदि आप का पेड़ 10 वर्ष या 10 वर्ष से ज्यादा है तो उसमे 500-550 ग्राम डाइअमोनियम फॉस्फेट, 850 ग्राम यूरिया एवं 750 ग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश एवं 25 किग्रा खूब अच्छी तरह से सडी गोबर की खाद पौधे के चारों तरफ मुख्य तने से 2 मीटर दूर रिंग बना कर खाद एवं उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए। यदि आम का पेड़ 10 वर्ष से छोटा है तो उपरोक्त खाद एवं उर्वरकों की मात्रा को 10 से भाग दे दे, जो आएगा, उसे पेड़ की उम्र से गुणा कर दे वही उस पेड़ के लिए डोज होगा।

जहाँ आम के फटने की समस्या ज्यादा हो वहाँ के किसान 4 ग्राम घुलनशील बोरेक्स प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें या सूक्ष्मपोषक तत्व जिसमें घुलनशील बोरान की मात्रा ज्यादा हो, का 2 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करने से फल के झड़ने में कमी आती है एवं फल गुणवत्ता युक्त होते है। यह कार्य 15 अप्रैल के आस

पास अवश्य कर लें। आम के जिन मंजरो में फल नही लगे है, उनको काट कर बाग से बाहर ले जाकर जला दे, क्योकि अब उसमे फल नही लगेंगे एवं लगे रहने की अवस्था में ये रोग एवं कीड़ों को आकर्षित करेंगे। आम के बाग में इस समय मिली बग (दहिया कीट) कीट की समस्या ज्यादा विकट रूप से दिखाई दे रही है। यदि आप ने पूर्व में इस कीट के प्रबंधन का उपाय नही किया है तो एवं दहिया कीट पेड पर चढ गया हो, तो ऐसी अवस्था में डाएमेथोएट 30 ई.सी. या क्विनाल्फोस 25 ई.सी.2.0 मीली दवा प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिए। आम में फल मक्खी से बचाव के लिए ज्यादा बेहतर होगा कि फेरोमन ट्रैप 15 से 20 ट्रैप प्रति हेक्टेयर प्रयोग करें। आम के बाग की नियमित देखभाल करते रहे। जैसे ही कोई असामान्य लक्षण दिखे समस्या के अनुसार समाधान करें।

# कोई तो ऐसा रहनुमा आगे आएगा जो अँधेरे में रंग भरना सिखाएगा!

ओम वर्मा

दुनिया में न जाने क्यों रंग अब अपनी रंगत खोने लगे है! सफेद रंग का नाम आते ही मेरी पीढ़ी के लोगों की आँखों के सामने सबसे पहले जो छबि आती थी वह है खादी की धोती पहने चरखे पर सूत कातते बापू और राष्ट्रीय त्योहारों पर अपने हाथों से सफेद कबूतर उड़ा उड़ाकर शांतिदूत बन चुके नेहरू जी या फिर श्वेत वस्त्रावृता व श्वेत कमल पर विराजित देवी सरस्वती या सफेद साड़ी पहने ऐ मेरे वतन के लोगों... गाकर चाचू को द्रवित कर देने वाली सरस्वती कन्या लता! मगर आज सफेद रंग अपनी मूल पहचान से बहुत दूर निकल चुका है। सफेद रंग का जिक्र छिड़ते ही आज लोगों के जहन में पहला सवाल यह पैदा होता है कि आखिर उसकी कमीज मेरी कमीज से सफेद कैसे? अब वह अपनी कमीज को सफेद तो कर नहीं पाता लिहाजा दूसरे की कमीज गंदी करने में जी जान से जुट जाता है। आज लोगों के सामने सफेद रंग को उच्चारते ही या तो शहीदों की विधवाओं या आत्महत्या कर चुके किसानों की विधवाओं की सफेद साड़ियाँ लहराने लगती हैं। क्रिकेट के दीवानों के सामने सफेद रंग पहले क्रिकेट खेलते खिलाड़ियों की तस्वीरें अवश्य उभरती थीं लेकिन अब खिलाड़ियों से ज्यादा चीयर लीडर्स बालाएँ दिमाग पर छाने लगी हैं!

पीले रंग का नाम लेते ही पहले ध्यान या तो सरसों व अमलतास के फूल या फिर निमंत्रण हेतु दहलीज पर रखे गए पीले चावल के दानों की ओर जाता था। अब रस्मों में पीले चावल आना तो डाक से आने वाली मित्रों की चिट्ठियों की तरह कभी के बंद हो चुके हैं अलबत्ता पीले रंग की बात चलते ही ध्यान उन चेहरों की ओर चला जाता है जो पिछले दिनों कभी प्याज खरीदते समय तो कभी तुअर की दाल के भाव सुनते समय देखे गए थे। आजकल पीला रंग उन भाई लोगों के चेहरों की याद भी दिला देता है जो उस समय देखे जाते हैं जब महज विरोध करने के जोश में आतंकवादियों के समर्थन में गला फाड़ने वालों का समर्थन भी कर बैठते हैं व अपने कुतर्कों से उसे जस्टिफाई करने का प्रयास करने लगते हैं। पीले रंग की बात चले तो ध्यान हल्दी पर भी चला जाता है। हल्दी सामने धरी भी हो तो तमाम तरह की आजादी की बात करने वालों को हल्दी घाटी की याद भले न आए पर वे यह सोचकर मन मसोसकर रह जाते हैं कि वे चाहकर भी अपने विवाह के समय गठबंधन से चाहिए...आजादी का नारा क्यों नहीं लगा पाए थे।

लाल रंग इस समय ज्यादा ही सुर्खियाँ बटोर रहा है। लाल रंग का जिक्र होते ही पहले गुलाब, गुलमोहर, सुहागिनों की माँग, बिंदियों, चूड़ियों व मंदिरों में लहरा रही ध्वजाओं का ध्यान आता है। किन्तु अब लाल रंग का नाम सुनते ही एक आम आदमी तो लरज कर ही रह जाता है क्योंकि या तो उसके सामने उदयपुर उभरता है या बदायूँ! या राजधानी के वे नए उभरे ह्यक्रांतिकारीह्न जो इसलिए शर्मिंदा हैं कि एक आतंकवादी को सजा क्यों दे दी गई। आज लाल रंग का नाम लेते ही उन भ्रमित युवाओं का गले फाड़कर नारे लगाना दिखाई देता है जो अपने ही आजाद देश में आजादी ले के रहने की या देश के टुकड़े होते देखने की माँग कर रहे हैं।

नीले रंग पर बात हो तो सबसे पहले नीले आकाश, नीले मेघ और कभी नीली छतरी वाले की याद आने लगती है। पहले नीला रंग या तो सदियों से कागज पर उतारे जा रहे हर्फों का स्मरण करवाता था या जहर पीकर कंठ में रख लेने वाले महादेव का। अब यह भी अपने अर्थ से भटकने लगा है। जहर पी लेने वालों को हमने सिर्फ तस्वीरों व मंदिरों में कैद कर रखा है जबकि जहर उगलने वालों के कुनबों में दिन दूनी-रात चौगुनी वृद्धि हो रही है। नीला झण्डा देखकर एक वर्ग विशेष को अपने धर्मग्रंथों की चिंता होने लगी है कि पता नहीं कब कुछ लोग आकर तहस नहस कर डालें।

हरे रंग का नाम लेते ही पहले दो चीजों पर ध्यान जाता था झ्र सूफी संतों के आस्तानों व पैगंबरों के सीखों पर या वसुंधरा की हरियाली और पर्यावरण की चिंताओं- अभियानों का। मगर अब इन सबसे पहले एक राज्य में अलगाववाद की बातें करने वाली कुछ शक्तियाँ या देश में पंद्रह मिनट के लिए पुलिस हटाकर देखने की बात करने वाले पहले ध्यान खींचते हैं। और लास्ट बात नॉट द लीस्ट है ब्लैक यानी काला रंग! ब्लैक बोलो तो याद आती है संजय लीला भंसाली की फिल्म ब्लैक और उसकी अंधी, गूँगी व बहरी लड़की व उसके शिक्षक की मार्मिक कहानी। सहगल प्रेमियों के दिमाग में मधुर गीत ह्यसुन सुन ऐ किशन काला...ह्न कौंधने लगता है। काले से याद आती है काली माँ या काला तिलक और अपने लाल को डिठौना लगाने वाली माँ। अब काला रंग ह्यरेडिकलाइजेशनह्न का पर्याय बनता जा रहा है। सच बोलने वाले का मुँह बंद करने में भी इसका प्रयोग अब वर्जित नहीं है। और हाँ खबरदार जो किसी ने काले धन को लाने की बात करी तो! बहरहाल मैं बहुत बाउम्मीद हूँ कि सभी रंग अपने मूल अर्थ को शीघ्र चरितार्थ करेंगे। कोई तो ऐसा रहनुमा आगे आएगा जो अंधेरे में रंग भरना सिखाएगा और नई तितलियों से सुंदर और नए व इंद्रधनुष से ज्यादा सुगठित गुलदस्ते का निर्माण करेगा। जोनाथन स्विफ्ट ने गलत नहीं कहा था कि दुनिया में सबसे बुद्धिमान लोग वे होते हैं जो रंगों के बारे में सर्वाधिक सोचते हैं। आओ प्रार्थना करें कि आकाश शीघ्र ही रंग-बिरंगे गुब्बारों और सफेद कबूतरों से भरा हो जाए!

## संक्षिप्त खबरें

### बालू मामले में गिरफ्तार 6 चालक को पुलिस ने भेजा जेल

परसा।बीते दिन खान निरीक्षक पदाधिकारी द्वारा परसा पुलिस के सहयोग से बिना चलान व ओवरलोड बालू लदे पांच ट्रक व दो ट्रैक्टर को जब्त करते हुए चालक दरभंगा जिले के केवटी थाना क्षेत्र के दलवा गाव निवासी स्व चन्देश्वर यादव का पुत्र उदय कुमार,मुजफ्फरपुर जिला के बोचहा थाना क्षेत्र के सनाठी गाव निवासी गाँव निवासी स्व झगरू राय गया घाट थाना क्षेत्र के पिरौछा गाव निवासी राम सूरत सिह का पुत्र नीतीश कुमार व दिलीप कुमार का पुत्र ठगों सिंह,डोरीगंज थाना क्षेत्र के पिपरा टोला बलुआ गाव निवासी अवधेश राय का पुत्र लौव कुमार, मकेर थाना क्षेत्र के फुलवारी गाव निवासी माहादेव राय का पुत्र दिलीप कुमार बताया जाता है।इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि सभी गिरफ्तार चालक पर कार्रवाई करते हुए सोमवार को जेल भेज दिया गया।

### गड़खा में नाइट गार्ड का पुत्र मितल हुआ टॉप टेन में शामिल

गड़खा।गड़खा प्रखंड के पोहिया गांव निवासी नाइट गार्ड विकलेश राय का पुत्र मितल कुमार उर्फ रौशन पूरे बिहार में टॉप 10 में शामिल होकर गड़खा प्रखंड का नाम रोशन किया है।मितल 480 अंक लाकर पूरे बिहार में 9वा रैंक पर हैं।माता रीता देवी हाउसवाइफ है। मितल की प्रारंभिक शिक्षा शांति कुंज आवासीय विद्यालय फुरसतपुर से प्रिंसिपल कुमारी सविता सिन्हा के देखरेख में शुरू हुई।उसके बाद होली कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल अख्तियारपुर से रंजित सर से आगे की पढ़ाई पूरी कर बिहटा में पढ़ा ।जहां से सिमुलतला आवासीय विद्यालय जमुई में उसका एडमिशन हुआ।जहां प्रतिदिन 5 से 6 घंटा मन लगाकर पढ़ाई करता था। मितल अब आगे कोटा से आईआईटी की पढ़ाई कर इंजीनियर बन देश की सेवा करना चाहता है।मितल के गांव पोहियां में 95% लोग किसान और ड्राइवर है।वहा शिक्षा की काफी कमी है।वैसे में मितल का 96% अंक लाकर के गांव सहित पूरे जिले के बच्चे को प्रेरणा का केंद्र बने हुए हैं।प्रिंसिपल कुमारी सविता सिंह ने मिठाई खिला मेडल दे सम्मानित कर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि शांति कुंज स्कूल के लिए गर्व की बात है।मितल को आगे के पढ़ाई के लिए जो भी करना होगा किया जाएगा।

### सारण पुलिस कार्रवाई में 46 अपराधी गिरफ्तार, अवैध हथियार भी बरामद

छपरा।चुनाव को लेकर अपराधियों की धर पकड़ के तहतपुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान में विभिन्न कांडों के 46 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए है। जिसमें आर्म्स एक्ट के तीन, हत्या के प्रयास के तीन, खनन कांड के तेरह, उत्पाद कांड के 24 तथा एक फरार वारंटी भी शामिल है।इस अभियान में अवैध देशी शराब 424.8 लीटर एवं विदेशी शराब 1176 लीटर बरामद किया गया है।इसके अलावा वाहन चेकिंग अभियान में जुमार्ना के रूप में 225500रुपए वसूला गया है।जबकि देसी कट्टा दो, जिंदा कारतूस चार, ट्रक 16, ट्रैक्टर 4, अपहर्ता एक,बोलेरो दो, पिकअप वाहन एक, मोबाईल चार,ई रिक्शा एक तथा मोटरसाईकिल एक आदि जप्त किया गया है।इस आशय की जानकारी सारण पुलिस अधीक्षक कार्यालय से दी गई।

### अवैध हथियार व बाईक के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

छपरा।गुप्त सूचना के आधार पर बनियापुर पुलिस ने अवैध हथियार व चोरी के मोटरसाईकिल के साथ दो अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।इन अपराधियों की गिरफ्तारी बनियापुर थाना अंतर्गत सरैया पुल के पास से की गई है। गिरफ्तार अपराधियों का अपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है, दोनों अपराधी सुबोध कुमार सिंह पिता नागेंद्र सिंह एवं अर्जुन प्रसाद पिता कृष्णा प्रसाद ग्राम जीएस बंगरा जलालपुर का निवासी बताया गया है। गिरफ्तार अपराधी सुबोध कुमार पर नगर थाना कांड संख्या 657/20 इसुआपुर थाना कांड संख्या 121/20 खैरा थाना कांड संख्या 8/18 सहाजीतपुर थाना कांड संख्या 6/23 एवं 2/23 तथा जलालपुर थाना कांड संख्या 115/15, 76/21, 246/22, 141/14 आदि दर्ज है।वहीं अपराधी अर्जुन प्रसाद पर खैरा थाना कान संख्या 61/20 जलालपुर 165/22, 216/22, 246/22, / 21/23 मामला दर्ज है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, एक मोटरसाईकिल व दो मोबाईल सेट बरामद किया गया है।

### महिला शराब कारोबारी गिरफ्तार

दरियापुर।डेरनी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के अलग अलग जगहों से दो महिला शराब कारोबारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।गिरफ्तार कारोबारियों में सुतिहार नवादा निवासी मरछिया देवी तथा सुल्तानपुर निवासी देवांति देवी शामिल है।इन लोगो के खिलाफ शराब कारोबार का पूर्व से मामला दर्ज था। इसके साथ ही एक युवती की शादी के नियत से अपहरण के आरोपी सारनाथचक निवासी बिट्टू को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# एन सी सी राजेंद्र कॉलेज में हुआ विदाई समारोह

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। एन सी सी 1/7 कंपनी, राजेंद्र कॉलेज, छपरा के तत्वावधान में सी सर्टिफिकेट के परीक्षा देने वाले कैडटों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी और कहा कि एकता और अनुशासन व्यक्ति को सफल बनाने का माध्यम होता है । एन सी सी का उद्देश्य ऐसा युवा तैयार करना है जो राष्ट्रीय निर्माण में अपनी भूमिका अदा कर सके। एन सी सी पदाधिकारी कैप्टेन संजय कुमार ने वरिष्ठ कैडेटों को उनके योगदान की सराहना की ।उन्होंने कहा कि सुशील जैसे कैडेट कंपनी के लिये अमूल्य थे और वे जहां भी रहें सफल हों ऐसी कामना है । डॉ. अनुपम कुमार सिंह और श्री हरिहर मोहन ने भी छात्रों को शुभकामना दी । सीनियर अंडर ऑफिसर सुशील कुमार यादव ने अपने दौर को याद करते हुए कहा कि मेहनत, लगन और उत्साह से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने एन सी सी से मिले सीख को आजीवन जीवन में उतारने का संकल्प लिया। मंच संचालन सुप्रिया कुमारी ने किया ।स्वागत गान मोहिनी और अनुष्का ने प्रस्तुत किया। इस दौरान कैडेट आशीष, विशाल, रौशन, कुमकुम, अंजलि, प्रतिज्ञा ने अपनी बातें रखीं। इस दौरान कई संख्या में कैडेट उपस्थित थे।

## मशरक के बंगरा में उच्च क्षमता का विद्युत तार टूटा, विभाग लापरवाह

प्रात: किरण संवाददाता



मशरक (सारण) मशरक के बंगरा पेट्रोल पंप के पास एनएच 227 ए राम जानकी पथ पर सड़क किनारे जा रहे उच्च क्षमता का तार टूट कर गिर पड़ा, हालांकि सुबह का समय होने से बड़ी घटना होने से बच गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग की लापरवाही से उच्च क्षमता के तार टूट कर गिर रहे है। वही विभाग के जेई फोन करने पर फोन तक नहीं उठाते है। ग्रामीणों ने बताया कि उच्च क्षमता के तार लुंज-पुंज अवस्था में है थोड़ी-सी हवा बहने पर स्पार्क कर तार टूट जा रहे है। ग्रामीणों ने विभाग से इस मुद्दे पर आवश्यक सुधार की मांग की।

## धानाडीह गांव पहुंच मुखियापति मिथिलेश ने किया पलक को सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता



रसूलपुर। स्थानीय रसूलपुर पंचायत के धानाडीह गांव में मुखिया पति सह प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद पहुंच पलक कुमारी को सम्मानित किया।मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश ने कहा कि बिहार बोर्ड परीक्षा में इतिहास रच पलक ने हमारे पंचायत रसूलपुर का नाम राज्य स्तर पर प्रकाशित किया है।पलक के गांव धानाडीह में मिल बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।राष्ट्रीय एथलीट विकास सिंह राठौर ने सम्मानित करते हुए कहा कि पुरा जिला पलक के कारण गौरवान्वित हुआ है।ग्रामीण परशुराम सिंह ने बताया कि उनका गांव धन्य हो गया है।रिश्ते में पलक के चाचा पत्रकार देवेन्द्र सिंह ने कहा कि भतीजी पलक की प्रतिभा से पढ़ने वाली क्षेत्र की बेटियां निश्चित रूप से प्रेरित होंगी।मां भारती सेंट्रल स्कूल में प्राचार्य उमाशंकर चौबे द्वारा सम्मानित किया गया।चौबे ने कहा कि लगातार तीन सालों से इस विद्यालय से जुड़े छात्र छात्रायें जिला व राज्य स्तर पर पहचान बनाने में सफलता हासिल कर रहे हैं।

## विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर छात्र छात्राओं ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम




प्रात: किरण संवाददाता

परसा। प्रखंड के स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल हरपुर का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस असवार पर विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।जिसमें मुख्य रूप से सरस्वती वंदना,महाभारत,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,पास नही तो पास,आर्म्स एक्ट,होली सॉन्ग,शिव तांडव आदि का प्रस्तूति देख अभिभवक मनमुग्ध हो गए।जिसका उद्घाटन पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय,चिकित्सक डॉ उमेश चंद्र शर्मा,तारकेश्वर पण्डेय,शिक्षक उपेंद्र शर्मा,गजेंद्र शर्मा प्राचार्य प्रियांका कुमारी द्वारा दिप प्रज्वलित कर किया गया।धन्यवाद ज्ञापन रवि कांत ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ उमेश चंद्र शर्मा ने कहा कि विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों को शिक्षा के साथ कला,खेल,गीत,संगीत तथा संस्कार की शिक्षा दिया जाता है।जो एक सराहनीय पहल है।छात्रों के द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम पर उन्होंने बच्चों को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना किया।वही पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय,ताकेश्वर पण्डेय ने बच्चों को शिक्षा के उत्थान के लिए जानकारी साझा किया।कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों को निदेशक अमरेश कुमार द्वारा अंग बस्त्र देकर सम्मानित किया गया।वही अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में शामिल सभी छात्र छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर बधाई दिया।

## मध्य विद्यालय कदना में रसोईया और सहायकों को दी गई प्रशिक्षण

प्रात: किरण संवाददाता



गड़खा। प्रखण्ड के आदर्श मध्य विद्यालय कदना में सोमवार को रसोईया सह सहायको का एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित की गई। जिसमें प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना तहत मध्याह्न भोजन योजना पर सभी को प्रशिक्षण दी गई। स्कूल में रसोईया और सहायकों को पोषण युक्त तथा सवच्छता पूर्वक भोजन बनाने के लिए प्रशिक्षित किया गया। सभी रसोइयों को उत्साह पूर्वक काम करने की स्वीकृति दी गई। मौके पर प्रधानाध्यापक भूषण कुमार सिंह, प्रखंड साधन सेवी मनोज सिंह, बीआरसी अकाउंटेड अभय कुमार, मुन्नी प्रसाद, धनंजय कुमार ,हरेश्वर सिंह अनिल कुमार सिंह उदय सिंह, सुजीत कुमार राज नारायण प्रसाद, संकुल संचालक मुंशी प्रसाद अजय प्रसाद, गिरधारी साह, अनीता देवी अन्य उपस्थित थे।

## रामनवमी के शुभ अवसर पर निकाली जाएगी शोभा यात्रा

स्थानीय पार्टी क्लब गोपेश्वर नगर छपरा में श्री राम जन्मोत्सव समिति न्यास (रजि०) की आम सभा की बैठक हुई। हजारों लोगों की उपस्थिति में शहर के प्रबुद्ध लोगों ने शोभायात्रा को भव्य बनाने में अपनी सुझाव मार्गदर्शन किया। 9 अप्रैल हिंदु नव वर्ष के अवसर पर सभी सनातनी अपने घर एवं मंदिर को पांच-पांच दीपों जलाकर नव वर्ष का स्वागत किया जाएगा। पूरे छपरा शहर में लाखों प्रज्वलित किया जाएंगे। समिति के द्वारा छपरा शहर को पताकों से भगवा मय बनाया जाएगा। 9अप्रैल से 16 अप्रैल तक शिव पार्वती मंदिर परिसर दधिचि नगर दहियांव में प्रतिदिन नवाह रामायण पाठ एवं दुर्गा सप्तशती पाठ का आयोजन संध्या कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 15 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन। 17 अप्रैल को शोभा यात्रा छपरा शहर के प्रमुख भागों से परिक्रमण करेंगी। इस अवसर पर हजारों की संख्या लोग उपस्थित रहे ।

## फोर व्हीलर से 300 लीटर देसी शराब जप्त, कारोबारी भी हुआ गिरफ्तार

छपरा। लोकसभा चुनाव को लेकर सारण पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नगर थाना अंतर्गत राजेंद्र सरोवर के पास से एक फोर व्हीलर से 300 लीटर देसी शराब जप्त किया गया है। जबकि एक शराब कारोबारी को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति गुड्डू मिश्रा, पिता राम मिश्रा,पिछला तेलपा निवासी बताया गया है। इस मामले में नगर थाने में प्राथमिक की दर्ज कर उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है, नगर थाना कान संख्या 205/24 दर्ज किया गया है।

## मशरक में नगर पंचायत के कूड़े के ढेर में लगी आग, दूर तक फैला धुआं, जिम्मेदार लापरवाह

प्रात: किरण संवाददाता

मशरक (सारण) सरकार मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के गांवों की स्वच्छता को लेकर कचरे का उठाव कर उसका निष्पादन कर रही है जिसमें प्रतिमाह लगभग 20 लाख रुपए का टेंडर जारी किया गया है। लेकिन मशरक नगर पंचायत के द्वारा मशरक छपरा एसएच 90 पर हनुमानगंज गांव में सड़क किनारे ही कचरा फेक दिया जाता है उसी कचरे के ढेर में सोमवार को आग लग गई। जिससे चारों तरफ धुआं फैल गया जिससे छपरा मशरक मार्ग पर आने-जाने वाले राहगीरों को समस्या झेलनी पड़ी। ग्रामीणों ने बताया कि नगर पंचायत के द्वारा क्षेत्र का कचरा जमा कर हनुमानगंज गांव के पास सड़क के किनारे खुलेआम फेक दिया जाता है, जिसमें आग लग गई और धुआं निकलने लगा। उससे निकलने वाले धुआं, दुर्गन्ध और आग की तपिश के चलतें लोगों को वहां से गुजरने में परेशानी हुई। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि नगर पंचायत के द्वारा कचरा डंपिंग यार्ड बना दिया गया है जिसमें खुलेआम आग लगा दी जाती है, इस कचरे की आग से निकलने वाला धुआं इलाके की हवा में जहर घोल रहा है यदि ऐसा ही चलता रहा तो इलाके की हवा इस कदर प्रदूषित हो जाएगी जिसमें सांस लेना भी मुश्किल हो जाएगा। आपको बता दे कि कुछ महीने पहले भी नगर पंचायत के कचरे के ढेर में आग लगी थी जिस पर नगर पंचायत प्रशासन ने भविष्य में कचरा वहां न फेंकने की बात बताई थी, पर लापरवाह नगर पंचायत सफाई प्रशासन के द्वारा खुलेआम कचरा फेका जा रहा है और उसके निष्पादन के लिए खुलेआम आग लगा दी जा रही है।

## पीजी सत्र 2022 -24 के नामांकन से वंचित छात्रों को नामांकन के लिए मौका देने के लिए कुलपति कक्ष में सौंपा स्मार पत्र

प्रात: किरण संवाददाताß

छपरा सदर। सोमवार को सामाजिक संगठन युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर परमेंद्र कुमार बाजपेई के कक्ष में स्नातकोत्तर सत्र 2022 24 के चौथी सूची में शामिल नामांकन से वंचित छात्र-छात्राओं को नामांकन का अवसर देने के लिए कुलपति महोदय से स्मारक पत्र के माध्यम से अपील की। संगठन के पदाधिकारी अमित नयन ने कुलपति महोदय से मांग की की खराब मौसम और भारी बारिश के कारण बहुत से छात्राओं का नामांकनअंतिम दिन यानी 20 मार्च 2024 सोमवार को नहीं हो पाया। चौथी सूची में शामिल इन छात्र-छात्राओं को नामांकन का अवसर प्रदान किया जाए। ताकि उनके भविष्य में कोई अवरोध उत्पन्न ना हो। वही सद्दाब मजहरी ने कहा कि छात्र हित में नामांकन के लिए चौथी लिस्ट में शामिल छात्रों को एक और मौका दिया जाए। प्रतिनिधि मंडल में अमित नयन, मधु कुमारी, पूजा कुमारी, अकबर मजहरी, रमेश, रूपेश, आयशा, आदि छात्र छात्रा शामिल थे।

## संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाने को लेकर हुई बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



एकमा।प्रखंड क्षेत्र के चनचौरा पंचायत के डिब्बी बाजार पर राम विचार मांझी की अध्यक्षता में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने को लेकर समाज के प्रबुद्ध एवं समाज सेवियों के साथ एक बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनाने की तैयारी पर चर्चा की गई ।इस मौके पर हृदय कुमार यादव सुनील राम धनपत यादव रमेश सजल हरेंद्र ठाकुर कौशल किशोर राम पूजन सिंह आदि उपस्थित।

## इसुआपुर का सौरभ बना प्रशाखा पदाधिकारी

प्रात: किरण संवाददाता



इसुआपुर। प्रखंड के जाने माने लोकप्रिय सामाजिक कार्यकर्ता अटौली महुली गांव निवासी प्रमोद कुमार तिवारी उर्फ लंकेश बाबा का प्रथम पुत्र सौरभ कुमार तिवारी ने पटना हाई कोर्ट में सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के पद पर ज्वाइन किया है। इसुआपुर के लाल सौरभ को क्लास 2 रैंक की नौकरी मिलने पर माता-पिता, परिजन तथा सगे संबंधी गौरवान्वित हैं। वहीं हर्ष व्यक्त करते हुए उसे बधाइयां दी हैं। छपरा के सांसद राजीव प्रताप रूड़ी, महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह मढ़ौरा विधायक जितेंद्र राय, वरीय नेता शैलेंद्र प्रताप सिंह, प्रखंड प्रमुख मितेंद्र प्रसाद यादव, तरैया के प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि बिक्कू सिंह,जिला पर्षद प्रियंका सिंह, छविनाथ सिंह, डॉक्टर पी के परमार, मुखिया धनंजय पांडेय, राजकिशोर सिंह, विजय सिंह, जयप्रकाश प्रसाद, श्याम प्रसाद, कैप्टन महम्मद वारिस,रजनीश रंजन तिवारी, संतोष सिंह, राकेश कुमार सिंह व अन्य ने भी खुशी का इजहार करते हुए बधाइयां दी हैं।

## लोकसभा चुनाव को लेकर परसा पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

परसाः-लोक सभा चुनाव को लेकर परसा थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया।फ्लैग मार्च में थानाध्यक्ष सुनील कुमार के नेतृत्व में एसआई अरुण कुमार व पुलिस बल के अलावा पारा मिलिट्री फोर्स को भी शामिल किया गया है।फ्लैग मार्च थाना रोड,दरोगा राय चौक,हाई स्कूल चौक होते मेन रोड का भ्रमण करते हुये फिर थाने पर चली गयी। असामाजिक तत्वों व उपद्रवी को सचेत किया गया। वहीं मतदान के दौरान अशांति फैलाने की कोशिश करने वालों को सावधान किया गया कि पुलिस हर मोर्चे पर निबटने के लिये तैयार है।लोक सभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराने के लिये पूरी तरह से तैयारी में जुट गयी है।

## गरखा के खोरीपाकर गॉंव के समीप एक युवक का मिला शव

- शरीर पर था चोट का निशान
- दो घंटे सड़क हुआ जाम



गरखा (सारण) मानपुर गरखा मुख्य मार्ग स्थित गरखा थाना क्षेत्र के खोरीपाकर गाँव के एक युवक का शव पेड़ के पास मिलने से पुरे गाँव सहित आस पास के क्षेत्रो मे सनसनी फैल गया। मृतक खोरीपाकर गाँव निवासी जितेंद्र राय करीब 18 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार है। परिजनो का कहना था की मृतक अभिषेक शनिवार की संध्या से लापता था परिजन काफी खोजबीन कर रहे थे तभी सोमवार की सुबह उधर से गुजर से किसी की नजर पड़ी जो गले मे फंदा लगा एक युवक पेड़ के सहारे लटका हुआ है इसकी सुचना ग्रामीणो मिली तो काफी संख्या मे ग्रामीण इकठ्ठे हो गय शव की पहचान किया गया और इस घटना की सुचना मृतक के परिजनो दी गई जैसे ही इस घटना की सुचना परिजनो को मिली पुरे परिवार मे कोहराम मच गया चारो तरफ चीख पुकार गुंजने लगी। बताया जाता है की अभिषेक के पुरे शरीर पर चोट का निशान था और गले मे फंदा लगा बासवारी मे शव को पेड़ मे टाँग दिया गया था। इस घटना की सुचना स्थानीय पुलिस को दी गई मौके पर पुलिस पहुंच शव को वहा से मुख्य सड़क पर लाई। इस घटना से गुस्साए ग्रामीण ने शव को मुख्य सड़क पर आरोपी की पहचान एवं गिरफ्तारी की मांग करने लगे जनप्रतिनिधि पुलिस और अन्य लोगो ने समझा बुझाकर जाम हटवाया और वाहनो की आवागमन शुरू करवाई जाम करीब दो घंटे तक रहा। मृतक दो भाई एवं एक बहन था इस घटना को लेकर मृतक के दादा राजेन्द्र राय माता मती देवी भाई विवेक कुमार बहन संध्या कुमारी सहित पुरे परिजन का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया।

## सम्होता के लाल ने 462 अंक प्राप्त कर ग्राम वासियों को किया गौरवान्वित

जलालपुर प्रखंड के सम्होता निवासी शैलेन्द्र कुमार सिंह व अंजना देवी का पुत्र कृष सिंह ने कालेजिएट स्कूल छपरा से 462 अंक प्राप्त कर ग्राम वासियों सहित जलालपुर प्रखंड को गौरवान्वित किया हैं।उसे संस्कृत छोड़कर सभी विषयो मे 90 से अधिक अंक प्राप्त हुए है।उसने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता और गुरु दिलीप कुमार सिंह को दिया है।वह आई ए एस बनना चाहता है।उसकी सफलता पर गुरु दिलीप कुमार सिंह बताते हैं कि कृष बचपन से होनहार और कुशाग्र बुद्धि का है उसकी सफलता पर गांववाले प्रसन्न हैं

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कार्य संस्कृति को लेकर हुई बैठक

- निर्वाचन एवं आपदा से संबंधित कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर ससमय करें निष्पादित

प्रात: किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय।जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आज कार्यसंस्कृति को लेकर बैठक आहुत की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी निर्वाचन एवं आपदा से संबंधित सभी कार्यों का निष्पादन सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुये करें। लोकसभा आम चुनाव के संदर्भ में सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी को फॉर्म 6 एवं 8 के सभी लंबित आवेदनों को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत नियमानुसार निष्पादित करने को कहा गया। सभी एआरओ को प्रतिदिन स्वयं लॉगिन करके लंबित आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित कराने को कहा गया। ऑनलाइन प्राप्त शिकायतों का निष्पादन सभी एआरओ प्रतिदिन सुनिश्चित करेंगे। निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों पर लाइव वेबकास्टिंग कराया जाना है। इसमें सभी क्रिटिकल मतदान केंद्रों को शामिल किया जाना है। सभी एआरओ एवं एईआरओ को निर्धारित मानक के अनुरूप लाइव वेबकास्टिंग हेतु मतदानकेन्द्र की सूची उपलब्ध कराने को कहा गया। प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदान दल के जाने एवं वापस आने के लिये स्पष्ट रूट प्लान 5 अप्रैल तक उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। मढ़ौरा एवं छपरा में मतदान दल के डिस्पैच को लेकर निर्धारित दिनों के लिये स्पष्ट एवं कारगर ट्रैफिक प्लान बनाने का निदेश संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को दिया गया। निर्धारित ट्रैफिक प्लान का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने को कहा गया ताकि यातायात व्यवस्था सुगम बनी रहे। निर्वाचन कार्य हेतू आये हुये एवं आने वाले अर्धसैनिक बलों के आवासन स्थल पर सभी आवश्यक सुविधा बहाल रहे, इसे सुनिश्चित रखने का निदेश कोषांग के नोडल पदाधिकारी को दिया गया। अर्धसैनिक बल की कंपनियों के कमांडर के साथ निरंतर समन्वय स्थापित रखने को कहा गया। सभी चेक नाका पर चेकिंग किये जाने वाले वाहनों की सूची पंजी में संधारित करने को कहा गया।

## एसडीओ व डीएसपी ने केक कटिंग कर 33वां अनुमंडल स्थापना दिवस का जश्न मनाया गया

प्रात: किरण संवाददाता

मढ़ौरा। मढौरा 33वा अनुमंडल स्थापना दिवस के मौके पर सोमवार को यहां कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर सुबह में स्कूली बच्चों के द्वारा शहर में प्रभातफेरी निकालकर वोटरों को जागरूक किया गया। इसके बाद मढौरा हाई स्कूल के हाल में अनुमंडल के चयनित बच्चों और बच्चियों के बीच पेंटिंग व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस मौके पर अनुमंडल कार्यालय के सभागार में आयोजित एक सादे समारोह में एसडीओ डॉक्टर प्रेरणा सिंह, डीएसपी वन नरेश पासवान और डीएसपी 2 अमरनाथ सहित अन्य अधिकारियों ने केक कटिंग कर अनुमंडल स्थापना दिवस का जश्न मनाया। इस मौके पर बोलते हुए कार्यक्रम की अध्यक्ष एसडीओ डॉक्टर प्रेरणा सिंह ने कहा कि चुनाव आचार संहिता के कारण इस बार स्थापना दिवस समारोह व्यापक पैमाने पर नहीं मनाया जा रहा है किंतु स्थापना दिवस के मौके पर अपने गौरवपूर्ण अतीत को याद करना उन्हें काफी सुखद लग रहा है। उन्होंने इस मौके पर बोलते हुए कहा कि फिलहाल चुनावी महापर्व चल रहा है और इस पर्व में सबों को उत्साहित होकर अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने चुनाव कार्य में लगे कर्मचारियों को जहां निष्ठा पूर्वक चुनाव कार्य का निर्वहन करने का निर्देश दिया वहीं आम लोगों से निर्भय होकर मतदान में हिस्सा लेने की अपील की। इस मौके पर डीएसपी नरेश पासवान और बीडीओ सुधीर कुमार ने अनुमंडल वासियों को अनुमंडल स्थापना दिवस की बधाइयां दी जबकि शिक्षक संतोष कुमार ने एक गीत के माध्यम से अनुमंडल की उपलब्धियां को रेखांकित किया। इस मौके पर बोलते हुए सच्चिदानंद ओझा ने मढौरा के ऐतिहासिक, पौराणिक, धार्मिक, औद्योगिक, शैक्षणिक व सांस्कृतिक धरोहरों की चर्चा करते हुए मढौरा के इतिहास पर व्यापक प्रकाश डाला।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
पटना, मंगलवार, 02 अप्रैल, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### वाहन जांच में पुलिस ने काटा 22 हजार का चालान

काराकाट (रोहतास) थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 120 पर गोडारी स्वास्थ केंद्र के समीप भरत साहनी व शांति तिग्गा के नेतृत्व में क्राइम कंट्रोल व सड़क सुरक्षा को लेकर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान मुख्य पथ से आवागमन करने वाले बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट व बिना कागजात के चलने वाले चालको को रोका गया। पुलिस द्वारा घंटो अभियान चलाकर बाईक व कार सवारों को बाईक चलाते समय हेलमेट व कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया गया।प्रभारी थानाध्यक्ष रविभूषण कुमार ने बताया कि वाहन जांच अभियान के क्रम में कुल 12 वाहन चालकों से 22 हजार रुपए की ऑनलाइन ई चलान के तहत जुमार्ना वसूला गया । उन्होंने कहा की क्षेत्र में क्राइम को कंट्रोल रखने के लिए वाहन जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। इस तरह के अभियान आदर्श आचार संहिता व सुरक्षा के दृष्टिकोण से चलाया जा रहा है।

### श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं हनुमान प्राण प्रतिष्ठा के तैयारी में जुटे लोग

काराकाट (रोहतास) आगामी 18 मई से प्रखंड क्षेत्र के देव पडसर में श्री ब्रह्मू बाबा के प्रांगण में ब्रह्मू बाबा का जीर्णोद्धार सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ की तैयारी शुरू हो गई है। यह यज्ञ तोपो मूर्ति संत श्री सुंदर राज स्वामी जी महाराज के सानिध्य में कराया जाएगा। जो 18 मई से 25 मई तक चलेगी इस यज्ञ के संबंध में बताया गया कि कथा 18 मई से प्रारंभ होगा। 19 मई को जलयात्रा तथा 20 अग्नि प्रज्वलित एवं प्राण प्रतिष्ठा एवं 24 मई को यज्ञ पूणार्हुति एवं विशाल भंडारा के साथ यज्ञ संपन्न हो जाएगा। यज्ञ समिति के लोगों ने बताया कि इस यज्ञ में वृंदावन, पुष्कर, गया, काशी, अयोध्या, बक्सर, मथुरा आदि तीर्थस्थलों से धमार्चार्य जगतगुरू संत महंत का आगमन एवं श्रीमुख के द्वारा कथा वचन होगा।

### वार्डवार फॉगिंग कराने एवं एंटी लार्वा का छिड़काव कराने का निर्देश

गया। नगर निगम क्षेत्र में मच्छर के बढ़ते प्रकोप को ध्यान में रखते हुए दिनांक 31.03 को सरकारी कार्यालय एवं निर्वाचन से जुड़े भवनों के आस पास फॉगिंग कराया गया है। इसके साथ ही स्टेशन रोड, स्वराजपुरी रोड,गांधी मैदान रोड,मेडिकल कॉलेज रोड, डी एम कोठी रोड, सरकारी बस स्टैंड, सिविल कोर्ट रोड, जी बी रोड, किरानी घाट रोड, सिक्स लेन पुल, मानपुर बाजार,, मानपुर कुम्हार टोली, मुफ्फसिल मोड़ आदि जगहों पर फॉगिंग कराई गई। वार्डवार फॉगिंग हेतु रोस्टर तैयार कराया गया है एवं भंडार प्रभारी को दिनांक एक अप्रैल से रोस्टर अनुसार वार्डवार फॉगिंग कराने एवं एंटी लार्वा का छिड़काव कराने का निर्देश दिया गया है।

### दिव्यंगजनों के बीच लोक चेतना विकास अभियान का हुआ आयोजन

पटना। बिहार की राजधानी पटना में स्थित गांधी मैदान के पावन धरती पर दिव्यांग जन के कल्याण और उसके सशक्तिकरण के लिए लोक चेतना विकास अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस संदर्भ में विश्व युवा दिवस पर राष्ट्रीय दिव्यांग्जन वित्त एवं विकास निगम (एनडीएफडीसी) के मुख्यालय में दिव्यांगों के शक्तिकरण के लिए भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान ने भगवदगीता के कर्म विज्ञान, न्याय सिद्धांत और शासन नीति के बुनियाद पर लोक सेवार्थ लोक संवाद योजना का प्रस्ताव संस्थान के प्रबंधक निदेशक श्री नवीन शाह के समक्ष रखा था। जिसके बाद इस विषय पर श्री नवीन शाह जी ने 12 अगस्त 2023 को आगरा में और 7 सितंबर 2023 को वृंदावन में लोक प्रशासनिक अधकारियो , शिक्षको , और बुद्धिजीवियों के साथ चर्चा की और इस विषय पर अपना समर्थन और पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इसी के परिणाम स्वरूप दिव्यांग सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत तथा सयुक्त राष्ट्र संघ के मानव अधिकारों की सरभोम घोषणा व भारतीय संविधान की प्रस्तावना में नागरिकों के मूल कार्तव्यो को दृष्टि में रख कर दिव्यांग के बीच पटना लोक संवाद का कार्यक्रम रखा गया । कार्यक्रम से संबंधित पत्र जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग मिला कार्यक्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री आशुतोष राय उपस्थित रहे जिन्होंने आने वाले लोकसभा चुनाव में दिव्यांगों के लिए आधुनिक सुविधाओं की जानकारी देते हुए ईवीएम मशीन की स्तत्यता और सार्थकता का प्रशिक्षण व प्रमाण भी दिया। कार्यक्रम में उपस्थित श्री नवीन शाह जी ने कहा की दिव्यांगो का सशक्तिकरण तभी होगा जब दिव्यांग अपने मत का प्रयोग श्रेष्ठ व्यक्ति के चुनाव में करेंगे। एनडीएफडीसी अपने स्वावलंबन केंद्र के माध्यम से दिव्यांगो को प्रशिक्षित कर उसे रोजगार दिलवाने का कार्य पहले से ही कर रहा है। इस ने विचार से अब पूरे भारत में दिव्यांग के पूर्ण सशक्तिकरण की योजना के जरिए उनके आत्मबल को बढ़ाकर उनको सही रूप से आत्मनिर्भर बनाने का योजना भी तैयार कर रहा है।

# सहायक निवार्ची पदाधिकारी के साथ चुनाव कार्य को सम्पन्न कराने को लेकर कोषांगों के वरीय पदाधिकारी ने की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



गया। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर समाहरणालय सभागार में गया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (अ०जा०) के सामान्य प्रेक्षक यशवंत वी० गुरुकर एव पुलिस प्रेक्षक धर्मेंद्र सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में गया जिले में लोकसभा चुनाव की किये जा रहे तैयारियों के संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम, वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती के साथ साथ सभी 10 विधानसभा के सहायक निवार्ची पदाधिकारी के साथ साथ चुनाव कार्य को सम्पन्न कराने के लिये बनाये गए कोषांगों के वरीय पदाधिकारी एव नोडल पदाधिकारी के साथ बैठक कर कई आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने आये सामान्य प्रेक्षक यशवंत वी० गुरुकर एव पुलिस प्रेक्षक धर्मेंद्र सिंह को हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि आपकी अध्यक्षता में यह प्रथम बैठक है। लोकसभा चुनाव को लेकर सभी तैयारी युद्धस्तर पर चल रही है। इलेक्ट्रोल रोल का डाउनलोड होकर सभी विधानसभा वार को प्राप्त करवा दिया गया है। प्रेक्षक ने निर्देश दिया कि हर हाल में सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी पीडीएफ को क्रॉस चेक कर ले। कोई त्रुटि नही रहे, इसलिये देखना अनिवार्य है।

वोटर स्लिप सभी विधानसभा को प्राप्त करवाया जा चुका है। सभी विधानसभा वार बीएलओ के माध्यम से शत प्रतिशत वितरित करवाया जा रहा है। प्रेक्षक ने निर्देश दिया कि बीएलओ द्वारा किये जा रहे वितरित का सेक्टर पदाधिकारी हर हाल में क्रॉस चेक करवा लें। किसी भी स्तर पर लंबित न रखे। एपिक वितरण में भी कोई लापरवाही नही बरते।

02 अप्रैल से 04 अप्रैल तक हादी हासमी विद्यालय में मतदाता सूची का विखंडन कार्य प्रारंभ हो रहा है। ताकि विधानसभा वार विखंडन के पश्चात बूथ वार विखंडन किया जा सके। इसके लिये सहायक निवार्ची पदाधिकारी एव प्रखंड विकास पदाधिकारी को पूरी टीम के साथ उपस्थित होने को कहा गया है। पोलिंग पर्सन का १२३ रेंडमाइजेशन का काम पूर्ण कर लिया गया है। मतदान कर्मियों से प्रपत्र 12डी प्राप्त करवा लिया गया है। सभी मतदान कर्मियों को हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दिया जा चुका है। प्रेक्षक ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि हर हाल में ईवीएम कैरी करने वाले सभी वाहनों में जीपीएस की पूरी व्यवस्था उपलब्ध रहे हैं। इसके अलावा एफएसटी, एसएसटी एव सेक्टर पदाधिकारी को वाहनों में भी जीपीएस लगा रहे हैं। सभी बूथों पर ए०एम०एफ० यथा रैम्प, शेड, पानी, टॉयलेट, शेड, बिजली इत्यादि की पूरी व्यवस्था रखे। उन्होंने जोर देखर कहा कि सभी बूथों में बिजली की उपलब्धता हर हाल में उपलब्ध रहे हैं।

कोई मतदान केंद्र जहां 2-3 एक साथ बूथ रहे वहां पर प्रॉपर एंट्री एग्जिट, भीड़ नियंत्रण इत्यादि का पुख्ता इंतजाम करवाना होगा।सभी पोलिंग स्टेशन के बाहर मार्किंग करवाना सुनिश्चित करे। साथ मे बीएलओ का चलंत दूरभाष संख्या भी अंकित करवाये। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गया जिले के बोर्डेर वाले एरिया में 10 चेकिंग पॉइंट बनाकर जांच अभियान का दायरा बढ़ाया गया है। आज देर रात भी गया बोर्डेर जो पलामू के क्षेत्र से मिलता है उत्पाद विभाग द्वारा लगभग 800 लीटर स्प्रिट जप्ती की गई है। इसपर प्रेक्षक ने खुशी जाहिर करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी एव वरीय पुलिस अधीक्षक को और प्रभावी रूप से जांच करवाने को कहा है। एसएसपी ने बताया कि लगातार फ्लैग मार्च, एरिया डोमेनेसन, वाहनों की जांच करवाई जा रही है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि जिला नियंत्रण कक्ष में इंट्रीग्रेटेड कंट्रोल रूम बनाया गया है जहां एक छत के नीचे सी- विजिल मोनिटरिंग, 1950 टोल फ्री नंबर में आने वाले कॉल्स की मॉनिटरिंग, सोशल मीडिया मोनिटरिंग इत्यादि की पूरी निगरानी रखी जा रही है। डीएम ने बताया की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम द्वारा लगतार ट्विटर, फेसबुक, व्हाट्सअप ग्रुप्स, इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल प्लेटफार्म पर निगरानी बनाये हुए हैं। प्रेक्षक ने निर्देश दिया कि सोशल मीडिया की क्विक रेस्पॉन्स बेहद जरूरी है।

इसके बाद चुनाव की तैयारी को लेकर सभी कोषांगों के पदाधिकारियों से तैयार की बिंदुबार जानकारी लिया है। इस बैठक में नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, नगर पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता राजस्व,विधि व्यवस्था,लोक शिकायत, आपदा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी, सभी कोषांग के वरीय एव नोडल पदाधिकारी, वीडियो कॉन्फ्रेंस से जुड़े सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

## यूपी के बसरेहर थाना से आई पुलिस ने फरार आरोपी के खिलाफ चिपकाया इस्तेहार

प्रात : किरण संवाददाता



शेरघाटी।थाना क्षेत्र अंतर्गत लग्न तकिया के रहने वाला यूपी से फरार गैंगस्टर एहसान अहमद पिता स्वर्गीय आस मोहम्मद के खिलाफ उत्तर प्रदेश के जनपद यूपी इटावा न्यायालय के स्पेशल के द्वारा गैंगस्टर कोर्ट के जज ने फरार आरोपी के खिलाफ नोटिस जारी होते ही उत्तर प्रदेश के बरसेहर थाना इटावा से आए पुलिस एवम शेरघाटी थाने के पुलिस के सहयोग से शहर के लग्न तकिया के फरार गैंगस्टर के खिलाफ इश्तिहार चिपकाया गया है। उन्होंने कहा कि उसके खिलाफ यूपी के बसरेहर थाना में कांड संख्या 106/23/2(1) गैंगस्टर एक्ट से संबंधित मूकदम दर्ज है। जिसके न्यायलय द्वारा कई वार नोटिश जारी किया गया, लेकिन एक बार भी शामिल नही हुआ न्यायलय के आदेश पर सीआरपीसी के तहत करवाई करते हुए नोटिस जारी किया है, यूपी के बसरेहर थाना के पुलिस पदाधिकारी मनजीत प्रसाद कहा कि न्यायलय द्वारा दिए गए नोटिस के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर शेरघाटी पुलिस के सहयोग से इश्तिहार चिपकाई गई है, साथ ही साथ शहर के अलग-अलग इलाकों में भी इस्तेहार लगाई गई है, उन्होंने कहा को आरोपी के घर के अलावा शहर के मुख्य मुख्य स्थानों पर भी इस्तेहार चिपकाए गए है।

## आजाद पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा

प्रात : किरण संवाददाता

गया।भारतीय नव वर्ष आयोजन समिति गया जी की बैठक डा. मनीष पंकज मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विक्रम संवत २०८१ के पूर्व संध्या पर आजाद पार्क के में नुतन वर्ष अभिनंदन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें बाहर के कलाकारों ने आने कि सहमति जताई है। समिति का आज विस्तार किया गया जो निम्नलिखित है। अध्यक्ष मनीष पंकज मिश्रा महामंत्री राणा रणजीत सिंह एवं प्रदीप कुमार संयोजक राजनंदन वर्मा उर्फ गोरेलाल संरक्षक सर्व सुभाष कुमार वर्मा भोला पटेल बाला सिंह एवं गोपाल प्रसाद पटवाउपाध्यक्ष राजेश चंद्रा संजय कुमार बरनवाल उमेश कुमार प्रमोद कुमार चौधरी बंटी वर्मा मंत्री विकास कुमार भदानी जयशंकर प्रसाद सुनील कुमार बंबइया बबलू सिंह,कोषाध्यक्ष मंजीत कुमार सिंह सुरक्षा सुरक्षा प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह,मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुमार आर्या ,सह प्रभारी बबन सिंह प्रेस व्यवस्था प्रमुख संजय कुमार गुप्ता, महिला प्रमुख श्रीमती सारिका वर्मा,सह महिला प्रमुख श्रीमती राखी अग्रवाल को बनाया गया।

## किड्स गार्डन इंग्लिश स्कूल का स्थापना दिवस का उद्घाटन जिला पार्षद विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने किया

प्रात : किरण संवाददाता



कैमूर। किड्स गार्डन इंग्लिश स्कूल भभुआ के दसवीं वार्षिक महोत्सव मे पहुचे जिला परिषद सदस्य विकास सिंह ने दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला परिषद सदस्य विकास सिंह ने छात्र-छात्राओं से कहा कि शिक्षा वह कुंजी है कोई भी दरवाजा खोला जा सकता है। छात्र-छात्रा में मेहनत और लगन से पढ़ें हमारे देश में परिवर्तन आज बिना शिक्षा पशु के समान है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि लगन मेहनत से पढ़ने की जरूरत है कोई भी लक्ष्य दूर नहीं है मैं आपके भविष्य के लिए शुभकामना देता हूं।मौके पर भभुआ की पूर्व विधायक रिंकी रानी पांडे,प्रोफेसर कमल सिंह , शैलेश श्रीवास्तव, वीर प्रताप सिंह, ब्रजेश कुमार, पिंटू पटेल, सहीत काफी संख्या मे लोग मौजूद रहे।विद्यालय के वार्षिक महोत्सव में पहुंचने पर जिला परिषद सदस्य विकास सिंह का विद्यालय प्रबंधन समिति ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने प्रतिभा दिखाई जिस पर अभिभावक/ शिक्षक/शिक्षिका एवं उपस्थित गण भी झूम उठे।

## आईएमए गया शाखा के नए सत्र के लिए पदाधिकारियों का पदभार ग्रहण समारोह

प्रात : किरण संवाददाता




गया । इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) गया शाखा के नए सत्र के लिए पदाधिकारियों का पदभार ग्रहण समारोह आज दिनांक 31 मार्च 2024 को आइएमए भवन गया में संपन्न हुआ है। आईएमए बिहार शाखा के अध्यक्ष डॉ. एएन राय मुख्य अतिथि थे। उन्होंने ही नए पदाधिकारियों का पदभार ग्रहण कराया है।इस अवसर पर प्रख्यात मनोरोग विशेषज्ञ एवं न्यूरो चिकित्सक डॉ. चौधरी लक्ष्मी नारायण ने अध्यक्ष, डॉ. राकेश कुमार चंदेल ने सचिव एवं वित्त सचिव डॉ. ऋषिकेश कुमार ने वित्त सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया है।डॉ. अशोक कुमार सिंह और डॉ. विश्वविजय सिंह ने उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया है। डॉ. नीरज कुमार और डॉ. मनीष कुमार सिंह ने संयुक्त सचिव का पदभार ग्रहण किया जबकि डॉ राहुल सहाय,डॉ. अबू नोमान ने सहायक सचिव का पदभार ग्रहण किया है। निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. डीके सहाय ने अपने कार्यकाल में किए गए कार्यो को संपूर्ण विवरण प्रस्तुत किया।इस मौके पर आईएमए गया के संरक्षक डॉ रामाधार तिवारी, डॉ. विजय कुमार करण, डॉ. विजय जैन, डॉ शारदानंद सिन्हा, डॉ श्रीकांत प्रसाद सिंह, डॉ. मंजु सिन्हा एवं आइएमए गया के सदस्य गण और अतिथि मौजूद रहे हैं। लेकिन चार दिन पहले डा बी डी शर्मा के सवाल पर मोन क्यों आइएम।

## चुनाव का पर्व, देश का गर्व के तहत समाहरणालय परिसर में नए वोटर को किया गया जागरूक




गया।आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, गया डॉ० त्यागराजन एसएम के दिशा निर्देश में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधि का लगातार संचालन किया जा रहा है। इस क्रम में आज दिनांक 01 अप्रैल को गया जिले में "चुनाव का पर्व, देश का गर्व" के तहत समाहरणालय परिसर में ज़िला स्कूल गया के बीएड अध्यरनत विद्यार्थियों के द्वारा आब्जर्वर, जिला पदाधिकारी, एसएसपी गया एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों के समक्ष तख्ती प्रदर्शन कर नए वोटर सहित सभी मतदाता को जागरूक किया गया है। इसी क्रम में आब्जर्वर के द्वारा सेल्फी प्वाइंट पर तस्वीर लेते हुए मतदान करने हेतु लोगो को प्रेरित किया है। ज़िला पदाधिकारी द्वारा पूरे गया ज़िलावासियों से वोट करने की अपील किया गया है ।

## प्रदेश अध्यक्ष ने अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार को मनोनीत

गया।जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार,प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा,प्रदेश प्रदेश अनुसूचित जाति के प्रभारी पूर्व मंत्री संतोष कुमार निराला एवं प्रदेश जदयू मुख्यालय प्रभारी चंदन सिंह के सलाह पर जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष राजेश त्यागी ने लोक सभा चुनाव के ध्यान में रखते हुए जिला जदयू उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार को अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। इनके मनोनित किए जाने पर प्रदेश सचिव अरुण राव,जिला जदयू उपाध्यक्ष मो0 शमीम अहमद, पडॉ शंकर चौधरी,जहांगीर खान, अरविंद चरण प्रियदर्शी, सुरेश मांझी,सतीश पटेल, प्रमोद मांझी,शिव शंकर पासवान ने प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री डॉ कुमार ने कहा कि वर्तमान अध्यक्ष को राजद में चले जाने के कारण या पद रिक्त हो गया था।

## सभी वार्ड जमादार अपने-अपने वार्ड अंतर्गत मतदान केंद्र की सफाई करना सुनिश्चित करेंगे : नगर आयुक्त

प्रात : किरण संवाददाता



गया।नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु बनाए गए मतदान केंद्र की साफ सफाई से संबंधित बैठक नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा के आदेश पर सम्राट अशोक भवन गया नगर निगम में आहूत की गई है। मतदान केंद्र की सफाई हेतु पूरे निगम क्षेत्र को चार जोन में बांटा गया है। प्रथम जोन के प्रभारी श्रवण कुमार, द्वितीय जोन के प्रभारी आनंद कुमार मिश्रा ,तृतीय जोन के प्रभारी सरफराज आलम एवं चतुर्थ जोन के प्रभारी सिंधु मिश्रा होंगे। सभी वार्ड जमादार अपने-अपने वार्ड अंतर्गत मतदान केंद्र की सफाई करना सुनिश्चित करेंगे। यह सभी जमादार अपने-अपने जोनल प्रभारी के पर्यवेक्षण में कार्य करेंगे।इस बैठक में सभी जमादारों को एवं जोनल प्रभारी को मतदान केंद्र के अंदर एवं बाहर के साथ-साथ पहुंच पथ की साफ सफाई करना भी सुनिश्चित करेंगे। सभी जोनल प्रभारी एवं जमादार प्रत्येक दिन किए गए कार्य से पूर्व एवं बाद की फोटो इस कार्य हेतु बनाया गया वार्टस एप ग्रुप में शेयर करेंगे जिसका अनुश्रवण मुख्य स्वच्छता निरीक्षक के द्वारा प्रत्येक दिन संध्या में किया जाएगा। लोक स्वच्छता पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के कार्यो के वरीय प्रभार में रहेंगे। इस बैठक में शैलेंद्र कुमार नोडल पदाधिकारी सफाई ,आसिफ सिराज नगर प्रबंधक, मोनू कुमार एवं शुभम कुमार लोक स्वच्छता पदाधिकारी, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक चंद्र मोहन, जोनल प्रभारी एवं सभी वार्डो के जमादार उपस्थित थे।

## जल जमाव के कारण स्थानीय लोगों को कई समस्याओं का करना पड़ रहा सामना

प्रात : किरण संवाददाता



गया। जिले के नगर प्रखंड कण्डी बिथो में कण्डी पंचायत के स्थानीय लोगों को जल जमाव होने से कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है स्थानीय लोगों का कहना है की यहाँ नली नाला नहीं रहने की वजह से गंदा पानी पूरे इलाके में फैल गया है वही एक स्थानीय महिला ने कहा इस पानी के जमाव से डेंगू मलेरिया का खतरा बढ़ रहा है तथा जमीन धसने का भी खतरा बना रहता है। लोगों ने बताया की जल जमाव होने का कारण बोरवेल से निकलता पानी तथा इलाके में कोल्ड स्टोरेज से 24 घंटे पानी निकलना भी है वहीं स्थानीय लोगों ने कहा हम लोग कई जगह चक्कर काट काट कर थक गए वही लोगों का कहना है यहां तक के कुछ समय पहले डीएम साहब को आवेदन भी दिया लेकिन अबतक कुछ हुआ नही वही स्थानीय लोगों ने का कहना है कि जब हम लोग मुखिया जी को कहते हैं तो मुखिया कहते हैं जो विधायक रोड बनवाए है वही बनवाएंगे, हम लोग परेशान होकर थक गए हैं आज 5 साल से इस जल जमाव के समस्या से ज्यादा ही परेशान है, कहा हमारे छोटे छोटे बच्चे इसमें डूब कर स्कूल जाते आते हैं, अभी तो ये हाल है बरसात होने के बाद यहां घुटनों से ज्यादा पानी हो जाता है साफ बिच्छू निकालने का डर होता है वही लोगों ने कहा आने वाले लोकसभा चुनाव है जब तक हम लोगों का जल जमाव समस्या का समाधान नहीं होंगा हम लोग वोट नहीं देंगे स्थानीय लोगों ने मीडिया के माध्यम से जन प्रतिनिधियों से अपील किया के हमारे नाली जल जमाव समस्या को दूर किया जाए वही कण्डी पंचायत के मुखिया देवानंद यादव भी सवालों से बचते रहे, तथा उन्होंने फंड नहीं होने की बात कही ।

## आग लगने से 10 बीघा के पुआल जलकर राख

करपी, अरवल। शहर तेलपा थाना क्षेत्र के शहर तेलपा डीह निवासी रंजीत शर्मा लोग क्षेत्र में बालाजी खाद्य दुकान के नाम से भी जानते हैं उनके खलिहान में रखी लगभग 10 बीघा के धान का पुआल जलकर राख हो गया।! जैसा कि निकटवर्ती लोगों का कहना है कि दोपहर में चिलचिलाती धूप एंव तेज पछुआ हवा के चलते देखते ही देखते पुआल के गांज को जलाकर राख कर दिया !ग्रामीणों का कहना है कि आग कैसे लगी इस पर कहना बड़ा मुश्किल है !ग्रामीणों के द्वारा आग को बुझाने काफी अथक प्रयास किया गया लेकिन तेज हवा के कारण आग पर पूर्णता काबु नहीं पाया जा सका !इसकी जानकारी जिला अग्निशमन विभाग को दी गई और तत्काल वहां से दो अग्निशामक घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर कब्जा कर उसे बुझाया! पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुरंजन यादव पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि शर्मा संजीव कुमार सहित कई ग्रामीणों ने इस दुखद घटना पर दुख व्यक्त करते हुए प्रशासन से किसान को सहायता राशि देने की मांग की हैं।

## 10 एवं 11 मई 2024 को होगा चौथा विष्णुधाम महोत्सव

औरंगाबाद। चौथा विष्णुधाम महोत्सव के आयोजन हेतु आयोजन समिति की बैठक विष्णुधाम प्रांगण स्थित श्री लक्ष्मी नारायण विवाह मंडप में आयोजन समिति के अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि विष्णुधाम मंदिर के स्थापना दिवस पे दो दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाय। इस बार अक्षय तृतीया मई माह के 10 मई को विष्णुधाम महोत्सव का शुभारम्भ इसी तिथि से किया जाय एवं दूसरे दिन संध्या इसका समापन किया जाय। विदित हो की यह विष्णुधाम महोत्सव वर्ष 2021 से ही पचीस एवं छब्बीस फरवरी को आयोजित होता रहा है। विचार विमर्श उपरांत अब यह महोत्सव अक्षय तृतीया के दिन आयोजित किया जायेगा। सर्व प्रथम बैठक में उपस्थित समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का स्वागत समिति के स्वागताध्यक्ष एवं जम्होर पंचायत के मुखिआ प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह जी ने किया। पिछले वर्षो में आयोजित इस महोत्सव की सफलता पे सभी सदस्यों को बधाई भी दी। उन्होंने श्री हरि विष्णु जी के दिवस अक्षय तृतीया को इस महोत्सव के लिए सबसे उपयुक्त दिवस बताया। भूपतपुर पंचायत के पूर्व मुखिआ संजीव कुमा दूबे जी ने विष्णुधाम के महत्व एवं आस्था पे चर्चा करते हुए कहा इस विष्णुधाम की महत्ता को महोत्सव के माध्यम से जिले,राज्य,देश और दुनिआ तक पहुँचाने की बात कही।

## विभागों ने प्रपोजल व एस्टीमेट का कागजी घोड़ा दौड़ाने के अलावा कोई काम नहीं किया



अरवल ब्यूरो। लोकसभा चुनाव आते ही फिर से जोर पकड़ने लगा है हसपुरा प्रखंड मुख्यालय से देवकुंड तक को जाने वाली सड़क निर्माण की मांग। प्रखंड के लोगों का कहना है कि केंद्र में सरकार जिसकी भी बने, औद्योगिकीकरण या देश के जीडीपी से हमें मतलब नहीं है। इलाके के लोग उसी के पक्ष में मतदान करेंगे जो हमारी समस्याओं का निदान करेगा। प्रखंड का हसपुरा से त्रिसंकट तक का सड़क सरकारी उदासीनता का शिकार है। औरंगाबाद और जहानाबाद को जोड़ने वाली यह महत्वपूर्ण सड़क का सुध लेने वाला ना कोई अधिकारी है ना ही कोई जन प्रतिनिधि। 18 साल पहले बना यह सड़क कभी इस विभाग तो कभी उस विभाग में स्थानांतरित होता रहा। विभागों ने प्रपोजल और एस्टीमेट का कागजी घोड़ा दौड़ाने के अलावा कोई काम नहीं किया। जिसका नतीजा यह हुआ कि सड़क की स्थिति बद से बदतर होता गया। अब इस सड़क पर गाड़ी से चलना तो दूर की बात है पैदल चलना भी मुश्किल है। सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे है। कहीं-कहीं ही सड़क का अवशेष नजर आता है किसके कारण पता चलता है कि यह सड़क है। पिछले तीन चुनावों से से इस सड़क को मुद्दा बनाया जाता है चुनाव खत्म होते ही इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। जनता ने भी अब यह तय कर लिया है इस बार इस सड़क को चुनावी एजेंडे में शामिल करवाकर रहेंगे। क्योंकि किसी भी राजनीति दल या जन प्रतिनिधि इच्छाशक्ति का घोर अभाव दिखता है। इस सड़क का महत्व इससे समझा जा सकता है कि इसी सड़क से अमझर शरीफ रीफ दादा सैयदना का मजार है। जो मुस्लिम धर्मावलंबियों के लिए बहुत ही पवित्र स्थान माना जाता है।

प्रखंड के नेताओं की माने तो आरडब्ल्यूडी आठ महीने पहले सड़क के निर्माण के लिए प्रपोजल भेजा है। जिसकी दूरी 6. 3 किलोमीटर है। विभाग के अनुसार सड़क की चौड़ाई 5.5 मीटर होगी। जिसके निर्माण में 40 लाख रुपये प्रति किलोमीटर खर्च होने का अनुमान है। लेकिन यह सिर्फ नेताओं का दावा ही बनकर रह गया।

इस सड़क से हिंदुओं के पवित्र स्थान बाबा दुग्धेश्वर नाथ मंदिर देवकुंड व महर्षि च्यवन का आश्रम देवकुंड पहुंचा जा सकता है। अमझर शरीफ के मुखिया प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी बताते है कि इस सड़क के संबंध में जिला के डीएम समेत कई वरीय अधिकारियों से बात करने पर पता चला कि कोई इस सड़क को ग्रामीण कार्य विभाग का बताता है तो कोई सड़क निर्माण विभाग का बताता है। । हालांकि अधिकारी सड़क का जल्द निर्माण का आश्वासन देते है। अब यह अधिकारियों के रहमोकरम पर है कि इस सड़क का निर्माण कब होगा? सड़क का हसपुरा से देवकुंड की दूरी 8 किलोमीटर है।

त्रिसंकट मोड़ की दूरी 6.3 किलोमीटर जहां सड़क नहीं है। त्रिसंकट से देवकुंड तक कि सड़क स्टेट हाईवे है। स्टेट हाईवे तो बना हुआ है लेकिन हसपुरा से त्रिसंकट तक के सड़क में पेंच फंसा हुआ है। 18 साल पहले 2015 में 75 लाख के लागत से जिला कार्य योजना से त्रिसंकट तक सड़क का निर्माण किया गया था। सड़क कुछ महीने बाद ही जर्जर हो गयी थी।

## सोन नद में नहाने के दौरान डूबने से युवक की मौत

आरा। जिले के चांदी थाना क्षेत्र के बहियारा बालू घाट पर नहाने के क्रम में डूबने से ट्रक के एक खलासी की मौत हो गयी। मृतक 17 वर्षीय इरफान अंसारी उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिला के कुबेर स्थान के अजहराबाड़ी निवासी मुस्तकीम अंसारी का पुत्र बताया जाता है। ट्रक चालक सूरज ने बताया कि इरफान उनके ट्रक का खलासी था। सोमवार को वह बहियारा स्थित 6 बी घाट पर बालू लोड करने पहुँचे थे। बालू लोड करने के बाद उनके खलासी इरफान दूसरे लोगो के साथ सोन नदी में नहाने चला गया। इसी क्रम में बालू खनन के लिए खोदे गए गड्ढे में वो फंसकर डूबने लगा जिससे बाद स्थानीय लोगो की मदद से उसे बाहर निकाल गया। आनन फानन में उसे इलाज के लिए पीएचसी कोईलवर लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना के बाद चांदी पुलिस पीएचसी कोईलवर पहुँच शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल आरा ले गयी। घटना के बाद चालक सूरज सदमे में है। वहीं इसकी सूचना इरफान के स्वजनों को दे दी गयी है। जो कुशीनगर से आरा के लिए निकल गए। स्थानीय लोगों की माने तो सोन नदी में अब नहाने जाना मौत को आमंत्रण देना है।

## म्यूकोसेले का उपचार गया शहर में : डॉ. गौतम कुमार

प्रात : किरण संवाददाता



गया।म्यूकोसेले मौखिक गुहा में मौजूद सबसे आम सौम्य नरम ऊतक द्रव्यमान हैं और परिभाषा के अनुसार बलगम 1,2 से भरे गुहाएं हैं। वे सभी आयु समूहों में दोनों लिंगों को प्रभावित करते हैं।10 से 29 वर्ष 3,4,5,6 के बीच घटना की चरम आयु के साथ।इस घटना की साइट के अनुसार, निचला होंठ सबसे अधिक प्रभावित होता है जिसके बाद मुंह का तल, तालु, ऊपरी होंठ और जीभ की उदर सतह होती है।एक्सट्रावेशन नलिकाओं या एसीनी से आसपास के ऊतक में तरल पदार्थ का रिसाव है, जबकि बहुत कम सामान्य प्रतिधारण घटना एक संकुचित डक्टल उद्घाटन के परिणामस्वरूप होती है जो उत्पादित लार के निकास को पर्याप्त रूप से समायोजित नहीं कर सकती है।जिससे डक्टल फैलाव और सतह सूजन हो जाती है।गौण लार ग्रंथियों के मामले में, बलगम का बहिर्वेशन प्रारंभिक कारक के रूप में शारीरिक आघात के साथ म्यूकोसेले गठन का प्राथमिक उपयोग है। यह कभी-कभी निकोटिनिक स्टामाटाइटिस के मामलों में देखा जाता है।जिसमें गर्मी और हानिकारक तंबाकू उत्पादों से जलन के परिणामस्वरूप डक्टल ओपनिंग को संकुचित किया जा सकता है। संयोजी ऊतक में म्यूसिन का स्पिलेज, बदले में, एक भड़काऊ प्रतिक्रिया शुरू करता है जिसके परिणामस्वरूप दानेदार ऊतक से बने एक संयोजी ऊतक दीवार का निर्माण होता है।म्यूसिन रिसाव के क्षेत्र को सीमित करने का प्रयास होता है। चूंकि म्यूसिन पूलिंग लार वाहिनी के कारावास से परे होता है।इसलिए इसे उपकला द्वारा पंक्तिबद्ध नहीं किया जाता है।इस प्रकार इसे स्यूडोसिस्ट माना जाता है। स्पिल्ड म्यूसिन के लिए इन प्रतिक्रियाओं को तीन विकासवादी चरणों में होने का वर्णन किया गया है। पहले चरण में श्लेष्म उत्सर्जन वाहिनी से संयुग्मन ऊतकों में फैलता है जहां कुछ ल्यूकोसाइट्स और हिस्टियोसाइट्स पाए जाते हैं। दूसरे चरण में, ग्रैनुलोमा एक विदेशी शरीर की प्रतिक्रिया से जुड़े हिस्टियोसाइट्स, मैक्रोफेज और विशाल बहुउद्देशीय कोशिकाओं के कारण पुनर्जीवन चरण के दौरान दिखाई देते हैं।

विचार-विमर्श।किशोर और बच्चे सबसे अधिक म्यूकोसेलेस 7 से प्रभावित होते हैं। म्यूकोसेले का निदान मुख्य रूप से इतिहास और नैदानिक उपस्थिति पर आधारित है जिसमें तेजी से उपस्थिति, विशिष्ट स्थान, आघात का इतिहास, नीला रंग, नरम स्थिरता और उतार-चढ़ाव शामिल हैं। विभिन्न उपचार पद्धतियां हैं जिनमें सर्जिकल हटाने, सीओ 2 लेजर पृथक्करण, क्रायोसर्जरी, माइक्रो-मासुंपियलाइजेशन, मासुपियलाइजेशन, इलेक्ट्रोकॉटरी, लेजर वाष्पीकरण या लेजर सर्जरी, और कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स या स्क्लेरोज़िंग एजेंट 6 के इंट्रालेसनल इंजेक्शन शामिल हैं। म्यूकोसेले के लिए मुख्य स्वीकृत उपचार मांसपेशियों की परत के नीचे आसपास के श्लेष्म और ग्रंथियों के ऊतकों का सर्जिकल विलोपन है, लेकिन अध्ययनों ने सर्जिकल के बाद पुनरावृत्ति दिखाई है।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्र नैना कुमारी ने संग्रामपुर का नाम किया रौशन

संग्रामपुर (मुंगेर)। रविवार को बिहार बोर्ड की 10वीं 2024 की परीक्षा का परिणाम जारी किया गया है 'एस. बी. आर. टी प्रोजेक्ट गर्ल्स हाईस्कूल संग्रामपुर की छात्रा नैना कुमारी ने मुंगेर जिला में चौथा स्थान प्राप्त कर नगर पंचायत संग्रामपुर को गौरवान्वित किया है' पिता स्वर्ग अनिल रजक की पुत्री ने 448 अंक ( 89.6 प्रतिशत ) प्राप्त कर नगर पंचायत संग्रामपुर वार्ड नं 9 का नाम रौशन किया है, अपनी सफलता का श्रेय मां रेखा देवी तथा बड़े भाई और बहन को दिया , नैना ने कहा की दस वर्ष पूर्व पिता का साया उठ जाने के बावजूद मेरी मां और भाई बहन के सहयोग से मैं आज इस मुकाम पर पहुंची हूं' छात्रा नैना ने कहा कि आगे इंटर में इससे भी अधिक अंक लाने का प्रयास जारी रखेंगे'

### अनियंत्रित होकर ई रिक्शा पलटी

असरगंज (मुंगेर)। असरगंज थाना क्षेत्र के माछीडीह गांव के पास तेज रफ्तार एक ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गई। ई रिक्शा पलटने से 5 लोग जख्मी हो गये। बताया गया कि उक्त ई रिक्शा खड़गपुर बढ़ौना से असरगंज जा रही थी कि जो माछीडीह गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र असरगंज मे प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों में 2 लोगों को बेहतर ईलाज हेतु मायागंज रेफर कर दिया गया।

### माइक्रोफाइनेंस कम्पनी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

मुजफ्फरपुर। जिले के सरैया थाना क्षेत्र की चकना पंचायत में दर्जनों माइक्रोफाइनेंस कंपनी द्वारा स्थानीय तथाकथित एजेंट एक महिला, उसके पुत्र तथा दो सीएसपी संचालकों की मिलीभगत से गरीब महिलाओं के नाम पर करोड़ों रुपये का घोटाला किया गया है। मामले को लेकर 53 महिलाओं ने संयुक्त रूप से 23 माइक्रोफाइनेंस कंपनियों के साथ चकना निवासी शबनम खातून, पति मो मुन्ना, पुत्र मो हैदर अली, मोती चौक स्थित सीएसपी केजीएन के संचालक मो सद्दाम तथा सत्यम कंप्यूटर के संचालक को नामजद करते हुए सरैया पुलिस को आवेदन दिया है। इसमें पीड़िता अनीता देवी, लाल परी देवी, मानती देवी, मीना देवी, आशा देवी, पिंकी देवी, शोभा देवी, अख्तरी खातून, अजमेरी खातून, संगीता कुमारी, सकीना खातून सहित 53 महिलाओं ने आवेदन में बताया है कि शबनम खातून के साथ सभी आरोपी साजिश के तहत लोन के लिए बायोमेट्रिक केवाइसी के नाम पर अंगूठा लगवाकर सैकड़ों महिलाओं के नाम पर करोड़ों रुपये का लोन की निकासी कर गबन कर लिया गया है। उसके बाद माइक्रोफाइनेंस कंपनी द्वारा पुराने रिकवरी एजेंट का अन्यत्र स्थानांतरण कर नये रिकवरी एजेंट की बहाली कर दी गयी। क्षेत्र में राशि की रिकवरी के लिए नये एजेंट के पहुंचने तथा लोन की किश्त जमा करने का दबाव देने पर गबन के मामले में सभी महिलाओं को जानकारी मिली। लोगों को घटना की जानकारी मिलने की सूचना पर शबनम खातून अपने परिवार सहित घर छोड़कर फरार हो गयी। वहीं शबनम खातून सीएसपी संचालकों की मिलीभगत से महिलाओं के पति के आधार कार्ड को लेकर कई बैंकों में फर्जी तरीके से खाता खुलवाकर उस पर लोन लेकर पासबुक और एटीएम कार्ड भी अपने पास रख लिया है। वहीं रिकवरी एजेंट के दबाव तथा दुर्व्यवहार से पीड़ित पिंकी देवी, शोभा देवी और संगीता कुमारी द्वारा आत्महत्या का प्रयास भी किया जा चुका है। राम विलास राम की नाबालिग पुत्री का फर्जी ढंग से अन्य व्यक्ति के साथ विवाहिता दिखाकर लोन की निकासी कर ली गयी है।मामले में प्रशिक्षु आइपीएस सह-थाना प्रभारी कोटा किरण कुमार ने बताया कि पीड़ित महिलाओं ने 23 - फाइनेंस कंपनियों को नामजद किया है।

# रिजल्ट सुधार कराने को लेकर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

● छात्र-छात्राओं ने परीक्षा नियंत्रक पर लगाया लापरवाही का आरोप

प्रात : किरण ब्यूरो



मुंगेर। मुंगेर विश्वविद्यालय में परीक्षा विभाग की रिजल्ट प्रकाशन में हुई हड़बड़ी सहित कॉलेज कर्मी की घोर लापरवाही से सीबीसीएस पर आधारित यूजी सेमेस्टर-1, सत्र 2023-27 के हरि सिंह महाविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों को बैक इन पेपर और कई पेपर में छात्र-छात्राओं को अनुपस्थित किए जाने का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। सोमवार को महाविद्यालय खुलते ही ऐसे छात्र-छात्राएं महाविद्यालय पहुंचने लगे और परेशान दिखें । छात्र-छात्राओं की परेशानी को देखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई हवेली खड़गपुर के कार्यकर्ताओं ने छात्र-छात्राओं से बातचीत कर उनकी समस्या से अवगत हुए और छात्र-छात्राओं के साथ परीक्षा नियंत्रक के विरुद्ध आक्रोश व्यक्त करते हुए विद्यार्थी परिषद के कॉलेज अध्यक्ष पिंकेश कुमार के नेतृत्व में प्रभारी प्राचार्य डॉ विनोद कुमार से मिल परीक्षा नियंत्रक के नाम रिजल्ट सुधार को लेकर ज्ञापन सौंपा। आक्रोशित छात्राओं ने अविलंब रिजल्ट में सुधार की मांग की। छात्राओं ने आरोप लगाया कि परीक्षा में उपस्थित होने के बावजूद उन्हें अनुपस्थित दिखाया गया है। जिससे उनका रिजल्ट प्रभावित हुआ है। सैंकड़ों छात्राओं के रिजल्ट में इस प्रकार की गड़बड़ी हुआ है। हालांकि प्रभारी प्राचार्य डॉ विनोद कुमार ने छात्राओं को आश्वस्त किया कि उनके रिजल्ट में सुधार की पुरी कोशिश की जाएगी। उन्होंने ऐसे छात्र-छात्राओं को आवेदन देने के लिए कहा।परिषद के कार्यकर्ताओं ने जल्द से जल्द रिजल्ट सुधारने की मांग से सम्बंधित माध्यम से किया है यदि रिजल्ट में सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दिया है। छात्र नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि राजभवन एवं शिक्षा विभाग द्वारा अविलंब रिजल्ट प्रकाशित करने के दबाव में हड़बड़ी में रिजल्ट प्रकाशित करने की वजह से भी इंटरनल एवं प्रैक्टिकल का मार्क्स पोस्ट नहीं किया जा सका है। कॉलेजों ने भी लापरवाही की है। इस मौके पर जिला संयोजक अंकित जायसवाल, प्रदेश सोशल मीडिया सह-संयोजक सत्यम कुमार निराला , प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम केसरी, कॉलेज उपाध्यक्ष सैलाब झा, सौरभ झा, शुभम कुमार, पीयूष कुमार रावत, शिवम केसरी, मौसम कुमारी,अंजली कुमारी,वर्षा कुमारी, कोमल कुमारी, रॉकी कुमार, सहित अन्य कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# सीताराम विवाह की कथा सुनना विशेष फलदाई : विवेक

प्रात : किरण संवाददाता



बरियारपुर (मुंगेर)। श्री राम और मां सीता की जोड़ी आदर्श जोड़ी मानी जाती है। विवाह पंचमी के दिन सीता राम विवाह की कथा पढ़ना हविशेष फलदाई माना जाता है उक्त बातें वैष्णवी दुर्गा स्थान खड़िया में आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा में श्री बालाजी आश्रम वृंदावन मथुरा के विवेक सागर दास जी महाराज ने सुनाते हुए कहा कि राजा जनक के पास भगवान शिव का धनुष था जिसे मां सीता ने खेल खेल में उठा लिया था। उस दिन राजा जनक जान गए कि यह कन्या कोई साधारण नहीं है बल्कि इसमें आलौकिक गुण है। इसलिए उन्होंने निश्चय किया कि अपनी पुत्री का विवाह उसी के साथ करेंगे जो भगवान शिव के धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा। राजा जनक ने सीता जी के विवाह हेतु स्वयंवर रचाया। उसमें शामिल होने बहुत से राजा और राजकुमार सम्मिलित हुए। सीता जी के स्वयंवर के समय श्री राम और लक्ष्मण जी पुष्प लेने के लिए पुष्प वाटिका गए। उधर सीता जी भी मां गौरी के पूजन के लिए सखियों संग वहां उपस्थित थीं। पुष्प वाटिका में सीता जी को उनकी सखी बताती है कि ऋषि विश्वामित्र के साथ दो सुंदर राजकुमार आए हैं जिन्होंने जनकपुरी के लोगों का मन मोह लिया है। यह सुनकर सीताजी के मन में उत्कंठा जागी और वह अपनी सखियों को आगे कर उस ओर चल पड़ी श्री राम ने सीता जी की पाजेब की आवाज सुनकर उस ओर देखा तो मानो सीता जी के मुख रुपी चंद्रमा को देखने के लिए उनके नेत्र चकोर बन गए हो। सीता जी की शोभा देखकर श्री राम हृदय से उनकी सराहना करते हैं। श्री राम लक्ष्मण जी से कहते हैं कि यह वही कन्या है जिसके लिए धनुष यज्ञ हो रहा है उधर श्री राम जी की छवि देखकर सीता जी की पलकों ने मानो गिरना छोड़ दिया हो। सीता जी की सखी ने स्मरण कराया कि हमें अब गौरी पूजन के लिए चलना चाहिए। सीता जी मां गौरी से प्रार्थना करती है कि जिसमें मेरा मन अनुरक्त हो गया है मुझे वहीं वर प्राप्त हो। मां गौरी सीता जी को आशीर्वाद देती है सीता जी के स्वयंवर में आए सभी राजा धनुष को उठाने के लिए पकड़ते हैं लेकिन धनुष उठाना तो दूर कोई भी धनुष को हिला भी नहीं पाता श्री राम ने ऋषि विश्वामित्र का आशीर्वाद लेकर धनुष को प्रणाम कर उठाया और प्रत्यंचा पर चढ़ाया और खींचा। क्षण भर में धनुष को तोड़ दिया। सीता माता ने जयमाला श्री राम को पहना दी उसके पश्चात राजा जनक ने विवाह का बुलावा राजा दशरथ को भेजा राजा दशरथ बारात लेकर जनकपुरी पहुंचे। शुभ मुहूर्त पर श्री राम और सीता जी का विवाह हुआ। श्री रामकथा को सफल बनाने मुखिया संजय कुमार सिंह समाजसेवी महिला रीना कुमारी रीता देवी माया देवी उर्मिला देवी वार्ड सदस्य दीपक कुमार एवं ओमप्रकाश चौधरी सहित श्रीकांत पंडित नीतीशकुमार एवं श्रद्धालु उपस्थित थे

### एक एएनएम के भरोसे चल रहा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर

सदन मुंगेर। सदर प्रखंड अंतर्गत टीका रामपुर पंचायत के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर श्रीतलाल टोला में एक एएनएम के भरोसे केंद्र का संचालन किया जा रहा है। वहीं ग्रामीण सुबोध यादव, बिजन यादव, सिकंदर शर्मा, सुशांत कुमार, ने बताएं कि किसी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में सी एच ओ तथा दो या तीन एएनएम हैं। तो यहां बिना सी एच ओ सिर्फ एक नई एएनएम के सहारे केंद्र का संचालन किया जा रहा है। जो कहीं से उचित नहीं दिख रहा है। एएनएम अगर टीकाकरण में जाती है तो केंद्र बंद रहता है जिससे ग्रामीणों को दवा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। तथा ग्रामीण मायूस होकर घर वापस लौट जाते हैं। विभाग इस पर ध्यान देकर उचित व्यवस्था यथा शीघ्र करने की मांग किया है।

# टोटो और मोटरसाइकिल के टक्कर में वाईक सवार जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता



संग्रामपुर (मुंगेर)। रविवार की देर रात्रि सुल्तानगंज देवघर मुख्य मार्ग के थाना क्षेत्र के रामपुर स्थित पेट्रोल पंप के समीप टोटो और बाईक के टक्कर में बाइक सवार बुरी तरह से जख्मी हो गया। टक्कर से टोटो भी सड़क के किनारे पलट गई। घायल की पहचान बेलहर थाना क्षेत्र के दोलबांध निवासी रोहित कुमार पिता सकलदेव तुरी उम्र 20 वर्ष के रूप में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहित अपने अपाची बाइक से संग्रामपुर से तारापुर की ओर जा रहे थे। रामपुर पेट्रोल पंप के समय विपरीत दिशा से आ रहे टोटो से उसकी आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर से रोहित कुमार सड़क पर ही गिर गया जिससे उसके सर पर चोटें आई। टोटो भी सड़क के किनारे पलट गई। स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी सूचना संग्रामपुर थाने को दी गई। पुलिस के द्वारा घायल को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर भेजा गया जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए भागलपुर रेफर कर दिया गया। अपाचे एवं टोटो को पुलिस के द्वारा जप्त कर थाना लाया गया।

# पुराने दिनों को याद कर भावुक हो गए जिला स्कूल के पूर्ववर्ती छात्र

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। स्थानीय जिला इंटर स्तरीय विद्यालय के सभागार में पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उस समय भावुक करने वाला दृश्य दिखा जब जिला स्कूल से 1967 ईस्वी में मैट्रिक परीक्षा के पास आउट हुए छात्र 57 वर्षों बाद एक दूसरे से मिलकर अपनी पुरानी उपलब्धि के याद करते हुए चर्चा की। कार्यक्रम में बरसों बाद देश के अन्य राज्यों से आये अलग-अलग हिस्सों में सफल पूर्ववर्ती छात्रों द्वारा अपने स्कूल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस दौरान सभी लगभग 75 वर्ष के बुजुर्गों की श्रेणी में पहुंचने पर एक दूसरे मित्रों से मिलने की जहां खुशी चेहरे पर साफ दिख रही थी। वहीं कई मित्रों के खोने का भी गम आंखों से छलक रहा था। सभी अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए दिख रहे थे, बरसों बाद अपने मित्रों से मिलने की खुशी का इजहार कैसे कर रहे हैं यह दृश्य देखने लायक रहा था। सन 1967 बैच के जिला स्कूल प्रांगण से उपस्थित हुए सभी छात्र अपने मैट्रिक परीक्षा पास कर अपने भविष्य के उज्जवल भविष्य को लेकर उच्च स्तरीय पढ़ाई के लिए अलग अलग क्षेत्र में अपनी अलग पहुंच बनाने के साथ ही एक अलग मुकाम हासिल करने के बाद स्टूडेंट लाइफ से निकल कर सफलता की मिसाल कायम कर अंतिम समय दौर में एक दूसरे से विछड़े मित्रों से मिलकर पुरानी यादों को याद कर भावुक होकर आंखे नम हो रही थी।

### होली मिलन समारोह का हुआ भव्य आयोजन

भागलपुर। नागरिक विकास समिति दक्षिणी के द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नागरिक विकास समिति के अध्यक्ष रमण कर्ण, सत्य नारायण साह , आयोजन के संरक्षक डॉ. नीरव, भागलपुर नगर निगम की पूर्व महापौर डॉ. बीना यादव व राकेश रंजन केसरी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, बच्चियों व युवतियों के द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य की प्रस्तुति की गई। इस मौके पर नागरिक विकास समिति के अध्यक्ष रमन कर्ण ने कहा कि यह हमारा 25वां होली मिलन समारोह है, इस होली मिलन समारोह आयोजन का मुख्य मकसद यह रहा है कि हमारे सभी संप्रदाय के लोग एक साथ मिलकर यह होली मिलन समारोह में सम्मिलित होकर एकता अखंडता व मिल्लत के संदेश व प्रेणना की मिसाल बन सकें और शांति सद्भाव के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल को हमेशा बरकरार रखने हेतू कोशिश रही है।

# वैश्य समुदाय समाज के साथ सौतेला व्यवहार किया गया : संजू साव

प्रात : किरण संवाददाता




गया। देश में 22% की आबादी वाले वैश्य समुदाय को लोकसभा चुनाव के टिकट बंटवारे में घोर उपेक्षा की गई है। केंद्र एवं राज्य की सरकार में वैश्य समाज को उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाता है। क्या सिर्फ वैश्य समाज का इस्तेमाल भाजपा करेगी? क्या सिर्फ वैश्य समाज के लोग सरकार को टैक्स देने का काम करेंगे? गया जिला के वैश्य समाज के विभिन्न उपजातियों के नेताओं और प्रतिनिधियों ने भाजपा पर वैश्य समाज को उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। टिकारी रोड स्थित सूर्यगढा निवास में प्रेस वार्ता में गया जिला तैलिक साहू सभा के जिला अध्यक्ष संजू साव ने कही है। वैश्य समाज भाजपा का परंपरागत वोट बैंक रहा है। लेकिन लोकसभा के टिकट बंटवारे में इस समाज के साथ सौतेला व्यवहार किया गया है। हम लोग अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। वैश्य समाज की आबादी 22% है लेकिन इस समय तक उन्हें संगठन में हिस्सेदारी और राजनीति में भागीदारी तो दूर लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और विधान परिषद चुनाव में उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया जा रहा है, जिससे वैश्य समाज के लोगो मे भाजपा के प्रति काफी रोष व्याप्त हैं। अगर हमारे समाज की उपेक्षा की गई तो लोगों का भाजपा से मोह भंग हो जाएगा। वैश्य समाज की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं है हम लोग एकजुटता के साथ हक लेकर रहेंगे। आगे बताया कि आगामी रणनीति तय करने के लिए आगमी 7 अप्रैल को बोधगया के महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में संपूर्ण समाज के लोगों के साथ एक चिंतन बैठक आयोजित की गई है,जिसमें 2025 के विधानसभा चुनाव में वैश्यों की अधिक भागीदारी बढ़ने पर चर्चा की जाएगी।गया जिला मध्यादेशीय वैश्य महासभा के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता ने कहा की राष्ट्र के विकास में सर्वाधिक योगदान करने वाला वैश्य समाज है। इसके बावजूद भी भाजपा के द्वारा वैश्यों की अपेक्षा की जा रही है। आश्चर्य की बात है कि भाजपा के परंपरागत वोट बैंक होने के बावजूद भी विधानसभा में एक भी प्रतिनिधि भाजपा से नहीं है, जबकि राष्ट्रीय जनता दल से दर्जन भर विधायक वैश्य समाज से आते हैं।प्रेस वार्ता में प्रेम प्रकाश पवन, राकेश कुमार, अजय कुमार, संतोष कुमार अग्रवाल, अर्जुन प्रसाद, बंटी वर्मा, सुनील कुमार, राजू गुप्ता, अरुण कुमार गुप्ता, नीरज कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में विभिन्न उपजातियों के प्रतिनिधियों ने अपने हक और अधिकार के लिए चट्टानी एकता का परिचय दिया है।

# डकैती कांड में फरार 25 हजार का ईनामी अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे: एसडीपीओ

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। डकैती कांड के फरार व 25 हजार रुपये का ईनामी अपराधी टीना महतो उर्फ श्रीकान्त सिंह उर्फ भुगेर्ना सिंह को जिला पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से मुंगेर जिला के बरियारपुर से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। ज्ञात हो कि कहलगांव अनुमंडल के रसलपुर थाना क्षेत्र के डकैती का मामले का मुख्य अभियुक्त है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए कहलगांव डीएसपी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम में एसडीपीओ शिवानंद सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि, अभियुक्त रीना महतो उर्फ श्रीकान्त सिंह उर्फ मृगेना सिंह कई वर्षों से फरार चल रहा था। वही उन्होने कहा कि इसकी गिरफ्तारी को लेकर विभाग द्वारा 25 हजार रुपये का ईनाम भी घोषित किया गया था। अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कहलगांव के निगरानी में एक विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम ने रीना महतो उर्फ श्रीकान्त सिंह उर्फ मृगेना सिंह का बरीयारपुर से गिरफ्तार किया गिरफ्तारी टीना महतो उर्फ श्रीकान्त सिंह उर्फ भुगेर्ना सिंह मुंगेर जिला के बरियारपुर थाना के हरिनमार का रहने बाला है। इसकी गिरफ्तारी को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कहलगांव के निगरानी में गठित टीम द्वारा नाटकीय ढंग से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। वही इसकी गिरफ्तारी को लेकर कहलगांव अनुमंडल के कई थानों की पुलिस को शामिल किया गया था।

# खैरा मजिस्ट्रेट व थानाध्यक्ष ने किया वाहन जांच

परमार्थ संदेश



नगरा । सारण पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर खैरा थाना अंतर्गत पटेढ़ा व कृष्णा चौक पर वाहन जांच किया गया। चुनाव को लेकर चौक चौराहे पर मजिस्ट्रेट सह सब डिवीजन कृषि पदाधिकारी पप्पू कुमार, सीओ अभिषेक कुमार थानाध्यक्ष अनिमा राणा के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान सघन रूप से चलाई गई। सोमवार को भी जगह जगह पुलिस की टीम द्वारा वाहन चेकिंग किया गया। दो पहिया के अलावा चार पहिया वाहन तथा बड़े वाहनों की भी चेकिंग की जा रही है। नगरा सहित प्रखंड के कई सड़कों पर दोपहिया वाहनों की जांच की गई।

# तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता



नवगछिया (भागलपुर)। गोदावरी देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नवगछिया प्रांगण में आगामी सत्र 2024-25 हेतु तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला की शुरूआत विद्यालय के कोसी विभाग के विभाग निरीक्षक रमेश चंद्र शुक्ल, स्थानीय समिति के उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार जयसवाल, प्रदीप कुमार सिंह, अजय कुमार कुशवाहा, प्रधानाचार्य लाल बाबु राय ने सरस्वती माता, ओंकार व भारत माता के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। कार्यशाला के प्रथम सत्र में सभी पंजियों, संचिकाओं एवं अभिलेखों को व्यवस्थित किया गया। द्वितीय सत्र में सभी अभिलेखों को व्यवस्थित एवं अद्यतन किया गया। साथ ही सभी स्थाई भौतिक सामग्रियों का सत्यापन कर स्थाई वस्तु पंजी को अद्यतन किया गया। सभी विभागों के कार्य की समीक्षा की गई एवं सामग्रियों की सूची बनाई गई। कार्यक्रम के तृतीय सत्र में सत्र 2023-24 की विस्तृत समीक्षा की गई, एवं सबल एवं निर्बल पक्षों पर विचार किया गया। साथ ही प्रारंभिक बाल्यावस्था पर देखभाल व शिक्षा (ईसीसीई) पर विस्तृत चर्चा की गई। वही कार्यक्रम के चतुर्थ सत्र में सत्र 2024-25 हेतु आचार्य भारती का गठन किया गया। दिवसाधिकारी का निर्धारण तथा सभी के दायित्व पर चर्चा किया गया। शून्य कालांश में प्रतिदिन के के लिए निर्धारित विषयों पर चर्चा एवं सभी का अभ्यास किया गया। एकात्मता-स्तोत्र में वर्णित महापुरुषों, देवियों पर चर्चा की गई। पंचम सत्र में प्रांतीय कार्य योजना एवं शैक्षिक पंचांग 2024-25 के विषयों पर चर्चा एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया। अभिभावक गोष्ठी, अभिभावक संपर्क, मातृ सम्मेलन, दादा-दादी, नाना-नानी सम्मेलन आदि आयोजित करने हेतु तिथि मास निर्धारित किया गया। कार्यशाला में विद्यालय के आचार्य चंद्र कान्त झा, कौशल किशोर चौधरी, शिवशंकर कुमार शर्मा, ब्रजमोहन सिह, विश्वजीत कुमार, दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

### अतिथियों ने पेंटिंग के सफल प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

मढ़ौरा ग्रामीण। अनुमंडल स्थापना दिवस के मौके पर मढ़ौरा हाई स्कूल में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता के सफल 14 प्रतिभागियों के बीच अनुमंडल पदाधिकारी डॉक्टर प्रेरणा सिंह, डीएसपी नरेश पासवान और अमरनाथ, डीसीएलआर मनोहर कुमार ने प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान किया। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में तनु कुमारी, सोनाली कुमारी, संदीप कुमार , प्रगति कुमारी, सरिता कुमारी ,पूजा कुमारी ,रानी कुमारी, अभिषेक कुमार, प्रिंस कुमार ,साक्षी कुमारी ,कविता कुमारी, काजल कुमारी , आदित्य कुमार और प्रियांशु कुमार का नाम शामिल था।

# एक भाई अपने छोटी बहन की बरामदगी को ले वरीय अधिकारियों के दफ्तर का काट रहा चक्कर

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। जिलेभर में युवतियों व महिलाओं के लापता व गुमसुदगी को लेकर लगातार मामला सामने आ रहा है। इसी कड़ी में एक और मामला सबौर थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर भिट्टी गांव इलाके से सामने आया है। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि स्थानीय भट्टी गांव के रहने वाले अरविंद पासवान की छोटी बहन कुमारी विगत 18 मार्च से अपने घर से लापता चल रही है। जिसे लेकर भाई अरविंद पासवान व उनके परिवार जनों के द्वारा काफी खोजबीन के बाद स्थानीय सबौर थाना में लिखित रूप से अपने बहन के लापता होने की सूचना दी थी, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी जब थाना पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नही की गई तो पीड़ित भाई अपनी बहन की बरामदगी को लेकर पुलिस के वरीय अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर काट रहा है। लेकिन पीड़ित भाई के फरियाद को लेकर अबतक कोई भी सुनवाई नहीं हो पा रही है। वही घटना को लेकर सूत्रों के मुताबिक सबौर थाना में मामला तो दर्ज कर लिया गया है, लेकिन पुलिस के द्वारा लापता युवती की बरामदगी को लेकर अब तक पुलिस कोई कार्रवाई शुरू नहीं किये जाने को लेकर पीड़ित लगातार वरीय पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय का चक्कर काट इर्दगिर्द भटकते दिख रहा हैं। वही मामले को लेकर पुनः वरीय पुलिस पदाधिकारी के समक्ष अपनी फरियाद को लेकर पहुंचे थे। जहां वरीय अधिकारियों द्वारा उनकी फरियाद की सुनवाई करने की दिशा में लापता युवती के बरामदगी किये जाने को लेकर कार्रवाई का आश्वासन भी दिया गया है, लेकिन बहन के नहीं मिलने के कारण पूरा परिवार आहत व परेशान दिख रहा है। वहीं मामले को लेकर स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव के ही बिरजू चौधरी के परिवार के सदस्यों द्वारा युवती को बहला फुसलाकर अगवा किया गया है। अब देखने वाली बात है कि मामले को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार के फरियाद को राहत देने की दिशा में कौन सी रणनीति तैयार कर युवती की बरामदगी में सहयोग करती हैं। उक्त बात की चर्चा लोगों की जुबान पर चर्चा का विषय भी बना हुआ दिख रहा है।

### अग लगी में 13घर जले ,10 लाख की सम्पत्ति स्वाह

मुजफ्फरपुर जिले के बंदरा प्रखंड के नुनफारा पंचायत के मुसहर टोला वार्ड संख्या 12 में सोमवार की दोपहर में भीषण आग लग गई। इस घटना में राम दास मांझी, भोला मांझी रंजीत मांझी, अरुण मांझी, सुजीत मांझी, मंजय मांझी, जितेंद्र मांझी मीना देवी समेत कुल 13 परिवार के घर जलकर राख हो गया। इस घटना में लगभग दस लाख रूपए से अधिक की संपति जलने का अनुमान लगाया गया जा रहा है। बताया जा रहा है कि राम स्वरूप मांझी की पुत्री की दस दिन बाद शादी था। जिसके लिए घर में तैयारियां चल रही थी। पीड़ीत ने बताया कि गेहूं कटनी करने के बाद पुत्री की शादी होना था। लेकीन अचानक लगी आग से घर में कुछ नहीं बचा केवल शरीर में पहने हुए कपड़ा बचा हुआ है। बताया की शादी के लिए रखे करीब चार लाख की सामान नकदी समेत अन्य सभी सामान जल गया।

# लाखों रुपये नगदी व शराब के साथ कारोबारी मौके से हुआ गिरफ्तार: डीएसपी

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। आगामी लोकसभा आम चुनाव की तैयारी में लगातार पुलिस प्रशासन की गतिविधियां तेज कर दी गई हैं। इसी कड़ी में जिला पुलिस टीम लगातार वांछित अपराधी व वाहन जांच व शराब सहित नशीले पदार्थों को लेकर विशेष छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिसे लेकर बताया जा रहा है कि वरीय पुलिस अधीक्षक के दूरभाष पर गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि दक्षिणी क्षेत्र इलाके में अवैध शराब का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। उक्त प्राप्त सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक नगर की निगरानी में उपाधीक्षक टू के राकेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। इस दौरान गठित टीम को प्राप्त सूचना के सत्यापन व कार्रवाई को लेकर शराब कारोबारी के चिन्हित घर पर छापेमारी की। जहां पुलिस टीम ने देसी शराब के साथ भारी मात्रा में नगद रुपये की बरामदगी की है। उक्त आशय की जानकारी को लेकर बबरगंज थाना प्रांगण में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम में डीएसपी टू राकेश कुमार ने विस्तृत जानकारी साझा कर दी है। वही उन्होंने कहा है कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से लगातार क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाई जा रही है। इस छापेमारी के क्रम में दौरान एसएसपी आनंद कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की अलीगंज स्थित महेशपुर मोहल्ले के रहने वाले शराब कारोबारी अमित साह के घर पर भारी मात्रा में शराब की खेप को छुपाकर रखा गया है। वही मामले को लेकर डीएसपी 2 राकेश कुमार के नेतृत्व में टीम बनाई गई। जिसके बाद गठित टीम द्वारा सूचना के संबंधित शराब कारोबारी अमित साह के घर में छापामारी की गई। जहां पुलिस ने 14 लाख 98 हजार रुपया नगद बरामदगी की है। वही पुलिस टीम ने सर्च ऑपरेशन के क्रम में घर के अंदर छिपा कर रखे 15 बोतल विदेशी शराब को भी बरामद किया है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बज्रगृह एवं मतगणना स्थल का लिया जायजा

प्रात: किरण संवाददाता

बेतिया( घनश्याम )। जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने सोमवार को स्थानीय बाजार समिति प्रांगण अवस्थित बज्रगृह एवं मतगणना स्थल का जायजा लिया। इस क्रम में संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया।जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बारी-बारी से विधान सभावार सभी बज्रगृहों एवं निमार्णाधीन मतगणना स्थल का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि वज्रगृह एवं मतगणना स्थल पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था तीव्र गति से कर लिया जाय। अनावश्यक सामग्रियों को तुरंत हटवा दिया जाय। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बेतिया/विद्युत/पीएचईडी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन तीव्र गति से कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी एआरओ को निर्देश दिया कि बज्रगृह एवं मतगणना स्थल का नियमित रूप से भ्रमण कर तैयारियों का अनुश्रवण करेंगे।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त प्रतिभा रानी, अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, एसडीएम, नरकटियागंज सूर्य प्रकाश गुप्ता, एसडीएम, बगहा, डॉ0 अनुपमा सिंह, एसडीएम रक्सौल शिवाक्षी दीक्षित, एसडीएम, मोतिहारी सदर श्रेष्ठ अनुपम, डीसीएलआर रक्सौल रश्मि सिंह नगर आयुक्त नगर निगम सहित विभिन्न कोषांगों के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।





## प्राइमरी स्कूल में की गयी फेयरवेल पार्टी

प्रात: किरण संवाददाता



आदापुर। प्रखंड क्षेत्र के भवानीपुर पंचायत अंतर्गत राजकीय नवसृजित प्राथमिक विद्यालय सोनारटोला चैनपुर में सोमवार को वर्ग पांच के पास आउट बच्चों के लिए विद्यालय शिक्षा समिति के सौजन्य से एक भव्य फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। बता दें कि हर वर्ष की भांति कक्षा पांच के बच्चों के परीक्षाफल की घोषणा के उपरांत उनके बेहतर भविष्य के कामना के साथ एक फेयरवेल पार्टी आयोजित की गयी।पार्टी में बच्चों ने पूड़ी-सब्जी, सेवई, मिठाई आदि का खूब लुत्फ उठाया। उक्त बाबत विद्यालय के प्रधान शिक्षक उमेशचंद्र सहनी ने बताया कि रेमेडियल क्लास की अवधि में विद्यालय शिक्षा समिति के सौजन्य से पांचवीं पास बच्चों के लिए एक पार्टी आयोजित की गयी। उधर विद्यालय के पूर्व प्रधान शिक्षक शिव शंकर गिरि ने उक्त विद्यालय में विदाई-भोज परंपरा का निर्वहन करने के लिए वर्तमान प्रबंधन को साधुवाद व्यक्त किया और विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाए रखने की उम्मीद की। फेयरवेल पार्टी में विद्यालय शिक्षा समिति के सचिव अंजू देवी,अध्यक्ष हीरा देवी, शिक्षिका रींकी कुमारी सहित प्रसून कुमार, आयुष कुमार, सनम कुमार, विकास कुमार, प्रिंस कुमार, मंदिप कुमार, सज्जन कुमार, वर्षा कुमारी, संध्या कुमारी, सोनम कुमारी, पूनम कुमारी, अन्नु कुमारी आदि दर्जनों बच्चे शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मैट्रिक में 87 प्रतिशत अंक लाकर आशीष ने लहराया परचम

रक्सौल। भारत-नेपाल सीमा का शहर रक्सौल भले ही विकास की दृष्टिकोण से पिछड़ा हो, लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा अपना परचम लहराया है।अनेकों छात्रों ने इस बार मैट्रिक की परीक्षा में अव्वल अंक लाकर शहर का सम्मान बढ़ाया है। इसी कड़ी में कौड़िहार चौक निवासी नागेश पांडेय एवं निभा देवी के पुत्र आशीष कुमार ने 87 प्रतिशत अंक लाकर अपना लोहा मनवाया है। आशीष को 5 सौ अंक में पूरे 433 अंक प्राप्त हुए हैं।जिससे उसके घर में हर्ष का माहौल है। उसके इस उपलब्धि पर एडवोकेट अखिलेश वर्णवाल, अमर सिंह, नरेंद्र सिंह एवं जयप्रकाश मिश्रा आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### मैट्रिक में 91 प्रतिशत अंक लाकर आयुष ने बढ़ाया शहर का सम्मान

रक्सौल।भारत-नेपाल सीमा भले ही विकास से कोसों दूर हो, परंतु रक्सौल में ऐसे भी हुनर है जो अपनी लोहा हर समय मनवाते रहे हैं।ऐसे ही लोहा मनवाने वाले में रक्सौल के एक मैट्रिक का छात्र है, जिसने 91 प्रतिशत अंक लाकर पूरे शहर का सम्मान बढ़ाने के साथ चार चांद लगा दिया है।बता दें कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 में शहर के गांधीनगर निवासी संजीव कुमार एवं पुतुल देवी के पुत्र आयुष कुमार ने हजारीमल हाई स्कूल से परीक्षा में शामिल होकर 455 अंक लाया है।इससे साबित होता है कि आयुष अपने जिंदगी में कुछ बेहतर करने वाला है। अपने पुत्र के इस सफलता पर उसके माता-पिता में काफी हर्ष है।उसके इस सफलता पर शिक्षक अजीज अहमद, मुन्ना गुप्ता, नवीन कुमार, अरविंद प्रकाश, सोनू कुमार, आशीष श्रीवास्तव सहित अन्य ने उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है।

### अपराध गोष्ठी में पुलिस निरीक्षक ने दिए कई निर्देश

बेतिया(घनश्याम) ।मैनाटांड पुलिस अंचल कार्यालय में सोमवार को क्राइम मीटिंग आयोजित की गई. बैठक में पुलिस इंस्पेक्टर सरफराज अहमद ने सबसे पहले पुलिस और पब्लिक के बीच इको फ्रेंडली व्यवहार रखने एवं अपराधिक गतिविधियों को रोकने केलिए थानाध्यक्षों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए. इंस्पेक्टर श्री अहमद ने पंजियों का अवलोकन कर वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने एंव लंबित कांडों का जल्द से जल्द निषापादन करने का भी निर्देश दिए. साथ ही उन्होंने शराब एवं शराब तस्करों के खिलाफ नकेल कसने की बात कही. बैठक में मैनाटांड थानाध्यक्ष मंटू कुमार, मानपुर थानाध्यक्ष अजय कुमार चौधरी, इनरवा के बसंत कुमार, पुरूषोत्तमपुर के संजीव कुमार, सन्नी कुमार, अरूण कुमार, मुन्ना कुमार आदि मौजूद रहें।

### नेपाली शराब व बाइक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

बेतिया ।मैनाटांड थाना क्षेत्र से नेपाली शराब व एक बाइक के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया की गश्ती के दौरान नेपाल से एक बाइक पर दो लोग आ रहे थे. अस्पताल के पास से रुकने का इशारा किया गया. पुलिस को देख दोनों भागने लगा. खदेड़ कर पकड़ा लिया गया और तलाशी शुरू कर दी गई. तलाशी के दौरान 4 बोतल नेपाली शराब बरामद की गई. गिरफ्तार तस्कर मैनाटांड निवासी राजेंद्र प्रसाद का पुत्र हेमंत कुमार और लालबाबू साह का पुत्र रिपु कुमार के रूप में पहचान किया गया।

### 10 बोतल नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

बेतिया ।इनरवा थाना क्षेत्र से शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया की सोमवार को संध्या गश्ती के दौरान इंडो-नेपाल बॉर्डर सेमरवारी गांव के समीप 10 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब के साथ मैनाटांड थाना क्षेत्र के रमपुरवा निवासी राधेश्यम महतो को गिरफ्तार किया गया।

### सीडीपीओ ने लोगों को जागरूक होकर मतदान करने को कहा

बेतिया(घनश्याम) ।पश्चिमी चंपारण जिले के मैनाटांड में सीडीपीओ कुमारी श्वेता के नेतृत्व में मुख्यालय स्थित बाल विकास कार्यालय से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई. जिसमें मुख्य रूप से आंगनबाड़ी सेविका सहायिका शामिल हुई. लोकतंत्र का सम्मान करेंगे, निर्भय होकर मतदान करेंगे आदि नारे लगाये. रैली समेकित बाल विकास कार्यालय से निकलकर टोला चपरिया, बस्ठा एवं मधुरी पंचायत में पहुंची. जहां सभी कर्मियों ने मतदाता को जागरूक करने और पूर्व की तुलना में अधिक मतदान कराने का संकल्प लिया. सीडीपीओ ने बताया कि लोगों को जागरूक होकर मतदान करना चाहिए. क्योंकि यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा महापर्व है. अधिक मतदान करके ही देश में मजबूत लोकतंत्र बनाया जा सकता है. बिना किसी डर के स्वतंत्र रूप से मतदाताओं को मतदान करना चाहिए ताकि बेहतर सरकार का निर्माण हो सके।

## संदिग्ध परिस्थिति में एएनएम का शव रेलवे ट्रैक से रेलवे पुलिस ने बरामद किया स्वास्थ विभाग में मचा हड़कंप

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया( घनश्याम ) ।पश्चिमी ंपारण जिले के बगहा में संदिग्ध परिस्थितियों में एएनएम की मौत होने के बाद सनसनी फैल गई है ।दरअसल रविवार की देर रात रेल ट्रैक पर एएनएम का खून से सना हुआ शव बरामद किया गया है।

बताया जा रहा है की लखीसराय जिलें की रहने वाली नर्स ललिता कुमारी के रूप में मृतका की पहचान की गई है।जो बगहा 2 अर्बन पीएचसी में बतौर एएनएम कार्यरत थी।रविवार को दिन में टीकाकरण कार्य के बाद रात में हुई उसकी मौत पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। आखिर किन परिस्थितियों में कैसे सरकारी नर्स रेल ट्रैक पर पहुंची। बहरहाल सूचना के बाद शव बरामद कर उसे पोस्टमार्टम हेतु एसडीएच भेजा गया है। मृतका के शव दो हिस्सों में बंटा हुआ मिला और उसका मोबाइल भी पुलिस नें जब्त किया है। घटना पटखौली थाना क्षेत्र के कैलाशनगर आउटर स्थित रेलवे ट्रैक की है लिहाजा रेल पुलिस और पटखौली पुलिस तफ्तीश में जुटी है।

बतादें की ट्रेन से कटकर नर्स की मौत के बाद पुलिस इसे आत्महत्या की आशंका जता आगे की कार्रवाई में जुटी है। लखीसराय की रहने वाली नर्स ललिता कुमारी की अभी शादी नहीं हुई थी और वह अर्बन पीएचसी बगहा दो में ड्यूटी पर तैनात थी। मृतका के आवास से रेलवे ट्रैक की दुरी तकरीबन 700 मीटर है जहाँ रेल लाइन्स से पुलिस ने उसका शव बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक नर्स ललिता फोन पर किसी से लम्बा बात कर रहीं थी इसी दौरान उसे रेल लाइन्स की ओर जाते देखा गया था और फिर देर रात को अचानक उसके मौत की खबर से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। कैमरे के सामने अभी कोई भी अधिकारी कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं। ऐसे में जब्त मोबइल फोन का सीडीआर नर्स की मौत का राज खोलेगा... !

## एक ट्रैक्टर लुटेरा को पुलिस ने धर दबोचा

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया( घनश्याम ) । चनपटिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक ट्रैक्टर लूटेरा को धर दबोचा जबकि चार अन्य फरार बताए जाते हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापा मारी जारी है ।उक्त जानकारी देते हुए सदर एसडीपीओ 1 विवेक दीप ने बताया कि 17 दिसंबर 2023 को चनपटिया थाना क्षेत्र से एक ट्रैक्टर एवं ट्राली को लूट लिया गया था ।इस संबंध में ट्रैक्टर मालिक थाना क्षेत्र के सिसवनिया चूहड़ी निवासी जयप्रकाश राय ने चनपटिया थाना में एक कांड दर्ज कराया था ।

उन्होंने बताया कि पर्यवेक्षण एवं प्रतिवेदन 2 से यह कांड धारा 395 भादवी के अंतर्गत अप्राथमिक अभियुक्त आनंत उर्फ आनंद पासवान पिता राजू पासवान साकिन- बरवत परसाईन थाना मुफस्सिल सहित पांच लोगों के विरुद्ध सत्य पाया गया था । चनपटिया पुलिस को 31 मार्च को गुप्त सूचना मिली कि आनंत उर्फ आनंद पासवान छोटका बरवत परसाईन में देखा गया है ।

सूचना के आलोक में सदर एसडीपीओ 1 विवेक दीप के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापामारी करने का निर्देश दिया गया । टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए छापा मारकर अनंत उर्फ आनंद पासवान को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसे जेल भेज दिया गया है । टीम में चनपटिया थानाध्यक्ष पुलिस निरीक्षक सम्राट सिंह, मुफस्सिल थानाध्यक्ष पुलिस निरीक्षक ज्वाला सिंह , दरोगा शशिकांत दुबे एवं दुर्गेश कुमार शामिल थे।

## बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों की क्षति

● नगर पंचायत के वार्ड 14 रहिका टोला मे हुई अगलगी की घटना

मुरलीगंज (मधेपुरा)। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 14 रहिका टोला में सोमवार के सुबह आग लगने से दो घर में रखे लाखों का सामान जलकर राख हो गया। बताया गया कि बिजली के शॉर्ट सर्किट से आगलगी की घटना हुई। आग की लपेटें इतनी तेज थी की देखते ही देखते दो घर को अपनी चपेट में ले लिया। मुरलीगंज नगर पंचायत क्षेत्र के रहिका वार्ड 14 निवासी पीड़ित उपेंद्र यादव ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 11 बजे शॉर्ट सर्किट के कारण उनके रसोई घर में आग लग गई। पीड़ित ने बताया कि उनके रसोई घर में रखा अनाज, फर्नीचर, चौकी, बर्तन, गैस सिलेंडर, चूल्हा, खाने पीने की सामग्री जल कर राख हो गया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि ग्रामीणों के द्वारा जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक आग ने उनके पड़ोसी उमेश यादव के मकान के खिड़की में भी पकड़ लिया। उनके घर की दो खिड़कियां जल गई। हालांकि ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। मामले में सीओ किसलय कुमार ने बताया कि घटनास्थल का जांच के के बाद जांच रिपोर्ट के आधार पर मुआवजे की राशि दी जाएगी।

## पुलिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने जल संसाधन विभाग के विरोध प्रदर्शन किया

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी। खजौली प्रखंड़ क्षेत्र के चतरा गोबरौरा उत्तरी पंचायत के वार्ड 14 गांव गोबरौरा कोसी नहर चौक से सटे उत्तर दिशा में जल संसाधन विभाग द्वारा ड्रेन चैनल नहर का निर्माण कराया जा रहा है.लेकिन विभाग की उदासीनता को लेकर ड्रेन चैनल नहर पर आवासीय घर के पास एव पंचायत सरकार भवन से दक्षिण की ओर जानी वाली कोसी नहर आरडी संख्या 22 के पास से सरकारी सड़क गुजरती है उस जगह पर पुलिया निर्माण नही करने से दर्जनों ग्रामीणों ने विभाग के विरोध में उग्र प्रदर्शन किया गया.गोबरौरा गांव के पूर्व मुखिया राघवेंद्र पंडित,वैधनाथ यादव,सूरत लाल यादव,वार्ड सदस्य महेश कुमार पंडित ,शीत लाल यादव ने विभाग पर आरोप लगाया है कि 20 वर्ष पूर्व से ही शीत लाल यादव का आवासीय घर बना हुआ है उस आवासीय घर के मुख्य द्वार के सामने से ड्रेन चैनल नहर को निकाला गया है. लेकिन आवासीय घर के सामने विभाग द्वारा पुलिया निर्माण नही करने से लोगो को माल,मवेशी एव पैदल चलना दुर्लभ साबित हो रहा है.वही ग्रामीण को कहना है कि गोबरौरा ग्रामीणों को हजारो एकड़ जमीन ड्रेन चैनल नहर के पार होने से किसानों को खेतीबाड़ी करने में भारी असुविधा झेलनी पड़ेगी. इस समस्या से निजात पाने के लिए ड्रेन चैनल नहर पर दो पुलिया निर्माण की मांग जल संसाधन विभाग से की है.वही गोबरौरा गांव के ग्रामीण शत्रुघ्न यादव,धर्मेंद्र चौधरी,केदार नाथ यादव,विशेश्वर यादव ने कहा कि जल संसाधन विभाग कार्य प्रमंडल खजौली के कार्यपालक अभियंता द्वारा चार दिन के अंदर ड्रेन चैनल नहर पर दो जगह पुलिया निर्माण करने की स्वीकृति नही देती है तो समस्त गोबरौरा ग्रामवासी एक जुट होकर ड्रेन चैनल नहर का कार्य पूर्णतः बाधित कर दिया जाएगा. इस प्रदर्शन के मौके पर ग्रामीण शिवेश्वर यादव,जीतलाल यादव,जोगी यादव,राम कुमार यादव,श्रीनारायण यादव,ज्ञान कुमार यादव,उदगार यादव,लक्ष्मण यादव,उमेश यादव, शीत लाल यादव,श्रवण यादव सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

## लगातार तापमान में हो रही वृद्धि, स्वास्थ्य पर पड़ रहा असर

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई। मार्च माह में ही भीषण गर्मी का एहसास होने लगा। जिले का तापमान 31.7 डिग्री पहुंच गया है। मार्च माह में ही भीषण गर्मी पड़ने से लोग काफी परेशान है। मानव स्वास्थ्य पर गर्मी का विपरीत असर होने लगा है। निजी, शासकीय अस्पतालों में मरीजों की संख्या में रोजाना बढ़ोत्तरी हो रही है। अधिक गर्मी का प्रभाव बच्चे और बुजुर्गों में ज्यादा नजर आ रहा है। दिन में तेज गर्मी तो रात्रि में उमस लग रही है। बीते एक सप्ताह से तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। जिले में होली पर्व के पूर्व से मौसम में बदलाव हो रहा है। बीते पखवाड़े में जहां ओलावृष्टि और बारिश होने से तापमान में गिरावट हुई थी। वहीं अचानक से तापमान में वृद्धि भी होने लगी। मौसम में हुए बदलाव व अधिक गर्मी का प्रभाव पांच साल तक के बच्चों में ज्यादा देखने को मिल रहा है। बच्चों में पेट दर्द के साथ-साथ उल्टी व दस्त की शिकायत हो रही है। इसी तरह बुजुर्गों में भी यह समस्या अधिक नजर आ रही है। मौसम परिवर्तन से बीमार हो रहे लोगों को निजी, सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है। सरकारी अस्पतालों के ओपीडी में जहां मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। वहीं निजी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर उपचार के लिए भर्ती कराया जा रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि मौसम में बदलाव और तेज गर्मी से स्वास्थ्य पर विपरित असर पड़ रहा है। बच्चों को पेट दर्द, उल्टी व दस्त की शिकायत हो सकती है। इस दौरान लापरवाही न बरतें। घरेलू उपचार के चक्कर में न पड़े। तत्काल ही शिशु रोग विशेषज्ञ से उपचार कराएं। ताकी बीमार बच्चों को अधिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। तापमान में हो रही वृद्धि के चलते लोगों को दोपहर में घरों से बाहर निकलने से भी परहेज बरतना पड़ेगा। आवश्यकता होने पर ही घर से बाहर निकले। लेकिन सुरक्षा के इंतजाम के साथ ही जाए। पानी का नियमित रुप से अधिक से अधिक उपयोग करें।

युवा, बुजुर्गों पर भी पड़ रहा प्रभाव डॉक्टर ने बताया कि तेज धूप का असर बड़े लोगों पर भी पड़ रहा है। युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं को भी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। बड़े लोगों में भी डिहाइड्रेशन, उल्टी-दस्त की शिकायत के साथ डायरिया होने की संभावना बनी हुई है। प्रसुताओं को भी इस मौसम में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। इनका कहना है तेज गर्मी के कारण बच्चों में डिहाइड्रेशन, उल्टी-दस्त की शिकायत हो सकती है। सावधानी बरतकर इनसे बचा जा सकता है। बच्चों के बीमार होने पर तत्काल ही चिकित्सक से उपचार कराएं।

## देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

दिघवारा नगर ।थाना क्षेत्र के निमार्णाधीन फोरलेन पर रेल चक्का प्लांट रेलवे क्रासिंग स्थित विजय ढाबा के समीप रविवार की रात्रि वाहन जांच के दौरान दिघवारा पुलिस ने एक अपराधी को एक देशी कट्टे तथा दो जिंदा कारतूस के साथ धर दबोचा ।वही एक अपराधी अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया ।थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार ने बताया कि विजय ढाबा के पास रात्रि गस्ती के दौरान वाहन जांच चल रहा था तभी एक बाइक पर सवार दो लोग पुलिस को देखकर भागने लगे,पुलिस द्वारा पीछा करने के दौरान पीछे बैठा व्यक्ति बाइक से नीचे गिर गया वही दूसरा व्यक्ति बाइक लेकर फरार हो गया ।पुलिस द्वारा तलाशी के दौरान उक्त व्यक्ति के कमर से एक देशी कट्टा तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया ।गिरफ्तार अपराधी की पहचान वैशाली जिले के नगर थाना अंतर्गत मोदनी मॉल निवासी पशुपति पटेल के पुत्र आकाश कुमार उर्फ बंटी के रूप में हुई है ।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है इसके खिलाफ वैशाली जिले के नगर थाना तथा सदर थाने में पहले से कई मामले दर्ज है।

## अगनेयस्त्र के साथ अपराधी गिरफ्तार

बनियापूर ।बनियापुर के सारेया पुल के निकट पुलिस ने गुप्त सूचना पर दो अपराधियों को कट्टा कारतूस चोरी की बाईक मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया है .थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया है कि गिरफ्तार अपराधियों का थाना कांड संख्या दर्ज है वही बाइक चोरी की घटना मे संलिप्ता स्वीकार किआ है ।गिरफ्तार अपराधी सुबोध कुमार अर्जुन कुमार जी एस बंगरा जलालपुर निवासी है जिनका इसुआपुर जलालपुर सहित कई थाना मे अपराधिक घटना दर्ज है। टीम मे थानाध्यक्ष वन्य कर्मी शामिल थे

## मढौरा के तीन अलग अलग स्थानों पर लगी अचानक आग कई फुशनुमा घर जलकर राख

प्रात: किरण संवाददाता



मढौरा ग्रामीण। धूप और तेज हवा के झोंकों के कारण सोमवार को मढौरा के तीन स्थानों पर अचानक लगी आग से हजारों की संपत्ति जलकर खाक हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गौरा थाना क्षेत्र के मोथाहा निवासी नबी रसूल मियां के घर अचानक लगी आग में चार बकरी, साइकिल, बर्तन ,कपड़ा, अनाज सहित हजारों की संपत्ति जलकर राख हो गई। इस दौरान गृहस्वामी आंशिक रूप से जख्मी भी हुए। उधर मढौरा के बहुआरा पट्टी टोले ननफर में अचानक लगी आग के कारण सिपाही राय की गुमटी, घर ,दो बकरी, अनाज, कपड़ा, बर्तन आदि जलकर राख हो गई । इस दौरान सिपाही राय की भाभी इस अग्निकांड को देख बेहोश हो गई जिन्हें बाद में ग्रामीणों के प्रयास से आग के अंदर से निकाला गया। इसके अलावा धेनुकी निवासी संजीव कुमार सिंह के घर में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग से हजारों की बबार्दी हो गई। कपड़ा, अनाज, नगदी सहित बर्तन आदि जलकर राख हो गए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक उक्त अग्निकांड के बाद अंचल पदाधिकारी द्वारा जरूरी जांच की प्रक्रिया पूरी कराई जा रही है। समाचार भेजे जाने तक किसी भी अग्नि पीड़ित को कोई सरकारी सहायता नहीं मिल सकी है।

## डिमिक-डिमिक डमरू कर बाजे ... पर झूम उठे श्रोता



भेल्दी( सारण ) ।ख्याति प्राप्त संगीतज्ञ पंडित रामप्रकाश मिश्र ने शिव भजन डिमक-डिमक डमरू कर बाजे,प्रेम मगन नाचे भोला... जब गाया तो पंडाल में बैठे श्रद्धालु श्रोता झूमने लगे ।मौका था अमनौर प्रखण्ड के रसुलपुर ठाकुर बाड़ी में आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम का ।रामप्रकाश मिश्र ने हाथे ना छुअब जाने गंगा मईया...समेत कई भजन प्रस्तुत कर सुधि श्रोताओं को भक्ति सागर में डूबो दिया ।रिटायर्ड जज दिनेश कुमार शर्मा ने जननी मैं ना जिऊ बिन राम... ओ मेरे सांवरिया.. भजन सुधा अल्पना मिश्रा ने भी एक से एक भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया ।तबला पर रविशंकर पाठक व हारमोनियम पर शिक्षक रविशंकर नारायण संगत कर रहे थे ।मंच का सफल संचालन संजय मिश्र निशांत ने किया ।इस मौके पर पटना हाईकोर्ट के रजिस्टार प्रकाश झा,पंकज कुमार ओझा,हिमांशु रंजन,धर्मनाथ ओझा,सत्येन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## अगलगी के पीड़ित परिवार को सीओ सौरभ रंजन ने दिया 11-11 हजार रुपये का चेक

मांझी। थाना क्षेत्र के मटियार गाँव में हुई आगलगी की भीषण घटना में पीड़ित सात परिवारों को डीएम के निर्देश पर सीओ सौरभ रंजन के द्वारा रविवार की रात में हीं पहुंचकर 11-11 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। साथ हीं उनके लिए भोजन सामग्री की व्यवस्था करायी गई। महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने पीड़ित परिवार से मिलकर डीएम से फोन पर उनकी स्थिति की जानकारी दी थी। मांझी प्रेस क्लब की ओर से पीड़ित परिवार को राहत सामग्री देकर दर्द को बांटने की कोशिश की गई। बता दें रविवार को दिन में घटना में सारे सामान समेत तीन घर जलकर पूरी तरह से राख हो गए थे। अगलगी की उक्त घटना में आठ परिवार प्रभावित हुए हैं। जिनमें त्रिलोकी बीन, धनेश बीन, रमेश बीन, नारद साह, नन्हे साह, बाबू साह आदि शामिल हैं। जिनकी माली हालत काफी दयनीय बतायी जा रही है।

## बिजली के शार्ट सर्किट से खेतों में लगीं आग



मशरक (सारण) मशरक थाना क्षेत्र के चरिहारा मल्लाह टोली गांव में गेहूं के खेतों में बिजली के पोल पर शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग तेज पछुआ हवा के सम्पर्क में आने पर विकाराल रूप धारण कर ली। रंजन कुमार सिंह ने बताया कि उच्च क्षमता के बिजली के पोल पर बैठें चिड़िया से अचानक स्पार्क करते हुए शार्ट सर्किट से आग लग गई, चिड़िया आग के शोलों में बदल कर खेतों में गिर पड़ी और खेतों में आग लग गई। आग के विकराल रूप को देखकर फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी गई, मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया।

## सीसीए की धारा 03 के तहत 33 अपराधकर्मियों के विरूद्ध हुई कार्रवाई

बेतिया( घनश्याम )। लोकसभा निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं निष्पक्ष वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु जिले के 33 आदतन अपराध कर्मियों के विरूद्ध क्राइम कंट्रोल एक्ट (सीसीए) बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम की धारा-03 के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें थाना बदर कर दिया गया है। उक्त 33 अपराध कर्मी प्रतिदिन पूर्वाह्न 10.00 बजे से 11.00 बजे एवं अपराह्न 05.00-06.00 बजे के बीच संबंधित थाना में जाकर सदेह अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे।

बगहा थाना क्षेत्र के अपराधकर्मी मैनुद्दीन उर्फ मोईन को ठकराहां थाना में प्रतिदिन जाकर सदेह अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। इसी तरह विनय पाठक को पिपरासी थाना, नासीर मियां को रामनगर थाना, उमेश यादव को चिउटाहां थाना, चन्द्रभानु प्रसाद को वाल्मीकिनगर थाना, अरविन्द मिश्रा को भितहां थाना, मो0 आशीफ को पिपरासी थाना, अदया राम को गोबर्धना थाना, नीतीश कुमार को बथुअरिया थाना, भोला पासवान को ठकराहां थाना, संजय पटेल को नौरंगिया दोन थाना, राजू साह को ठकराहां थाना, शिव पटेल को भितहां थाना, गोलू पाठक को नदी थाना, सोनू चौधरी को पिपरासी थाना, सावन सिंह को वाल्मीकिनगर थाना, मनोज चौधरी को नौरंगिया थाना, सुनील कुशवाहा को भितहां थाना, नितेश पाण्डेय उर्फ बेचू पाण्डेय को पिपरासी थाना, कन्हैया धांगड़ को ठकराहां थाना, भीम यादव को चिउटाहां थाना, भोला गिरी को गोबर्धना थाना, साहिद मियां को बथुअरिया थाना, कन्हैया कुमार को मधुबनी थाना, शिबु मियां उर्फ सरफराज अहमद को नौरंगिया थाना, अजय ठाकुर को वाल्मीकिनगर थाना, नरेश पटेल को मधुबनी थाना, सुजीत कुमार को नदी थाना, विनोद सिंह को गोबर्धना थाना, दीपराज कुमार को मधुबनी थाना, अखिलेश राम को ठकराहां थाना एवं भगत मांझी को पिपरासी थाना में जाकर प्रतिदिन अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार राय द्वारा उपरोक्त अपराधकर्मियों को आदेश दिया गया है कि वे आदेश प्राप्ति की तिथि से उक्त निर्धारित थाना में सदेह उपस्थित होकर प्रत्येक दिन 10:00 बजे पूर्वा० से 11:00 बजे पूर्वा० तथा संध्या में 05:00 बजे से 06:00 बजे के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। दिनांक- 25.05.2024 को अपने मत का प्रयोग करने की स्थिति में संबंधित थानाध्यक्ष को मतदान केन्द्र पर पहुंचने हेतु यात्रा रूट, चलने का समय एवं वापसी का समय अंकित कर पूर्ण ब्यौरा समर्पित करना होगा, तदुपरांत थानाध्यक्ष से अनुमति प्राप्त कर ही मतदान केन्द्र हेतु प्रस्थान करेंगे। जिला दंडाधिकारी द्वारा संबंधित थानाध्यक्षों को निदेश दिया गया है कि वे थाना में इसके लिए एक अलग से उपस्थिति पंजी संधारित करेंगे एवं उसमें सभी अपराधकर्मी का नाम अंकित कर प्रत्येक दिन उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

## पूरी तरह एक्टिव होकर निर्वाचन कार्यों को ससमय कराएं निष्पादित : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

बेतिया( घनश्याम )। लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर की जा रही तैयारियों की समीक्षा सोमवार को कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश कुमार राय द्वारा की गयी। इस बैठक में सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी, सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी एवं सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

समीक्षा के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने हेतु सभी अधिकारियों को पूरी तरह एक्टिव होकर कार्य करना होगा। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए निर्वाचन संबंधी कार्यो को ससमय निष्पादित करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि कोषांगों के सभी वरीय एवं नोडल अधिकारी अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन के साथ बैठक में ससमय भाग लेंगे। निर्वाचन कार्यो से संबंधित विपत्रों का सत्यापन अच्छे तरीके से करेंगे। निर्वाचन से संबंधित निर्माण सहित अन्य व्यवस्थाएं गुणवतापूर्ण एवं मानक के अनुरूप सम्पन्न होना चाहिए। ऐसे कार्यो की जांच भी करायी जायेगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण प्रमंडल/पीएचईडी/विद्युत को निर्देश दिया कि सभी मतदान केन्द्रों, पुलिस फोर्स आवासन स्थल पर आवश्यकतानुसार मरम्मति कार्य, रैम्प आदि का निर्माण, विद्युत व्यवस्था, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाएं ससमय करा लेंगे। इसके साथ ही डिस्पैच सेन्टर, बज्रगृह एवं मतगणना स्थल पर भी रंग-रोगन सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं ससमय सुदृढ़ करा लेंगे ।जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा कार्मिक कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, सामग्री कोषांग, परिवहन कोषांग, ईवीएम/वीवी पैट-सह-ईएमएस कोषांग, मीडिया/एमसीएमसी कोषांग, व्यय लेखा कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, मतपत्र/डमी बैलेट/पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग, प्रतिवेदन कोषांग, स्वीप एवं आईईसी कोषांग, कार्मिक कल्याण-सह-बीएमएफ-सह-पीडब्लूडी कोषांग सहित अन्य कोषांगों द्वारा किये गये कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा की गयी।

## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा चुनाव के बीच चुनाव अधिकारियों ने रोकी पूर्व मुख्यमंत्री की बस




**हैदराबाद।** चुनाव ड्यूटी के तहत निर्वाचन अधिकारियों ने रविवार को उस बस की तलाशी ली जिसमें तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और बीआरएस सुप्रीमो के.चंद्रशेखर राव यात्रा कर रहे थे। राव की बस 170 किलोमीटर दूर सूर्यापेट जिले की ओर जा रही थी। तेलंगाना में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 13 मई को मतदान होगा, जिसके लिए वर्तमान में आदर्श आचार संहिता लागू है। बीआरएस के सूत्रों के अनुसार, के चंद्रशेखर राव कृषि क्षेत्रों का निरीक्षण करने के लिए अपने दौरे के तहत सूर्यापेट जा रहे थे। यह क्षेत्र कथित तौर पर सूखे जैसी स्थिति का सामना कर रहा हैं। बीआरएस सूत्रों ने कहा कि जिले के एडुलापर्रे टांडा चेक पोस्ट पर वाहन की जांच की गई। पार्टी सूत्रों ने बताया कि केसीआर किसानों के सामने सूखे जैसे हालात के मद्देनजर उनमें विश्वास पैदा करने के लिए उनसे बातचीत कर रहे थे।

### 30 लाख की नकदी के साथ गिरफ्तार हुआ पूर्व मुख्यमंत्री का रिश्तेदार

**गंगटोक।** सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग के साढ़ू शिरीष खरे 30 लाख रुपये नकद के साथ पकड़े गए। सिक्किम में विधानसभा चुनाव हो रहा है। सिक्किम में चेकपोस्ट पर रविवार को जांच के दौरान उनकी गाड़ी से 30 लाख रुपये की नकदी पकड़ी गई। सिलीगुड़ी से सिक्किम जा रही कार से यह रकम ले जाई जा रही थी। वाहन खुद शिरीष खरे चला रहे थे। नकदी कहां ले जाई जा रही था, इसकी छानबीन हो रही है। आयकर विभाग भी जांच कर रहा है। सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने इसे चुनाव में धनबल का इस्तेमाल बताते हुए चुनाव आयोग और प्रशासन से आरोपित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। एसडीएफ पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

### केसीआर ने कृषि नुकसान के लिए राज्य सरकार को ठहराया जिम्मेदार



**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के प्रमुख और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने जनगांव, सूर्यापेट और नलगोंडा जिलों का दौरा किया और सूख गई फसलों का निरीक्षण किया। इस दौरान नुकसान झेलने वाले किसानों को उन्होंने सांत्वना दी और उन्हें हार नहीं मानने के लिए प्रोत्साहित किया। बीआरएस पार्टी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट किया, जो राज्य धान उत्पादन में पहले स्थान पर था, वह इतने समय में ऐसी स्थिति में पहुंच गया। यह सूखा कोई प्राकृतिक घटना नहीं है, यह असमर्थता और अक्षमता के कारण पैदा हुआ है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की यह अक्षमता है। केसीआर रविवार सुबह अपने एर्रावेली फार्महाउस से जनगांव जिले के देवरुप्पला मंडल में धारावथ थांडा के लिए रवाना हुए और वहां सूख रही फसलों का निरीक्षण किया। उन्होंने उन किसानों से भी बातचीत की जिनकी सिंचाई के लिए पानी की कमी के साथ-साथ हाल ही में असामयिक बारिश के कारण फसल का नुकसान हुआ था।

# स्पोर्ट्स सिटी के 15 हजार फ्लैटों की रजिस्ट्री में और देरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा में स्पोर्ट्स सिटी परियोजना के 15 हजार फ्लैटों की रजिस्ट्री में और देरी हो सकती है। लोक लेखा समिति ने बिल्डर और प्राधिकरण अधिकारियों को परियोजना में खेल सुविधाएं विकसित करने समेत आ रहीं अन्य अड़चनों को दूर करने के निर्देश दिए थे। निर्देश के पांच माह बाद भी इस पर कोई काम नहीं हुआ, इसीलिए फ्लैटों की रजिस्ट्री अटकी हुई है। इस परियोजना में लोग करीब सात वर्ष से रजिस्ट्री का इंतजार कर रहे हैं।

लोक लेखा समिति ने प्राधिकरण अधिकारियों को निर्देश दिया था कि प्लॉट संख्या-एससी-02, सेक्टर-150 वाली परियोजना को आगे बढ़ाएं। यहां जरूरत के हिसाब से जमीन उपलब्ध है और अंतरराष्ट्रीय खेल सुविधाएं विकसित हो सकती हैं। ऐसे में खेल सुविधाएं विकसित करा इसको पूरा कराएं। यहां पर जो रुकावटें हैं, उनको बिल्डर-प्राधिकरण अधिकारी मिलकर दूर करें। अधिकारियों की ओर से दावा किया जाता रहा कि आचार संहिता लगने से पहले बोर्ड बैठक कर इसमें समाधान के लिए प्रस्ताव रखा जाएगा। अब आचार संहिता लग चुकी है। ऐसे में चार जून के बाद ही प्रक्रिया आगे बढ़ पाएगी। बीते 10-15 वर्ष पहले



अलग-अलग पांच सेक्टरों में स्पोर्ट्स सिटी परियोजना लाई गई थी। सेक्टर-78, 79, 101, 150 और 152 में बिल्डरों को जमीन दी गई। प्राधिकरण ने इसके लिए बिल्डरों को सस्ते दामों पर जमीन दी थी। इसमें 70 प्रतिशत हिस्से में खेल सुविधाएं, 28 में आवासीय और 2 प्रतिशत में व्यावसायिक गतिविधि की जा सकती हैं, लेकिन यहां पर बिल्डरों ने मुनाफे के लिए खेल की बजाए अधिकांश हिस्से में फ्लैट और व्यावसायिक गतिविधियां कीं। सीएजी ने वर्ष 2005 से लेकर 2017 तक के कामकाज की जांच की। जांच में सामने आया कि स्पोर्ट्स सिटी के लिए जमीन आवंटित करने में नोएडा प्राधिकरण को 8643 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इसके बाद लोक लेखा समिति ने इसकी सुनवाई शुरू कर दी।

बिल्डरों को फायदा पहुंचाने वाले और मौके पर परियोजना की ठीक ढंग से जांच न करने वाले किसी भी अफसर पर अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी है। लेखा समिति के निर्देश पर एक साल पहले अप्रैल में ही शासन ने जिम्मेदार अफसरों को चिह्नित करने के लिए नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ प्रभाष कुमार की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की थी, लेकिन इस कमेटी ने चार महीने तक कुछ नहीं किया। इसके बाद लेखा समिति ने सितंबर में शासन को उच्चस्तरीय जांच कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। अब तक कमेटी का गठन नहीं हो सका है।

अमिताभकांत समिति की सिफारिशें लागू होने के बाद बिल्डरों को कोरोना काल के दौरान 1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2022 तक के दौरान जीरो पीरियड का लाभ दिया गया। इससे बिल्डरों का बकाया कम हो गया। इस लाभ से स्पोर्ट्स सिटी को बाहर रखा गया। खरीदारों का कहना है कि इस योजना में स्पोर्ट्स सिटी के ग्रुप हाउसिंग के हिस्से को शामिल किया जाना चाहिए।

स्पोर्ट्स सिटी परियोजना में फ्लैट ले चुके संवरजीत सिंह का कहना है कि प्राधिकरण अधिकारियों को चाहिए कि उनकी दिक्कतों को समझते हुए जल्द रजिस्ट्री कराएं।

कपिल कुमार का कहना है कि करीब पांच साल से फ्लैट की रजिस्ट्री के इंतजार में हूं। बिल्डरों की लापरवाही का खामियाजा हमें भुगतना पड़ रहा है।

मनोज कुमार सिंह, औद्योगिक विकास आयुक्त, स्पोर्ट्स सिटी परियोजना का समाधान निकालने के लिए प्रयास चल रहे हैं। आचार संहिता समाप्त होने के बाद इसको आगे बढ़ाया जाएगा।

## दिल्ली फिर शर्मसार, मामा-भांजे ने किशोरी को घर बुलाकर किया गैंगरेप, 2 साल से चल रही थी ब्लैकमेलिंग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के भारत नगर इलाके में मामा-भांजे द्वारा 17 साल की किशोरी से गैंगरेप करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपियों ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किशोरी को बुलाया था। फिलहाल पुलिस ने गुरुवार को आईटी एक्ट, गैंगरेप और मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज कर इंस्पेक्टर को जांच सौंपी है।

जानकारी के अनुसार, 11वीं कक्षा की छात्रा केशवपुरम इलाके में रहती है। वह 5 साल पहले वजीरपुर जेजे कॉलोनी में रहती थी, जहां उसकी मुलाकात सुयश नाम के युवक से हुई थी। पीड़िता के पिता की मौत हो चुकी है और मां वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित फैक्ट्री में नौकरी करती है। उसने बताया कि वर्ष 2022 में सुयश ने अपने घर में उसके साथ दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया और उसे वायरल करने की धमकी देने लगा। इस बीच पीड़िता के परिवार ने इलाका छोड़ दिया और बीते साल आरोपी की भी शादी हो गई। पीड़िता ने बताया कि बुधवार रात को सुयश ने वीडियो डिलीट करने के बहाने उसे अपने घर बुलाया। वहां सुयश और उसके मामा रोहित ने उसके साथ गैंगरेप किया। पीड़िता ने सुबह अपनी एक सहेली को इस घटना के बारे में बताया। इसके बाद महिला आयोग से संपर्क कर पुलिस को शिकायत दी गई।

वहीं, एक अन्य मामले में दिल्ली के ही सब्जी मंडी इलाके में डीयू की छात्रा से दुष्कर्म के बाद और ब्लैकमेल कर घर में चोरी कराने का मामला सामने आया है। पुलिस ने गुरुवार को पीड़िता की शिकायत पर मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बीए ऑनर्स सेकेंड ईयर की 20 वर्षीय छात्रा परिवार सहित सब्जी मंडी इलाके में रहती है। पीड़िता ने बताया कि 12वीं की पढ़ाई के दौरान 2022 में देवांश नाम के छात्र से उसकी दोस्ती हुई थी। इसके बाद दोनों ने डीयू के कॉलेज में एडमिशन ले लिया। बीते साल अक्टूबर में देवांश उसके घर आया और दुष्कर्म किया। घटना के बारे में किसी को बताने पर उसे धमकी दी। उसकी आपत्तिजनक फोटो देने के लिए भी मजबूर किया। देवांश आए दिन रंजना को उसकी फोटो सोशल मीडिया और डीयू के ग्रुप में वायरल करने की धमकी देने लगा और रुपये लाने का दबाव डालने लगा। इसके बाद पीड़िता घर से अपने माता-पिता के रुपये चोरी कर आरोपी को देने लगी। वह करीब दो लाख रुपये दे चुकी थी। 25 मार्च को वह आरोपी को देने के लिए फिर से रुपये निकाल रही थी तो मां ने देख लिया।

## भारी बारिश के बाद गुवाहाटी हवाई अड्डे पर छत की सीलिंग का हिस्सा ढहा

**गुवाहटी, एजेंसी।** एक भयंकर तूफान और भारी बारिश ने रविवार को गुवाहाटी के गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को प्रभावित किया, भारी बारिश के कारण बाहरी छत की सीलिंग का एक हिस्सा ढह गया। भारी बारिश के कारण, हवाईअड्डा प्राधिकरण ने परिचालन रोक दिया और छह उड़ानों को अन्य गंतव्यों के लिए डायवर्ट कर दिया। वहीं, गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे, गुवाहाटी के मुख्य हवाईअड्डा अधिकारी उत्पल बरुआ ने एएनआई को बताया कि छह उड़ानें डायवर्ट की गईं। तूफान में एक बड़ा पेड़ उखड़ गया उत्पल बरुआ ने कहा कि एक बड़ा पेड़ उखड़ गया और हवाईअड्डे को जोड़ने वाली एक सड़क अवरुद्ध हो गई, लेकिन टर्मिनल को ईंधन की सुचारू आपूर्ति के लिए सड़क को तुरंत साफ कर दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि, आउटलेट पाइप के ओवरफ्लो होने के कारण एयरपोर्ट के अंदर पानी का रिसाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि बाहर की छत की सीलिंग का एक हिस्सा उड़ गया। अब स्थिति सामान्य है। हालाँकि, गुवाहाटी हवाईअड्डा प्राधिकरण ने कहा कि परिचालन अब सामान्य रूप से फिर से शुरू हो गया है। आगे बोले कि भारी बारिश और हवा के कारण, आज शाम प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण उड़ान संचालन प्रभावित हुआ।

# भाजपा में शामिल होने के लिए आया 5 करोड़ का ऑफर

### पंजाब में आप विधायक ने दर्ज कराई एफआईआर

**लुधियाना, एजेंसी।** पंजाब के लुधियाना दक्षिण से आम आदमी पार्टी विधायक ने एफआईआर दर्ज कराई है। खबरें हैं कि विधायक रजिंदरपाल कौर छीना ने शिकायत की है कि उन्हें पार्टी छोड़ने के लिए 5 करोड़ रुपये की पेशकश की गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जी रही है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने भी इस मामले की बारीकी से जांच किए जाने की अपील पुलिस से की है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, एफआईआर में कहा गया है कि छीना को आप छोड़ने के लिए 5 करोड़ रुपये और भाजपा के बड़े नेताओं से दिल्ली में मुलाकात कराने की बात कही गई थी। साथ ही उन्हें सांसद का टिकट देने का भी वादा किया गया था। रिपोर्ट में पुलिस सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि छीना की तरफ से फोन नंबर्स भी दिए गए हैं, जो +46 कोड यानी स्वीडन के हैं।

छीना ने आरोप लगाए हैं कि इन नंबरों से उन्हें कॉल आए थे। उन्हें पुलिस को यह भी बताया कि कॉल करने वाले का नाम सेवक सिंह है, जो खुद को भाजपा कार्यकर्ता बता रहा है। सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। वह दिल्ली में होने का दावा कर रहा है। खास बात है कि आप विधायक की तरफ से ये आरोप ऐसे समय पर लगाए गए हैं, जब पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लगातार अपनी गिरफ्तारी को लेकर भाजपा को घेर रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, एफआईआर में कहा गया है, शिकायतकर्ता को एक कॉल आया..., जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को भाजपा के दिल्ली दफ्तर से सेवक सिंह बताया। उसने शिकायतकर्ता को आप छोड़ने और भाजपा में शामिल होने के लिए 5 करोड़ रुपये का ऑफर दिया। साथ ही उसने शिकायतकर्ता को सांसद का टिकट देने या केंद्र सरकार में कोई भी बड़ा पद देने के लिए लुभाया। उसने दिल्ली में भाजपा नेताओं के साथ शिकायतकर्ता की मीटिंग भी कराने का वादा किया था। एडिशनल डीसीपी-2 देव सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, प्रथम दृष्टया कॉल स्वीडन के नंबर का इस्तेमाल कर की गई होगी, लेकिन अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। अखबार से बातचीत में पंजाब भाजपा के प्रवक्ता जयबंस सिंह ने कहा, हमारी जानकारी में हमारी पार्टी से सेवक सिंह नाम का कोई व्यक्ति नहीं जुड़ा है। हम पुलिस से इस मामले में गहन जांच और एफआईआर के पीछे की सच्चाई सामने लाने की अपील करते हैं।



## सर्वे में बड़ा दावा- आगामी आम चुनाव में अपनी सीट भी नहीं बचा पाएंगे ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक!



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में साल के अंतिम छह महीनों में आम चुनाव हो सकते हैं। इसके संकेत खुद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने दे दिए हैं। हाल के महीनों में ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने मई में चुनाव की संभावना से इनकार कर दिया था और संकेत दिया था कि इस साल के आखिरी में चुनाव कराए जा सकते हैं। इस बीच, एक सर्वे में चौंकाने वाला दावा किया गया है। इसमें कहा गया है कि आगामी आम चुनाव में ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक की सीट भी खतरे में है। एक प्रचार अभियान संगठन बेस्ट फॉर ब्रिटेन ने सर्वे के बाद यह भी कहा है कि पता चला है कि देश में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी को इस साल के अंत में होने वाले आम चुनाव में बड़ी हार का सामना करना पड़ सकता है। इतना ही नहीं ब्रिटिश प्रधान मंत्री ऋषि सुनक अपनी उत्तरी यॉर्कशायर सीट भी शायद ही बचा पाएं। बेस्ट फॉर ब्रिटेन ने इस सर्वे से पहले 15,029 लोगों की राय ली थी। जिसके आधार पर तैयार रिपोर्ट में विपक्षी लेबर पार्टी को 45 प्रतिशत वोट शेयर के साथ कंजर्वेटिव की तुलना में 19 अंकों की बढ़त के साथ शीर्ष पर रखा गया है। इसमें यह भी कहा गया है कि आगामी चुनावों में कंजर्वेटिव पार्टी की संभावनाए अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई हैं। जिसे देखते हुए कहा जा रहा है कि वे इस बार 100 से भी कम सीटें जीत रहे हैं, वहीं, विपक्षी लेबर पार्टी को इसका खासा फायदा मिलेगा। लेबर पार्टी इस बार 468 सीटें जीत सकती है।

## गाजा अस्पताल पर इस्राइली हमले पर डब्लूएचओ चीफ ने कहा- मेरे पास दुख जाहिर करने के लिए शब्द नहीं

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** इस्राइली सेना द्वारा गाजा के अस्पताल पर हवाई हमला करने की खबर है। इस हमले में चार लोगों की मौत हुई है। इस्राइली हमले के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन के डायरेक्टर जनरल टेड्रोस गैब्रेसस ने बीती 18 मार्च को गाजा के अल-शिफा अस्पताल पर हुए हमले के बाद की स्थिति को लेकर दुख जताया। उन्होंने लिखा कि अस्पताल पर जब से हमला हुआ है, तब से वहां हालात बेहद खराब हैं। डब्लूएचओ चीफ ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि उनके पास अपना दुख व्यक्त करने के लिए शब्द ही नहीं हैं। डब्लूएचओ चीफ ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि अस्पताल परिसर में 107 मरीज ठहरे हुए हैं, जिनके पास जरूरी चीजों की भारी कमी है। स्वास्थ्य सहायता, मेडिकल देखभाल, सप्लाई की भारी कमी है। अस्पताल के मरीजों में से चार बच्चों और 28 अन्य की हालत गंभीर है और लोग बुनियादी चीजों जैसे डायपर, यूरिन बैग और यहां तक कि पानी की भी कमी झेल रहे हैं। डब्लूएचओ चीफ ने दावा किया कि अस्पताल में बीते हुए कल हर 15 मरीजों पर सिर्फ एक बोतल पानी उपलब्ध था। खाना भी काफी सीमित है और यह डायबिटीज जैसे मरीजों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। टेड्रोस ने इस्राइल से तुरंत सीजफायर करने की अपील की। उन्होंने लिखा कि हम फिर दोहराते हैं कि सीजफायर के लिए हर पल कीमती है। एक अन्य पोस्ट में डब्लूएचओ चीफ ने कहा कि उनके पास इस पूरे दुख को व्यक्त करने के लिए शब्द ही नहीं हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब हाल ही में इस्राइली सेना ने गाजा में अल अक्सा अस्पताल पर हवाई हमला किया है। इस्राइली सेना ने दावा किया है कि उसके हवाई हमले में इस्लामिक जिहाद के ठिकाने के निशाना बनाया और इस हमले में इस्लामिक जिहाद आतंकी संगठन के चार आतंकी मारे गए हैं। हालांकि अस्पताल प्रशासन ने इन आरोपों से इनकार किया है कि अस्पताल परिसर का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के लिए किया जा रहा था।

# निकाय चुनाव में एर्दोगन को लग सकता है झटका, मुख्य विपक्षी पार्टी ने बड़े शहरों में बनाई बढ़त

**इस्तांबुल, एजेंसी।** तुर्किये में नगर निकाय चुनाव में राष्ट्रपति रेचप तैयप एर्दोगन को झटका लगा है। तुर्किये की मुख्य विपक्षी पार्टी जीत के करीब है। विपक्षी दल रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी (सीएचपी) ने प्रमुख शहरी क्षेत्रों पर बढ़त बनाई है। करीब 60 प्रतिशत मतपेटियों की गिनती के बाद, सीएचपी के निवर्तमान मेयर एक्रेम इमामोग्लू ने इस्तांबुल में पार्टी का नेतृत्व किया। वहीं, अंकारा के निवर्तमान मेयर मंसूर यावस ने भी काफी अंतर से जीत हासिल की। सीएचपी देश के 81 प्रांतो में से 36 में आगे चल रही है।

सीएचपी नेता ओजगुर ओजेल ने अपने समर्थकों से कहा कि जनता ने देश में एक नई राजनीतिक व्यवस्था स्थापित करने का फैसला किया है। जनता ने 22 साल पुरानी तस्वीर को बदलने और एक नए राजनीतिक माहौल का द्वार खोलने का फैसला किया है।

### 2019 में हुआ था स्थानीय चुनाव

एर्दोगन 2014 से तुर्की के राष्ट्रपति हैं। मई 2023 में हुए आम चुनाव में वह दोबारा जीतकर राष्ट्रपति बने। जीत के बाद दिए गए अपने भाषण में ही उन्होंने स्थानीय चुनावों का बिगुल बजा दिया था। हालांकि, साल 2019 में देश भर में हुआ पिछला स्थानीय चुनाव उनके लिए निराशाजनक रहा था। उनकी जस्टिस ऐंड डेवलपमेंट पार्टी (एकेपी) देश के तीन सबसे बड़े शहरों- इस्तांबुल, अंकारा और इजमीर में हार गई थी। प्रमुख प्रतिद्वंद्वी एक्रेम इमामोग्लू से इस्तांबुल हारना एर्दोगन के लिए बड़ा झटका था। इसके बाद साल 2023 में हुए चुनाव में बहुमत हासिल करके राष्ट्रपति बनकर एक बार फिर अपने विपक्षियों पर पलटवार किया।



**एर्दोगन के राजनीतिक करियर पर नजर:** एर्दोगन ने राजनीतिक करियर की शुरुआत इस्तांबुल से ही की है। साल 1994 में तुर्की के पूर्व प्रधानमंत्री नेजमेट्टिन एरबाकां की वेलफेयर पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर एर्दोगन इस्तांबुल के मेयर चुने गए और 1998 तक इस पद पर रहे। इसके बाद 2003 में प्रधानमंत्री बनकर इस पद पर तीन कार्यकाल बिताने के बाद 2014 में वह देश के राष्ट्रपति बने। वह कई मौकों पर कह चुके हैं कि जो भी इस्तांबुल जीतता है, वो तुर्किये को जीतता है।

## दो अप्रैल को मतदान के लिए चुनाव आयोग ने कसी कमर: अलग-अलग मतपत्रों को लेकर खास तैयारी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने 2 अप्रैल को होने वाले आगामी राष्ट्रव्यापी सीनेट चुनावों के लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। नेशनल असेंबली के साथ-साथ सभी चार प्रांतीय विधानसभाओं में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। सीनेट चुनावों के लिए चार अलग-अलग रंगों में विशिष्ट मतपत्र मुद्रित किए गए हैं, जो सीटों की विभिन्न श्रेणियों को दर्शाते हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, श्वेत पत्र सामान्य सीटों के लिए, हरा टेक्नोक्रेट सीटों के लिए, गुलाबी महिलाओं के लिए और पीला अल्पसंख्यक सीटों के लिए इंगित करेगा।रिटर्निंग अधिकारियों तक चुनाव सामग्री का परिवहन सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है, जिससे चुनावी प्रक्रिया का सुचारू संचालन सुनिश्चित हो गया है। इन अधिकारियों ने सीनेट की 48 रिक्त सीटों के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची पहले ही जारी कर दी है।

इन चुनावों में 29 सामान्य सीटें, महिलाओं के लिए आठ सीटें, टेक्नोक्रेट/उलेमा के लिए नौ सीटें और गैर-मुसलमानों के लिए दो सीटें आरक्षित हैं। इन रिक्त सीटों के लिए कुल 147 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129